आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 34°C | 26°C |

इनसाइड न्यूज

राजधानी में प्यासे लोग, सोता प्रशासन-बीस दिन से सूखे नल

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



रविवार 21 सितंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 335 www.janexpresslive.com/epaper

एच-1बी वीजा के लिए 88 लाख वसूलेगा... 12

# दूसरे देशों पर निर्भरता हमारी सबसे बड़ी दुश्मन: मोदी

- यह आत्मसम्मान को चोट पहुंचाता है, 100 दुखों की एक दवा आत्मनिर्भर भारत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भावनगर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को एक दिन के गुजरात दौरे पर पहुंचे। उन्होंने भावनगर में करीब 35 मिनट तक जनता को संबोधित किया। पीएम ने विकसित भारत, कानूनों में बदलाव और आत्मनिर्भर भारत का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि भारत आज विश्व बंधु की भावना से आगे बढ़ रहा है। दुनिया में हमारा कोई दुश्मन नहीं है। सच में अगर हमारा कोई दुश्मन है तो वो है दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता। हमें मिलकर भारत के इस दुश्मन को हराना है। दूसरों पर निर्भर रहेंगे तो हमारे आत्मसम्मान को चोट पहुंचेगी। हम भावी पीढ़ी के भविष्य को दांव पर नहीं लगा सकते, इसलिए कहते हैं 100 दुखों की एक दवा, वो है आत्मनिर्भर भारत। पीएम सुबह 10 बजे भावनगर पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने एयरपोर्ट से जवाहर ग्राउंड तक रोड शो किया। %समुद्र से समृद्धि% कार्यक्रम में सौराष्ट्र और गुजरात में 34,200 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का वर्चुअली उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये योजनाएं पोर्ट्स, शिपिंग एंड वाटरवेज मंत्रालय, गुजरात मैरीटाइम बोर्ड और अन्य राज्यों के समुद्री बोर्ड से जुड़ी हुई हैं।




### पीएम मोदी ने विदेशी निर्भरता को बताया भारत का असली दुश्मन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत विश्वबंधु की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है और दुनिया में हमारा कोई बड़ा दुश्मन नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर भारत का कोई असली दुश्मन है, तो वह है दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता। यही हमारी सबसे बड़ी कमजोरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम सभी मिलकर इस दुश्मन को हराएं और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करें।



### दूसरे देशों पर निर्भरता सबसे बड़ा दुश्मन

भारत आज विश्व बंधु की भावना से आगे बढ़ रहा है। दुनिया में हमारा कोई दुश्मन नहीं है। सच में अगर हमारा कोई दुश्मन है तो वो है दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता। यह हमारा दुश्मन है। हमें मिलकर भारत के इस दुश्मन को हराना है। हमें यह बात हमेशा दोहराना है जितनी ज्यादा विदेशी निर्भरता, उतनी ज्यादा देश की विफलता। दुनिया में शांति स्थिरता और समृद्धि के लिए दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश को आत्मनिर्भर रहना पड़ेगा। दूसरों पर निर्भर रहेंगे तो हमारे आत्मसम्मान को चोट पहुंचेगी। हम भावी पीढ़ी के भविष्य को दांव पर नहीं लगा सकते इसलिए कहते हैं 100 दुखों की एक दवा, वो है आत्मनिर्भर भारत।

### कांग्रेस ने कौशल को नजरअंदाज किया

भारत में कौशल की कमी नहीं है, लेकिन आजादी के बाद कांग्रेस ने इसे नजरअंदाज किया। छह-सात दशकों तक भारत वो सफलता हासिल नहीं कर सका जिसके हम हकदार थे। इसके दो बड़े कारण थे, लंबे समय तक कांग्रेस सरकार ने देश को लाइसेंस कोटा राज में लटकाए रखा। जब ग्लोबलाइजेशन का दौर आया तो इम्पोर्ट का रास्ता पकड़ लिया, उसमें भी करोड़ों के घोटाले कर दिए। देश के नौजवानों का बहुत नुकसान किया। इन नीतियों ने भारत की असली ताकत को सामने आने से रोक दिया। साथियों देश का कितना नुकसान हुआ, इसका उदाहरण हमारा शिपिंग सेक्टर है। भारत सदियों से एक समुद्री ताकत था। हम शिप बिल्डिंग के सेंटर हुआ करते थे।

### 100 साल पर विकसित भारत का सपना

भारत को अगर 2047 तक विकसित होना है तो आत्मनिर्भर होना पड़ेगा। आत्मनिर्भर होने के अलावा हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। 140 करोड़ देशवासियों को एक संकल्प लेना चाहिए कि चिप हो या शिप, हमें भारत में ही बनानी है। अब बिजनेस और कारोबार को और सरल करना है। मानसून सेशन के दौरान संसद में हमने कई पुराने कानूनों को बदला है जो अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे हैं। मैरीटाइम सेक्टर में रिफॉर्म किया है। इन कानूनों के आने से शिपिंग सेक्टर में बड़ा बदलाव आने वाला है।

### पीएम ने मुंबई इंटरनेशनल क्रूज टर्मिनल का वर्चुअली इनॉगरेशन किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भावनगर से वर्चुअली बैलार्ड पियर पर अत्याधुनिक मुंबई इंटरनेशनल क्रूज टर्मिनल का इनॉगरेशन किया। यह देश का सबसे बड़ा क्रूज टर्मिनल है, जिसे 'क्रूज भारत मिशन' के तहत विकसित किया गया है। करीब 4.15 लाख वर्ग फुट में फैला यह टर्मिनल हर साल 10 लाख यात्रियों को संभालने की क्षमता रखता है। इस टर्मिनल पर एक साथ 5 क्रूज शिप खड़े हो सकेंगे। यात्रियों की सुविधा के लिए इसमें 72 चेक-इन और इमिग्रेशन काउंटर बनाए गए हैं। केंद्रीय पोत, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि मुंबई का समुद्री इतिहास बेहद समृद्ध है और यह टर्मिनल भारत को वैश्विक क्रूज पर्यटन हब बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### नेशनल मरीन हेरिटेज कॉम्प्लेक्स का भी लेंगे जायजा

पीएम मोदी अहमदाबाद जिले के लोथल में नेशनल मरीन हेरिटेज कॉम्प्लेक्स का दौरा करेंगे। यहां वे पूरी हो चुकी अन्य परियोजनाओं का निरीक्षण करेंगे। एनएमएचसी प्रोजेक्ट 4,500 करोड़ की लागत से विकसित किया जा रहा है। एक समय अहमदाबाद जिले का लोथल सिंधु घाटी सभ्यता का एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र था। करीब 5000 साल पहले लोथल न केवल एक बंदरगाह था, बल्कि यहां जहाजों की मरम्मत भी होती थी। इसी ऐतिहासिक सिंधु घाटी सभ्यता के इतिहास के साक्षी रहे लोथल में नेशनल मेरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है। लोथल में हेरिटेज संग्रहालय इस प्रकार बनाया जा रहा है कि भारत का आम आदमी भी अपने इतिहास को आसानी से समझ सके। यह हेरिटेज कॉम्प्लेक्स लोगों के लिए एक पर्यटन स्थल होने के साथ-साथ अध्ययन का केंद्र भी बनेगा। इस टूरिस्ट स्पॉट के तैयार होने से यहां के स्थानीय हजारों लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

### पीएम मोदी ने लोगों से किया स्वदेशी अपनाने की अपील

पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए हमे सभी क्षेत्रों में एकसाथ काम करना होगा और अब हम जब जानते है कि विकसित भारत का रास्ता आत्मनिर्भर भारत सो होकर गुजरता है। इसलिए हमें याद रखना है कि हम जो भी खरीदे स्वदेशी खरीदे, हम जो भी बेचे वो स्वदेशी हो। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मैं सभी दुकानदारों से आग्रह करता हूं कि आप अपनी दुकानों पर एक पोस्टक लगाए, जिसमें लिखा हो कि गर्व से कहो ये स्वदेशी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब देश को अपने जहाज निर्माण (शिपबिल्डिंग) को मजबूत करना चाहिए था, तब कांग्रेस सरकारों ने विदेशी जहाज किराए पर लेना ज्यादा बेहतर समझा। पीएम मोदी ने कहा कि इसके कारण भारत का अपना शिपबिल्डिंग इकोसिस्टम लगभग खत्म हो गया और विदेशी जहाजों पर निर्भरता मजबूरी बन गई। उन्होंने कहा कि करीब 50 साल पहले भारत का लगभग 40 प्रतिशत व्यापार अपने ही जहाजों के जरिए होता था, लेकिन अब यह घटकर सिर्फ 5 प्रतिशत रह गया है।

# पहले बेटियां सुरक्षित नहीं थीं, आज खुद बना रही हैं अपना रास्ता: सीएम

## सीएम योगी ने नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति-5.0 का किया शुभारंभ

- बोले सीएम योगी, सरकार की नीयत साफ, नारी सम्मान हमारी सरकार की प्राथमिकता
- पुलिस ट्रेनिंग की क्षमता 3000 से बढ़ाकर 60 हजार किया गया, आज यूपी पुलिस में 44 हजार से अधिक महिलाएं कार्यरत: सीएम
- हमने नारी की गरिमा की सुरक्षा की, हर भर्ती में 20 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी: योगी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन सभागार में नारी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए समर्पित महत्वाकांक्षी अभियान 'मिशन शक्ति-5.0' का भव्य शुभारंभ किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि पहले बेटियां सुरक्षित नहीं थीं, लेकिन आज वे खुद अपने रास्ते बना रही हैं। उन्होंने कहा कि नारी सम्मान उनकी प्राथमिकता है, यही वजह है कि 2017 के बाद से प्रदेश में महिलाओं की स्थिति में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीयत साफ होती है तो योजनाएं खुद अपना रास्ता बना लेती हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी 1,647 थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केंद्रों का बटन दबाकर उद्घाटन किया। साथ ही, मिशन शक्ति केंद्रों की स्ह्क्क पुस्तिकाओं, बुकलेट और 'सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश' फोल्डर का विमोचन भी किया। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जनपदों के अधिकारीगण और मंत्रीगण इस ऐतिहासिक पल से जुड़े रहे।



### यूपी पुलिस में महिलाओं की भागीदारी में आया क्रांतिकारी बदलाव: योगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद से 2017 तक पुलिस में महिला कार्मिकों की संख्या महज 10,000 थी, लेकिन 2017 से अब तक यह संख्या 44,000 से अधिक हो गई है। हर भर्ती में 20 प्रतिशत महिलाओं को अनिवार्य रूप से शामिल किया जा रहा है और उनकी समय पर ट्रेनिंग सुनिश्चित की जा रही है। हाल ही में संपन्न 60,200 पुलिस कार्मिकों की भर्ती में 12 हजार से अधिक महिलाएं शामिल हुई हैं, जो वर्तमान में ट्रेनिंग ले रही हैं। सीएम योगी ने कहा कि यह 'मिशन रोजगार' और बिना भेदभाव के नौजवानों को जोड़ने का परिणाम है कि 2017 से पहले जो ट्रेनिंग क्षमता महज 3,000 थी, इसे बढ़ाकर अब 60,000 से अधिक कर दिया गया है।

### 'हर कल्याणकारी योजनाओं में अपनाया जा रहा है नारी केंद्रित दृष्टिकोण'

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना, फिट इंडिया मूवमेंट, स्वच्छ भारत मिशन (12 करोड़ शौचालय), उज्ज्वला योजना (10 करोड़ कनेक्शन) से महिलाओं के चूल्हे के धुएं से मुक्ति मिली है, महिला स्वस्थ होगी तो परिवार सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत (50 करोड़ लाभार्थी) और 80 करोड़ को मुफ्त राशन जैसी योजनाओं को नारी गरिमा से जोड़ा। उन्होंने कहा कि परिवार में बीमारी के समय नारी अपना आभूषण तक गिरवी रखती है, इसलिए ये योजनाएं उसके सम्मान से जुड़ी हैं। उत्तर प्रदेश ने 3 करोड़ ग्रामीण भू-अभिलेख में 1 करोड़ से अधिक महिलाओं के नाम किए और 60 लाख गरीबों को आवास उपलब्ध कराए गए। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में हर कल्याणकारी योजनाओं में है नारी केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है।

### मिशन शक्ति का पांचवां चरण एक नई शुरुआत

सीएम योगी ने कार्यक्रम को संबोधन करते हुए कहा कि मिशन शक्ति के पांचवें चरण का शुभारंभ करते हुए उन्हें गर्व और प्रसन्नता हो रही है। पांच साल पहले, 2020 में इस अभियान की शुरुआत के समय लोग संशय में थे कि क्या होगा, कैसे होगा, इसकी थीम क्या होगी? लेकिन मिशन शक्ति को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जोड़कर इसे नारी गरिमा के अनुरूप ढाला गया। आज इसके सकारात्मक परिणाम सबके सामने हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान ने नारी को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का मार्ग दिखाया है, जिसे तेजी से आगे बढ़ाया गया। सीएम योगी ने कहा कि शिक्षा और अन्य विभागों में भी महिला भर्ती को बढ़ावा दिया गया। 2017 से पहले ट्रेनिंग की कमी एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन अब उत्तर प्रदेश में ही 60,200 से अधिक पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग संभव हो रही है। इसके अलावा, बेसिक शिक्षा परिषद के 1.60 करोड़ से अधिक बच्चे पढ़ रहे हैं, जहां 2017 से पहले 70-75त्न बेटियां नंगे पांव और पुराने कपड़ों में स्कूल जाती थीं। एक मार्मिक घटना का जिक्र करते हुए सीएम ने बताया कि बुंदेलखंड दौरे के दौरान उन्होंने एक बच्ची से बात की, जिसने कहा, मेरे भाई के लिए जूते आए, लेकिन मुझे नहीं, क्योंकि मैं बेटी हूं।

### प्रदेश में अपराधी अब माफी मांगते हैं: सीएम योगी

सीएम योगी ने महिला सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि 1 जनवरी 2024 से अगर सिर्फ 2024-25 तक के मामले देखें तो 9,513 मामलों में 12,271 अपराधियों को दंडित किया गया, 12 को मृत्युदंड, 987 को आजीवन कारावास, 3,455 को 10 साल से अधिक, और 60ङ्ख,817 को 10 साल से कम सजा दिलाई गई। सीएम योगी ने बरेली की एक घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि बाहरी अपराधियों ने महिला सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की कार्रवाई से वह चिल्लाया, फ्गलती से उत्तर प्रदेश आ गया, आगे नहीं करूंगा।फ्र यह अपराधियों के लिए चेतावनी है।

### सीएम योगी ने मिशन शक्ति 5.0 के लिए दी जागरूकता और प्रशिक्षण की जानकारी

सीएम योगी ने मिशन शक्ति के तहत 'सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश' फोल्डर और महिला सुरक्षा से जुड़ी हेल्पलाइन (1090, 181, 112, 1930, 1076, 102, 101, 108, 1098) की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हर थाने में मिशन शक्ति केंद्र और महिला बीट अधिकारी तैनात होंगे। 21 सितंबर को बाइक रैली होगी और नवरात्रि के दौरान मंदिरों में सुरक्षा बढ़ाई जाएगी। स्कूल-कॉलेजों में फोल्डर वितरित किए जाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि मिशन एक माह चलेगा, फिर तीन माह तक विस्तारित होगा। सफल कार्मिकों और महिलाओं को सम्मानित करने का कार्यक्रम होगा। उन्होंने सभी विभागों से समन्वय और जवाबदेही सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही उन्होंने नवरात्रि और त्योहारों के दौरान सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

# मां की छाती से लिपटे थे जुड़वा बच्चे

## मलबे से निकाले तीनों शव, दिल दहलाने वाला मंजर देख रो पड़ा गांव



**जन एक्सप्रेस। चमोली**

नंदानगर की आपदा ने कई घर उजाड़ दिए, लेकिन सबसे दर्दनाक तस्वीर जो सामने आई उसने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। एक मां और दो जुड़वा बच्चों के शव। मलबे में लापता लोगों की तलाश की जा रही थी। तभी तीन शव मिले। दोनों जुड़वा बच्चे अपनी मां की छाती से चिपके थे। ये कुंवर सिंह का परिवार था। 16 घंटे तक मलबे में दबे रहने के बाद उन्हें जिंदा निकाला गया, लेकिन सब कुछ खोकर कुंवर सिंह टूट गए। उत्तराखंड के चमोली जिले के नंदानगर के कुंतरी लगा फाली गांव में बादल फटने से भारी तबाही मचाई। लापता लोगों की तलाश में रेस्क्यू अभियान जारी है। मलबे से मां और दो बच्चों के शव निकाले गए तो गांव का हर शख्स इस दिल दहलाने वाले मंजर को देखकर रो पड़ा। नंदानगर की आपदा में मलबे में दबे कुंवर सिंह 16 घंटे बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए हैं। लेकिन उनके परिवार को बचाया नहीं जा सका। पत्नी और दो जुड़वा बच्चे आपदा में मारे गए। फाली लगा कुंतरी के बलवंत सिंह का एक बेटा परिवार के साथ दूसरे शहर में रहता है और दूसरा पुत्र कुंवर सिंह, पत्नी और जुड़वा बेटों के साथ गांव में रहते थे। उन्होंने मजदूरी करके अपना घर बनाया। दोनों बच्चे विकास और विशाल (10 साल) सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ते थे। बृहस्पतिवार तड़के पूरा परिवार घर में सो रहा था। तभी आपदा आई और पूरा घर मलबे में दब गया। सुबह जब राहत और बचाव कार्य शुरू शुरू हुआ तो मकानों से मलबा हटाने पर बचावकर्मियों को एक घर से किसी की आवाज सुनाई दी। जब उन्होंने रोशनदान से कमरे में देखा तो कुंवर सिंह के अंदर होने का पता चला। जिस पर रेस्क्यू टीम ने तेजी से उन्हें बाहर निकालने का काम शुरू किया। शाम करीब छह बजे कुंवर सिंह को बाहर निकाल लिया गया। कमरे में कुंवर सिंह का आधा शरीर मलबे में दबा हुआ था। चेहरे पर भी मिट्टी जमा थी, लेकिन रोशनदान से उन्हें सांस लेने में मदद मिलती रही। कुंवर सिंह को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। उनकी पत्नी कांती देवी सहित दोनों बेटे मलबे में दबे हुए हैं। लेकिन अब जब उनकी पत्नी और दोनों जुड़वा बच्चों के शव मिले तो पूरा गांव बिलख पड़ा।

### उत्तर प्रदेश के चिकित्सालय में तैनात कार्मिक होंगे प्रशिक्षित

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के निवासियों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय सुविधाएं सुलभ कराने के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में लागू की जाने वाली इस योजना के तहत अब राज्य के 75 जनपदों में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) के चिकित्सा अधीक्षक/ लैब टेक्नीशियनों/ कम्प्यूटर आपरेटरों को प्रशिक्षण प्रदान किए जाने का शुभारंभ किया गया है।

# योग्यता के आधार पर ही नियुक्ति

## पीएम के प्रधान सचिव ने दिया टीमवर्क और नैतिक मूल्यों पर जोर



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी के मिश्रा ने शनिवार को एक कार्यक्रम में नौकरशाही की पारदर्शिता को लेकर कई बाते कही।उन्होंने बताया कि सरकार ने शासन में आते ही चुपचाप कई सुधार शुरू किए थे। साथ ही उन्होंने कहा कि अब केंद्र सरकार और राज्य संचालित कंपनियों में नियुक्तियों में विशेषज्ञता, योग्यता और प्रतिष्ठा को प्राथमिकता दी जा रही है। केंद्र सरकार की नियुक्तियों में अब वरिष्ठ नौकरशाहों और सार्वजनिक उपक्रमों में शीर्ष पदों पर तैनाती सिर्फ अनुभव के आधार पर नहीं, बल्कि डोमेन की विशेषज्ञता, योग्यता और साख को ध्यान में रखकर की जा रही है। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने मुंबई स्थित आईआईएम के दीक्षांत समारोह में यह बात कही।

### कब शुरू हुए थे रणनीतिक बदलाव

मिश्रा ने कहा कि 2014 से कर्मियों के प्रबंधन में जो रणनीतिक बदलाव शुरू हुए थे। वे अब एक नए युग की सिविल सेवा के निर्माण की दिशा में ले जा रहे हैं। इस बदलाव से वरिष्ठ पदों जैसे संयुक्त सचिव, अतिरिक्त सचिव और सचिव स्तर की नियुक्तियां अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष हुई हैं।

### मल्टी-सोर्स फीडबैक सिस्टम का इस्तेमाल

उन्होंने बताया कि 2016 में वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती के लिए मल्टी-सोर्स फीडबैक प्रणाली लागू की गई। इसमें वरिष्ठों, कनिष्ठों, सहकर्मियों और बाहरी हितधारकों से फीडबैक लेकर निर्णय लिए जाते हैं। इससे अधिकारियों की निर्णय लेने की क्षमता, जवाबदेही, कामकाज और ईमानदारी जैसे गुणों का आकलन किया जाता है।

### मिशन कर्मयोगी से प्रशिक्षण में क्रांति

मिश्रा ने कहा कि मिशन कर्मयोगी ने सिविल सेवाओं के प्रशिक्षण की तस्वीर बदल दी है।आई.जीओटी प्लेटफॉर्म पर 3,300 से अधिक कोर्स मौजूद हैं और 1.3 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी इससे जुड़ चुके हैं। इनमें 50 लाख से अधिक अधिकारियों ने भूमिका-विशेष प्रशिक्षण पूरा कर लिया है।

# अमूल ने 700 उत्पादों के दाम घटाए, एक लीटर घी 40 तक सस्ता, कल से लागू होंगी नई कीमतें

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

जीएसटी दरों में होने जा रहे बदलाव का असर नजर आने लगा है। इस बीच अमूल की मार्केटिंग कंपनी गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) ने 700 उत्पादों के दाम घटा दिए हैं। नए मूल्यों के तहत एक लीटर घी की कीमतों में 40 रुपये तक की कटौती की गई है। कंपनी ने कहा है कि नई कीमतें 22 सितंबर से लागू होंगीं। मक्खन, घी, यूएचटी दूध, आइसक्रीम, पनीर, चॉकलेट, बेकरी रेंज, फ्रोजन डेयरी और आलू स्नैक्स, कंडेंस्ड मिल्क, पीनट स्प्रेड, माल्ट-बेस्ड ड्रिंक जैसे उत्पादों के मूल्य में संशोधन हुआ है। इससे पहले मदर डेयरी ने भी 22 सितंबर से अपने उत्पादों की कीमतों में कटौती की घोषणा की थी।

### इन चीजों की कीमतों में इतनी कटौती

अमूल ने 22 सितंबर से हो रही जीएसटी दर में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं को देने का निर्णय लिया है। गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन




महासंघ (जीसीएमएमएफ) ने कहा कि मक्खन (100 ग्राम) का एमआरपी 62 रुपये से घटाकर 58 रुपये कर दिया गया है। घी की कीमत 40 रुपये घटाकर 610 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। अमूल प्रसंस्कृत पनीर ब्लॉक (1 किग्रा) का मूल्य 30 रुपये घटाकर 545 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया गया है। जबकि फ्रोजन पनीर (200 ग्राम) का नया एमआरपी 22 सितंबर से 95 रुपये होगा, जो अभी 99 रुपये है।

### कीमतों के बारे में वितरकों को दी जानकारी

अमूल ने पहले ही अपने वितरक, अमूल पार्लर और खुदरा विक्रेताओं को कीमतों में हुई कटौती के बारे में जानकारी दे दी है। कंपनी ने कहा कि हमारा मानना है कि कीमतों में कमी से डेयरी उत्पादों, विशेषकर आइसक्रीम, पनीर और मक्खन की व्यापक रेंज की खपत बढ़ेगी। भारत में प्रति व्यक्ति खपत अभी भी बहुत कम है, जिससे विकास के बड़े अवसर पैदा होंगे। कीमतों में कमी से उसके डेयरी उत्पादों की मांग बढ़ेगी। जिससे उसके कारोबार में वृद्धि होगी।

### 11 फीसदी बढ़ा जीसीएमएमएफ का राजस्व

अमूल ब्रांड के तहत डेयरी उत्पाद बेचने वाली सहकारी संस्था जीसीएमएमएफ ने पिछले वित्त वर्ष में राजस्व में 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। यह 65,911 करोड़ रुपये रही। यह मुख्य रूप से सभी श्रेणियों में मात्रा में वृद्धि के कारण हुआ। इसके बाद अमूल ब्रांड का कुल अन-डुप्लिकेट राजस्व पिछले वित्त वर्ष में बढ़कर लगभग 90,000 करोड़ रुपये हो गया, जो 2023-24 में लगभग 80,000 करोड़ रुपये था। जीसीएमएमएफ के स्वामित्व में 36 लाख किसान हैं।

# विकास की राह पर अग्रसर कुरारा नगर पंचायत

■ चेयरमैन आशारानी कबीर ने नगर विकास मंत्री से की मुलाकात

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



सूबे के नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा से नगर पंचायत कुरारा की तेज तर्रार कार्यकुशल चेयरमैन आशा रानी कबीर ने एक खास मुलाकात के दौरान नगर पंचायत कुरारा के समग्र विकास और जनकल्याण से जुड़े प्रेरणादायक और जरुरी मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक का मकसद कुरारा नगर पंचायत को विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ाकर कस्बे की परेशानियों का हल निकालना था। नगर पंचायत में रौशनी के बेहतर इंतजाम के लिए एलईडी लाइट्स और रखरखाव पर खास गौर किया गया। सड़कों, गलियों के साथ ही सार्वजनिक जगहों पर पर्याप्त रोशनी तय करने के लिए सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइट्स लगाने की योजना पर भी विचार-विमर्श हुआ, जिससे ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिले।

**किसानों की खाद की समस्या:** किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, खाद की उपलब्धता और वितरण प्रणाली को और ज्यादा सरल बनाने पर जोर दिया गया। इस दिशा में स्थानीय स्तर पर खाद भंडारण केंद्र स्थापित करने और वक्त पर उर्वरक सप्लाई तय करने की योजनाओं पर बात हुई। इसके अलावा, जैविक खेती को बढ़ावा देने के मद्देनजर कम्पोस्ट और जैव उर्वरकों के इस्तेमाल को प्रोत्साहित करने पर भी विचार किया गया। **नगर विकास योजनाएं:** नगर पंचायत कुरारा के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इसमें स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान, ठोस और तरल कचरा प्रबंधन, और जल निकासी प्रणाली को सुदृढ़ करने की योजनाएँ शामिल थीं। इसके अलावा, स्मार्ट सिटी मिशन के तहत बुनियादी ढांचे के विकास, जैसे सड़कों का चौड़ीकरण, पार्कों और सामुदायिक केंद्रों का निर्माण, और डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देने पर भी विचार-विमर्श हुआ।

पेयजल और स्वच्छता- नगरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जलापूर्ति योजनाओं को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। ताकि कुरारा को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सके।

साथ ही कहा कि राज्य सरकार स्थानीय निकायों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और कुरारा के लिए प्रस्तावित योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। आशा रानी कबीर ने इस मुलाकात को अत्यंत सकारात्मक और प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इन योजनाओं के लागू होने से कुरारा नगर पंचायत में विकास की नई गति आएगी और यहाँ के लोगों का जीवन स्तर ठीक होगा।

# सेवा का जीवंत उदाहरण है पीएम मोदी का जीवन: कमलावती

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भारतीय जनता पार्टी द्वारा बीते 17 सितम्बर से शुरु किए गए सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत शनिवार को जिला पंचायत सभागार में प्रबुद्ध वर्ग संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आम जनमानस की सेवा करने के लिए प्रेरित किया गया। संगोष्ठी में भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह ने कहा कि पीएम मोदी का जीवन सेवा का जीवंत उदाहरण है। उनके नेतृत्व में भारत वैश्विक शक्ति बना है। कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत सबको स्वच्छता से लेकर स्वदेशी का आग्रह करना है। भाजपा सरकार की नीतियों और निर्णयों से गरीबों, युवाओं, किसानों व मजदूरों का जीवन बदला है। पिछले 11 वर्ष में जो देश में जो बदलाव हैं, वह ऐतिहासिक हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि सभी को पीएम मोदी से प्रेरणा लेकर आज जनमानस की सेवा करनी चाहिए।

जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव जी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता संगठित होकर विपक्ष के खिलाफ पुरजोर आवाज उठाएं। संगोष्ठी का संचालन करते हुए जिला महामंत्री तथा अभियान के संयोजक आलोक पाण्डेय ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को अपने पास-पडोस के लोगों के जीवन में भाजपा सरकार के कारण आए सकारात्मक बदलाव को संकलित करना है। कहा कि लोगों के जीवन में आये बदलाव का तथ्य रखकर हम झूंठ प्रपंच के आधार पर नैरेटिव गढ़ने वाले विपक्षी दलों को निरुत्तर कर सकते हैं।

इस मौके पर पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, भाजपा नेता विपुल सिंह, अंजू वर्मा, निर्मलेन्द्र, विनय, विकास, अनूप, श्रद्धांशु, अखिलेश रैकवार, दिव्या, राखी, राजेश्वरी, दीपक, प्रेमलाल, रवि, विनीता, योगेन्द्र, लवकुश श्रीवास, प्रमोद, राजेन्द्र, रामबाबू, योगेन्द्र, राम शिरोमणि, पुष्पराज, धीरेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# जनपद के समस्त थानों में हुआ मिशन शक्ति केन्द्रों का शुभारंभ व उद्घाटन

■ पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल का शख्त निर्देष-क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी चलाएं जागरूकता अभियान

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




शनिवार को मुख्यमंत्री उ0प्र0योगी आदित्यनाथ के द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान का वर्चुअली शुभारम्भ किया गया साथ ही इस अवसर पर प्रदेश के सभी 1647 थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों का उद्घाटन भी किया,इसी क्रम में जनपद के सभी 18 थानों में मिशन शक्ति केन्द्र का शुभारम्भ हुआ।

जनपद में पुलिस लाइन सहित जनपद के सभी थानों में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया जिसमें जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी/कर्मचारी गण,महिला बीट पुलिस अधिकारी तथा स्थानीय महिलाओं एवं छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। मिशन शक्ति 5.0 अभियान का पहला चरण आगामी शारदीय नवरात्र से शुरू होगा। दिनांक 21सितम्बर को पुलिस लाइन से महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा स्कूटी रैली निकाली जाएगी जिसके माध्यम से महिलाओं/बालिकाओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा सभी क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि सभी थाना क्षेत्रों में व्यापक रुप से जागरुकता अभियान चलाया जाए। अभियान के अन्तर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, ग्राम सचिवालयों, बाजारों आदि स्थानों पर चौपाल का आयोजन कर महिलाओं/बालिकाओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु शासन द्वारा चलाई जा विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# एसपी ने किया राजापुर फायर स्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । राजापुर, चित्रकूट**

एसपी अरुण कुमार सिंह ने शनिवार को क्षेत्राधिकारी कार्यालय राजापुर, थाना राजापुर एवं फायर स्टेशन राजापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने राजापुर में फायर स्टेशन परिसर, क्षेत्राधिकारी कार्यालय, थाना परिसर, थाना कार्यालय, महिला हेल्पडेस्क आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही साइबर हेल्पडेस्क रजिस्टर, मिशन शक्ति रजिस्टर की जांच कर दर्ज जानकारी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी ने आगामी शारदीय नवरात्रि के दृष्टिगत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति के तहत प्रतिदिन क्षेत्रों में भ्रमणशील होकर महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति का महत्व एवं दायित्व बताने व 1090 पावरलाइन का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्देशित किया। कहा कि आगामी नवदुर्गा पूजन के पावन अवसर के दृष्टिगत महिलाओं की सुरक्षा का व्यापक ध्यान रखा जाए तथा महिला हेल्पलाइन के बारे में पूर्ण रूप से जागरूक कर उनका आत्मविश्वास बढ़ाया जाए। कहा कि महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर यूपी 112, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, महिला हेल्प लाइन181, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 च एम्बुलेन्स नंबर 108, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 की जानकारी देकर जरूरत पड़ने पर कॉल करने तथा शिकायत दर्ज कराने के बारे में जागरूक करें। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को स्मार्ट फोन में सी प्लान एप, यूपी कॉप एप आदि इंस्टाल करने के लिए निर्देशित किया तथा आवश्यकतानुसार इन एपस का जनहित में उपयोग करने को कहा। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी राजापुर राजकमल, थानाध्यक्ष राजापुर पंकज तिवारी, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सेवा पर्व के अवसर पर नवग्रह वाटिका की हुई स्थापना

**जन एक्सप्रेस । मानिकपुर, चित्रकूट**



पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के निर्देशन पर वनवासी कल्याण आश्रम में नवग्रह वाटिका की स्थापना की गयी। इस दौरान वनवासी कल्याण आश्रम में विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित किए गए।

पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के निर्देशन में बीती 17 सितम्बर से आगामी दो अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पर्व के तहत पौधरोपण, स्वच्छता अभियान, वर्षा जल संचयन, जल स्रोत संरक्षण व पर्यावरण जागरूकता अभियान आदि चलाए जा रहे है। इसी क्रम में शनिवार को मानिकपुर स्थित वनवासी कल्याण आश्रम में नव ग्रह वाटिका की स्थापना की गई। इस मौके पर आईएफएस पृथ्वीराज केएसबी, वन क्षेत्रीय अधिकारी सुशील श्रीवास्तव, मानिकपुर थाना प्रभारी श्रीप्रकाश यादव, केंद्र प्रमुख कृष्ण गोपाल, विभाग संगठन मंत्री महेश, संगठन मंत्री अवध सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र

**चित्रकूट।** अंतर्राष्ट्रीय सर्पदंश जागरूकता एवं विश्व रेबीज दिवस के अंतर्गत जनपद के डिग्री कॉलिज एवं इण्टर कालिज में कार्यक्रमों का आयोजन का कार्य किया जा रहा है। जिसमें विद्यार्थियों ने संबंधित वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इसी क्रम में गया प्रसाद स्नाकोत्तर महाविद्यालय सीतापुर में आयोजित कार्यक्रम में कॉलिज के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान विजेता प्रतिभागियों को उपमुख्य चिकित्साधिकारी डॉ दयाशंकर, डॉ कविता गौतम, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ बिलाल अहमद द्वारा सर्टिफिकेट वितरण किया। इस मौके पर गया प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अध्यापक एवं शिक्षक आदि मौजूद रहे।

### अमावस्या मेले को लेकर तैनात किए गए पुलिस जवानों की हुई ब्रीफिंग

**चित्रकूट।** आश्विन मास पितृ विसर्जनी अमावस्या मेला के दृष्टिगत शनिवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह व अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने ड्यूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया। जिसमें सभी सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को सकुशल अमावस्या मेले को सम्पन्न कराने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर समय से पहुचेंगे तथा ड्यूटी के दौरान कोई भी किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करेगा। कहा कि ड्यूटी के दौरान सभी अधिकारी व कर्मचारी श्रद्धालुओं से नम्रतापूर्वक व्यवहार करें। बताया कि मेले को सकुशल संपन्न करने के लिए क्षेत्र को तीन जोन व 10 सेक्टर में बांटा गया है, जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट के अलावा चार पुलिस क्षेत्राधिकारी, 19 थाना प्रभारी निरीक्षक/निरीक्षक, 80 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, 205 हेड कांस्टेबल /कांस्टेबल, 60 महिला कांस्टेबल, तीन उपनिरीक्षक यातायात, 14 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल यातायात, दो एलआईयू उपनिरीक्षक, 12 हेड कान्सटेबल/कान्सटेबल एलआईयू, एक डॉग स्क्वायड की ड्यूटी लगाई गई है।

# 22 सितंबर नवरात्रि से होगी मिशन शक्ति की शुरुआत

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**




महिला सम्मान और सुरक्षा को रफ्तार प्रदान करने के मकसद से प्रदेश में मुख्यमंत्री मिशन शक्ति 5.0 अभियान की शुरुआत की गई। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट के डॉ एपीजे अब्दुल कलाम मीटिंग हाल में महिला शक्ति के साथ ही विद्यालयों की छात्राओं ने सजीव प्रसारण देखा। मिशन शक्ति 5.0 अभियान की शुरुआत के मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान शारदीय नवरात्र 22 सितम्बर से शुरू होकर 24 दिसम्बर तक आगामी 3 माह के लिए ये अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी फील्ड मे उतर कर जनता से बात करेंगे, साथ ही महिला बीट पुलिस अधिकारी गॉवों और वार्डो में जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करेगीं। साथ ही कहा कि पुलिस बल की फुट पैट्रोलिंग को और दमदार बनाया जाये, ताकि जनता को ये यकीन हो सके कि सरकार और प्रशासन 24म7 उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। साथ ही ये भी कहा कि आम आदमी में सुरक्षा का एहसास दिखे और कानून का दुरूपयोग करने वालों पर बिना किसी भेदभाव के कार्यवाही की जाये। इस मौके पर मीटिंग हाल में जिला पंचायत अध्यक्ष जयन्ती राजपूत, विधायक सदर डॉ मनोज प्रजापति, विधायक राठ मनीषा अनुरागी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, नगर पालिका चेयरमैन कुलदीप निषाद, जिलाधिकारी घनश्याम मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ0 दीक्षा शर्मा सहित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# मोदी ने 11 वर्षों में सांस्कृतिक विरासत में पहचान बनाई: मंत्री रामकेश निषाद

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा द्वारा चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत शनिवार को प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसको सम्बोधित करते हुए जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 11 वर्षों के कार्यकाल में विदेश नीति व आर्थिक नीति को शूद्रण किया जम्मू कश्मीर के बीजा को समाप्त कराया। सांस्कृतिक विरासत को को नई पहचान दिलाई। नरेन्द्र मोदी की वजह से देश सशक्त व सदृढ़ हुआ है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे, बुंदेलखंड कारीडोर, बेतवा लिंक परियोजना उन्हीं की देन है। उन्होंने देश के विकास की चिंता की। विदेशों में भारत की पहचान बनाई और अपनी ताकत का एहसास कराया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हमीरपुर प्रभारी व पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व ने देश को नई दिशा देने का काम किया उनका जन्म 1950 में हुआ था और 1965 में भारतीय सेना से प्रेरणा लेकर देश की सेवा करने का संकल्प लिया और तभी से राष्ट्र संघर्ष शुरू कर दिया। वे 1998 में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री बने और तब से वे पार्टी की सेवा में दिन रात लगे रहे। इसी दौरान 2014, 2019 व 2023 में भारत के प्रधानमंत्री बने। तब से हमेशा गरीबों के लिए समर्पित रहे उन्होंने शक्तिशाली को अपनी ताकत का एहसास कराते हुए नतमस्तक कर दिया। उन्होंने महिलाओं के लिए भी चिंता की। 24 घंटे देश की सेवा में समर्पित रहते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि मोदी जी के जन्मदिन पर चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। आज पूरा देश प्रधानमंत्री की नीतियों को मानने को तैयार है अपने को ताकतवर मानने वाले अमेरिका जैसे देश भी भारत को लोहा मानने लगे हैं। मोदी जी ने ऑपरेशन सिन्दूर में पाकिस्तान को अपनी ताकत का एहसास करा दिया है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजकरण कबीर, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय सिंह, इंद्रपाल सिंह, अशोक त्रिपाठी जीतू, अखिलेश श्रीवास्तव, ममता मिश्रा, विवेकानंद गुप्ता, अजय पटेल, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, उत्तम सक्सेना, संतोष गुप्ता संतू, पंकज रैकवार, निखिल सक्सेना, वंदना गुप्ता आदि के अलावा शिक्षक, अधिवक्ता, चिकित्सक, व्यापारी सहित सभी भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पृथ्वी के कल्याण के लिए आयुर्वेद थीम के तहत आयोजित किया गया लघु नाटक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भारत सरकार आयुष मंत्रालय की राष्ट्रीय आयुर्वेदिक विद्यापीठ द्वारा 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में इस वर्ष के लिए निर्धारित की गई थीम जन व पृथ्वी के कल्याण के लिए आयुर्वेद के उद्देश्य को सार्थक करते हुए जनपद के आयुष ग्राम चिकित्सालय परिसर में संचालित आयुष ग्राम गुरुकुलम् के विद्यार्थियों ने चित्रकूट इण्टर कॉलिज कर्वी में लघु नाटक आयुर्वेदोऽमृतानाम् का मंचन किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ आयुष ग्राम चिकित्सालय के संस्थापक आचार्य व राष्ट्रीय गुरु डॉ मदनगोपाल वाजपेयी, विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य फूलचन्द्र चन्द्रवंशी ने भगवान धन्वन्तरि का पूजन कर दीप प्रज्ज्वलन कर किया। जन व पृथ्वी के कल्याण के लिए आयुर्वेद थीम पर आधारित नाटक के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि आयुर्वेद केवल मनुष्य के लिए नहीं बल्कि सम्पूर्ण पृथ्वी के कल्याण का मार्ग है। यह रोगमुक्ति के साथ-साथ स्वास्थ्य, संतुलन और आनन्दमय जीवन जीने की प्रेरणा देता है। आयुर्वेद आहार-विहार, योग-प्राणायाम और दिनचर्या के माध्यम से शरीर, मन और आत्मा तीनों का संतुलन स्थापित करता है। संदेश दिया गया कि आयुर्वेद को केवल प्राचीन परम्परा न मानें बल्कि इसे आधुनिक जीवन की आवश्यकता के रूप में अपनायें। इस मौके पर दिनेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में सदर तहसील क्षेत्र के विनायकपुर-सिद्धपुर स्थित वृद्धाश्रम में 80 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधि वितरण किया गया। जिसका उद्घाटन पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल व राकेश द्विवेदी ने किया। चिकित्सा शिविर में राष्ट्रीय आयुर्वेद गुरु आचार्य डॉ मदनगोपाल वाजपेयी व सीआरएवी शिष्य डॉ अनुराधा कुमारी, डॉ शोभना शर्मा, डॉ कपिल कुमार, डॉ रितिका सैनी ने रोग निदान, स्वास्थ्य परामर्श और औषधि वितरण किया। इस दौरान आचार्य डॉ मदनगोपाल वाजपेयी ने स्वस्थ रहने के लिए वृद्धजनों को आहार-विहार व योग-प्राणायाम की सलाह दी। इस मौके पर वृद्धाश्रम के व्यवस्थापक रश्मि भारद्वाज, आयुष ग्राम चिकित्सालय के डॉ वेदप्रताप वाजपेयी, डॉ आशुतोष त्रिपाठी, नर्सिंग ऑफिसर वन्दना यादव, शीलू पाण्डेय, शालू सचान, फार्मासिस्ट राहुल कुमार, दीपक सोनी आदि मौजूद रहे।

### गांजा काराबारियों को 20-20 साल की कैद

**चित्रकूट।** 56 किलो से अधिक गांजे के साथ पकड़े गए चार गांजा तस्करों को न्यायालय ने 20-20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही चारों को दो-दो लाख रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया है। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी संगीता सिंह ने बताया कि बीती 29 दिसम्बर 2021 को कर्वी कोतवाली के तत्कालीन उपनिरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने सोनभद्र जिले के खलिहारी निवासी सुरेश कुमार, मानपुर निवासी शिवकुमार यादव, पड़री निवासी अजीम-उल-हक अंसारी और बांदा जिले के पिंडारन गांव के निवासी प्रदीप मिश्रा को 56 किलो 600 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत करने के बाद सभी आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शनिवार को अपर सत्र न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर चारो गांजा तस्करों सुरेश कुमार, शिव कुमार यादव, अजील-उल-हक अंसारी व प्रदीप मिश्रा को 20-20 वर्ष कारावास के साथ दो-दो लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# दलित युवती के साथ छेड़खानी करने वाले को तीन वर्ष का सश्रम कारावास

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

अनुसूचित जाति की विवाहित युवती के साथ छेड़खानी करने और धमकाने के मामले में न्यायालय ने आरोपी को तीन वर्ष सश्रम कारावास के साथ 5,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सनत कुमार मिश्रा ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कराने वाली पीड़िता के अनुसार वह बीती 10 मार्च 2016 को शाम 07:30 बजे अपने घर के बाहर बंधे बकरों को अंदर लाने गई थी। इस दौरान वहां पहाड़ी थाना क्षेत्र के खरसेड़ा गांव का निवासी रमाकांत प्रजापति ने उसे बुरी नीयत से पकड़ लिया और उसका गला दबाने लगा। इस दौरान रमाकांत ने कहा कि उसका पति उसे नहीं चाहता है और वह उसके साथ भाग चले। बात न मानने पर जान से मारने की धमकी भी दी। जब उसने आरोपी की बात मानने पर सहमति जताई, तो उसे छोड़कर चला गया। इसके बाद 29 मार्च 2016 की शाम 05:00 बजे नदी किनारे रमाकांत ने पीड़िता को फिर धमकाया और कहा कि उसका कहना न मानने पर कुल्हाड़ी से काटकर जान ले लेगा। पीड़िता ने इस मामले में पहले थाने में शिकायत की, किंतु शिकायत न होने पर उसने धारा 156(3) के तहत न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। न्यायालय द्वारा प्रार्थना पत्र स्वीकृत करते हुए इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने और विवेचना करने के आदेश दिए गए। जिसके बाद पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश एचजेएस राममणि पाठक ने शनिवार को इस मामले में निर्णय सुनाया।

# केंद्रीय पूजा महोत्सव समिति की दुर्गा पूजा को लेकर आवश्यक बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

मंडपम सभागार में केंद्रीय पूजा महोत्सव की एक आवश्यक बैठक रखी गई जिसमें पूरे शहर के स्थापित दुर्गा पंडालो के सभी पदाधिकारी केंद्रीय समिति के पदाधिकारी एवं पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन नगर पालिका विद्युत विभाग जल संस्थान के अधिकारी भी उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय पूजा महोत्सव समिति के अध्यक्ष अमित सेठ भोलू ने की कार्यक्रम का संचालन समिति के महामंत्री कल्लू सिंह राजपूत द्वारा किया गया। बैठक में पंडालून से आए पदाधिकारी ने मांग की हमारे मोहल्ले में जहां मूर्ति स्थापित कर रहे हैं वहां पर रोड खराब है नालियां टूटी पड़ी है गंदगी का ढेर लगा है। साफ-सफाई एवं रोड़ एवं नालियों की मरम्मत की जाए 10 दिन मदिरा की दुकानों को पूर्णता बंद रखा जाए शहर को बिजली कटौती से मुक्त रखा जाए जगह-जगह जो तार नीचे लटक रहे हैं उनको तत्काल ऊपर कर दिया जाए सुबह तीन बजे से महिलाएं मंदिरों को पूजा के लिए जाती है तो सभी पंडालो में प्रमुख मंदिरों में एवं जगह-जगह पुलिस एवं महिला पुलिस की ड्यूटी लगाई जाए भारी वाहनों का शहर के अंदर प्रवेश वर्जित किया जाए समित के महामंत्री भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने सभी समिति



के पदाधिकारीयो से कहा कि आप लोग अपने पंडालो में स्वच्छता का विशेष ध्यान दें और मधुर ध्वनि में ही भक्ति मय गीत को बजाये।प्रमुख संरक्षक राजकुमार शिवहरे ने समिति के समक्ष पदाधिकारी से अनुरोध किया कि हमारा यह नवरात्रि के पर व ऐतिहासिक पर्व है इसको हम लोगों को बड़ा जोश के साथ मनाना है और अनुशासन में रहते हुए इसको बड़ी धूमधाम एवं भव्यता से मानना है राजकुमार राज ने कहा कि आवारा जानवरों पर 10 दिन के लिए रोक लगनी चाहिए प्रकाश साहू ने कहा कि अभी समय है विसर्जन घाट को जल्द से ठीक कराया जाए बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने समिति के सभी पदाधिकारी को स्पष्ट किया कि पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा पुलिस व्यवस्था हर समय 24 घंटे उपलब्ध रहेगी नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला ने भी स्पष्ट किया कि प्रशासन के जो भी कार्य हैं चाहे वह नगर पालिका द्वारा हो विद्युत विभाग द्वारा हो जल संस्थान द्वारा हो उसको शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा और हर तरह का सहयोग प्रशासन करेगा कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजकुमार राज, प्रकाशचंद्र त्रिपाठी, चंद्र मोहन बेदी, प्रकाश साहू, अशोक गुप्ता, बीके सिंह बड़े भैया, विनोद जैन, प्रभाकर सिंह चंदेल, उत्तम सक्सेना, मनोज जैन नारायण धुरिया, मुन्ना नंद सरस्वती महाराज, अभिषेक पांडे, रमाशंकर राजपूत, लखन राजपूत, संजय काकुनिया सहित सभी समितियां के पदाधिकारी केंद्रीय समिति के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।



**इधर इस्राइली हमले से गाजा में तबाही...**

गाजा पर इस्राइल के ताजा हवाई हमलों में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई है। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब कई पश्चिमी देश अब खुले तौर पर फलस्तीन को स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता देने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में होने वाली... पढ़ें पेज 12 पर...

# राजधानी में प्यासे लोग, सोता प्रशासन-बीस दिन से सूखे नल



- बिहारीपुर में प्यास से हाहाकार, बीस दिन से सूखे नल, ट्यूबवेल पर धरना, प्रशासन की चुप्पी चुभी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी के सहादतगंज स्थित बिहारीपुर मोहल्ले में पानी की कमी ने लोगों की जिंदगी को नर्क बना दिया है। बीते 20 दिनों से घरों के नलों में पानी की एक बूंद तक नहीं आई, मानो शहर के बीचोंबीच मरुस्थल खड़ा कर दिया गया हो। बच्चे प्यास से बिलख रहे हैं, महिलाएं दूर-दराज से पानी ढोने को मजबूर हैं और बुजुर्ग बेबस निगाहों से हालात देख रहे हैं। यह तस्वीर शर्मसार करने वाली है कि जिस शहर को सरकारें स्मार्ट सिटी बताकर शेखी बघारती हैं, वहीं लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।

### शिकायतें दबीं, जिम्मेदार सोए

मोहल्ले के लोगों का कहना है कि उन्होंने दर्जनों बार शिकायत दर्ज कराई, अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन नतीजा सिफर ही निकला। हालात यह हैं कि जिन अफसरों पर जिम्मेदारी है, वे फोन उठाना तक जरूरी नहीं समझते। उनकी चुप्पी और लापरवाही ने लोगों की पीड़ा को और गहरा कर दिया है। सवाल यह है कि क्या राजधानी के नागरिकों को बुनियादी हक भी मिलना मुश्किल हो गया है? आखिर प्रशासन किसके लिए है–जनता के लिए या कुर्सियों की खातिर?

### धरना बन गया आखिरी सहारा

परेशान लोग आखिरकार आज ट्यूबवेल पर धरना देने पहुंच गए। औरतें, बच्चे, बुजुर्ग–सबने मिलकर प्रशासन की नींद तोड़ने की कोशिश की, लेकिन नतीजा वही–मौन और बेरुखी। रिंकू गुप्ता, जय गुप्ता, ज्योति गुप्ता, रूपम, आकाश पाल, मनोज कुमार और कृष्णा गुप्ता समेत बड़ी संख्या में लोग धरने पर बैठे। उनका कहना है कि अगर जिम्मेदार अफसर मौके पर आकर हालात देखते तो समझ पाते कि जिंदा रहने के लिए पानी कितनी बड़ी जरूरत है। धरना इस बात की गवाही है कि जनता की सहनशीलता अब खत्म हो चुकी है।

### बच्चों और औरतों की सबसे बड़ी पीड़ा

हालात इतने बदतर हैं कि महिलाएं सिर पर घड़े उठाकर घंटों कतारों में खड़ी रहती हैं और बच्चे प्यास से तड़पते रहते हैं। कुछ परिवार तो आस-पड़ोस से पानी मांगने को मजबूर हैं। घरों में बर्तन खाली पड़े हैं, चूल्हे ठंडे हो रहे हैं और परिवार प्यास व शर्मिंदगी दोनों झेल रहे हैं। यह सिर्फ एक मोहल्ले की समस्या नहीं, बल्कि प्रशासन की संवेदनहीनता का खुला प्रमाण है।

### अब चेतावनी–पानी दो या आंदोलन झेलो

गुस्साए निवासियों ने साफ चेतावनी दी है कि अगर फौरन पानी की आपूर्ति बहाल नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे। उनका कहना है कि जब इंसान की बुनियादी जरूरत ही पूरी नहीं हो रही तो फिर चुपचाप बैठने का सवाल ही नहीं। यह चेतावनी प्रशासन के लिए आखिरी इशारा है–या तो पानी की आपूर्ति दुरुस्त की जाए, या फिर गुस्साई भीड़ सड़कों पर उतरकर ऐसा हंगामा करेगी कि शासन-प्रशासन की नींद हमेशा के लिए उड़ जाएगी।

# लखनऊ में खुला माफिया का खेल

## सरकारी जमीन पर करोड़ों का कब्ज़ा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

**सरोसा भरोसा, सरोजनीनगर।** लखनऊ की खसरा संख्या 680 अब माफियाओं का अड्डा बन चुकी है। अदालतों ने बार-बार साफ कहा- यह जमीन राज्य सरकार की है, लेकिन माफियाओं को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। 2014 से 2018 तक निजी नाम खतौनी से हटाए गए और 11 दिसंबर 2018 और 15 फरवरी 2025 के आदेशों में जमीन को राज्य संपत्ति घोषित किया गया। फिर भी अवैध कब्ज़ा और फर्जी बिक्री का खेल लगातार जारी है। माफिया और दलाल इसे प्लॉटिंग और निर्माण का अड्डा बना चुके हैं। कागज़ों में कानून, जमीन पर माफिया का कब्ज़ा-यही हालात हैं सरोज़ा भरोसा में।

### जनता का गुस्सा: कागज़ में सरकार, जमीन पर माफिया

स्थानीय लोग हताश हैं। खतौनी में सरकार, जमीन पर माफिया का राज। अधिकारी आदेश सुनाते हैं, लेकिन कार्रवाई से कतराते हैं। राजस्व, नगर निगम, एलडीए, स्वास्थ्य विभाग - सभी नज़रअंदाज। कागज़ों में कानून, जमीन पर अवैध कब्ज़ा। आम आदमी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। सरकारी लापरवाही ने माफियाओं के हौसले बढ़ा दिए हैं। यह सिर्फ जमीन का मामला नहीं, बल्कि प्रशासन की पोल खोलने वाला मुद्दा बन गया है।

### ए आर्यन होटल: करोड़ों की सरकारी जमीन पर कब्ज़ा

सुरेंद्र पाल का ए आर्यन फैमिली होटल खड़ा है खसरा संख्या 680, रकबा 0.207 हेक्टेयर (22,281.33 स्क्वॉर फीट) पर। यह पूरी तरह राज्य की जमीन है, फिर भी करोड़ों का निर्माण और संचालन जारी है। राजस्व, एलडीए, नगर निगम, स्वास्थ्य, श्रम और खाद्य विभाग सभी चुप हैं। फायर एनओसी और अन्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी इस होटल को माफियाओं की ताक़त और कानून की अवहेलना का प्रतीक बना रही है। सुरेंद्र पाल का कब्ज़ा जांच का सबसे बड़ा मामला होना चाहिए। प्रशासन की नाकामी ने माफियाओं को हिम्मत दी है।




### कागज़ों में कानून, जमीन पर माफिया

- अदालत के आदेश और सरकारी रिकॉर्ड सब कागज़ों तक सीमित हैं। जमीन पर माफिया का कब्ज़ा बरकरार।
- प्रशासन की चुप्पी कानून को कमजोर कर रही है। सवाल उठता है – क्या अधिकारियों की प्राथमिकता जनता की सुरक्षा है या सिर्फ रिकॉर्ड की अदला–बदली?
- अवैध कब्ज़ा आम आदमी के लिए साफ चेतावनी है। ए आर्यन होटल ने सिस्टम की पोल खोल दी है।

### चेतावनी: माफियाओं के हौसले अब बढ़ते ही जाएंगे

- यह सिर्फ जमीन का मामला नहीं। यह प्रशासन और सिस्टम की कमजोरियों की कहानी है।
- माफिया खुलेआम सरकारी संपत्ति पर कब्ज़ा कर करोड़ों कमा रहे हैं। आदेश और कानून सिर्फ कागज़ों में रह गए।
- अगर सरकार अब भी कार्रवाई नहीं करती, तो आम आदमी की सुरक्षा सीधे खतरे में है।
- सिस्टम और कानून की असली परीक्षा अब जमीन पर होगी।
- सुरेंद्र पाल और ए आर्यन होटल जांच और कार्रवाई का सबसे बड़ा उदाहरण हैं।

### जन एक्सप्रेस की चेतावनी

समय है कि प्रशासन और सरकार अपनी जवाबदेही दिखाए। नहीं तो लखनऊ के सरकारी जमीन पर माफियाओं का कब्ज़ा नई हदें पार कर जाएगा।

# लखनऊ में कुष्ठ चिकित्सा कर्मचारी संघ का चुनाव सम्पन्न

- प्रदीप तिवारी अध्यक्ष बने, बोले, कर्मचारियों की लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी
- उत्साह और जोश के बीच चुनी गई नई टीम

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




राजकीय कुष्ठ चिकित्सा कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश, लखनऊ शाखा का बहुप्रतीक्षित द्विवार्षिक चुनाव शनिवार को बड़े उत्साह और गहमागहमी के बीच सम्पन्न हुआ। जिला कुष्ठ अधिकारी कार्यालय में सुबह से ही कर्मचारियों का जमावड़ा शुरू हो गया था। चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं और उम्मीदवारों में जोश साफ दिखाई दे रहा था। लंबे समय से संघ की नई कार्यकारिणी के गठन की प्रतीक्षा की जा रही थी, ऐसे में यह चुनाव केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं बल्कि कर्मचारियों के भविष्य से भी जुड़ा हुआ माना गया। पूरे दिन कार्यालय परिसर में चुनावी माहौल देखने को मिला और हर कोई नतीजों का बेसब्री से इंतजार करता रहा। नतीजों में अध्यक्ष पद पर प्रदीप कुमार तिवारी (एनएमएस) भारी मतों से विजयी घोषित किए गए। उनके चयन से कर्मचारियों में हर्ष की लहर दौड़ गई। प्रदीप तिवारी लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और कर्मचारियों की समस्याओं को मजबूती से उठाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी जीत को कर्मचारियों ने अपने भरोसे की जीत करार दिया। जैसे ही परिणाम की घोषणा हुई, कर्मचारियों ने तालियों और नारों से माहौल गुंजा दिया। कई साथियों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया और मिठाइयां बांटी गईं। निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ द्वारा नामित पर्यवेक्षक डॉ. हवलदार भारती (उप जिला कुष्ठ अधिकारी) को सौंपी गई थी। उन्होंने पूरी सतर्कता के साथ प्रक्रिया की निगरानी की। मतदान के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसके लिए नियमों का कड़ाई से पालन कराया गया। पर्यवेक्षक की मौजूदगी से सभी उम्मीदवारों और कर्मचारियों का भरोसा और अधिक मजबूत हुआ। चुनाव के दौरान पारदर्शिता बनाए रखने के प्रयास को कर्मचारियों ने सराहा और इसे संगठनात्मक लोकतंत्र की जीत बताया। इस अवसर पर संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष बी.डी. आर्या और प्रान्तीय महामंत्री अजीत प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। उनकी मौजूदगी से चुनाव का महत्व और भी बढ़ गया। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि नई कार्यकारिणी के गठन से संगठन और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि एकजुटता ही किसी भी संगठन की सबसे बड़ी ताकत होती है और इस चुनाव ने यह साबित कर दिया है कि कर्मचारी अपनी एकजुटता बनाए हुए हैं। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर ऋषि कुमार, मंत्री पद पर अनिल कुमार राय, संयुक्त मंत्री पद पर एस.एन. राय और कोषाध्यक्ष पद पर संजीव कुमार का चयन किया गया। इन पदाधिकारियों को लेकर कर्मचारियों में यह उम्मीद जताई जा रही है कि वे संगठन को नई दिशा देंगे और सभी स्तरों पर मजबूती से कार्य करेंगे। पूरी टीम ने पदभार संभालने के बाद एक-दूसरे को बधाई दी और संगठन को सक्रिय करने का संकल्प लिया। कार्यकारिणी के गठन से कर्मचारियों में नया उत्साह देखने को मिला। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने अपने पहले संबोधन में स्पष्ट किया कि कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा और चिकित्सा सेवाओं को सशक्त बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से कर्मचारियों की कई समस्याएं अनसुनी रह जाती हैं, लेकिन अब संगठन इन मुद्दों को लेकर हर स्तर पर संघर्ष करेगा। तिवारी ने भरोसा दिलाया कि चाहे शासन-प्रशासन से संवाद हो या आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़े, संघ अपने सदस्यों के हितों को सर्वोपरि रखेगा। उन्होंने आगे कहा कि संगठन कभी भी कर्मचारियों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगा और यदि जरूरत पड़ी तो सड़क से लेकर सरकार तक आवाज बुलंद की जाएगी। प्रदीप तिवारी ने सभी कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि केवल पदाधिकारी ही नहीं बल्कि हर कर्मचारी इस संगठन का स्तंभ है और सबके सहयोग से ही कर्मचारियों की वास्तविक जीत संभव है। चुनाव संपन्न होने के बाद पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन गया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई, बधाइयाँ दीं और नारेबाजी कर अपने नेताओं का स्वागत किया। कई वरिष्ठ कर्मचारियों ने इसे संगठन के इतिहास में एक सकारात्मक मोड़ बताया। उन्होंने कहा कि इस चुनाव ने साबित कर दिया है कि कर्मचारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति जागरूक हैं और अपने प्रतिनिधियों का चयन पूरी निष्ठा से करते हैं। वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने नई कार्यकारिणी को बधाई दी और संगठन को जमीनी स्तर तक सक्रिय करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अब यह नई टीम कर्मचारियों की उम्मीदों पर खरी उतरे और चिकित्सा सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम उठाए। कर्मचारियों ने भी उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी संगठन को नयी ऊँचाइयों पर ले जाएगी और उनकी समस्याओं को सुलझाने के लिए निरंतर प्रयास करेगी।

### नवनिर्वाचित पदाधिकारी

- **अध्यक्ष** – प्रदीप कुमार तिवारी
- **उपाध्यक्ष** – ऋषि कुमार
- **मंत्री** – अनिल कुमार राय
- **संयुक्त मंत्री** – एस.एन. राय
- **कोषाध्यक्ष** – संजीव कुमार

# विपक्षी दलों के षड्यंत्र को जनसंवाद से विफल करेंगे बीजेपी कार्यकर्ता: धर्मपाल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न सेवा कार्यो तथा पं. दीनदयाल उपाध्याय जयन्ती पर 25 सितम्बर को बूथ स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से सम्पन्न करने के लिए निर्देश दिये। शक्ति केन्द्र संयोजको से संवाद करते हुए कहा कि संगठन की त्रिशक्ति रणनीति में शक्ति केन्द्र, बूथ तथा मंडल की मजबूत संरचना समाहित है। मंडल और बूथ के बीच शक्ति केन्द्र सेतु हैं। शक्ति केन्द्र की सक्रियता से ही मंडल और बूथ सक्रिय होंगे। प्रत्येक बूथ पर प्रत्येक व्यक्ति से सम्पर्क व संवाद त्रिशक्ति रणनीति से प्रभावी होगें। त्रिशक्ति की मजबूत संरचना और जनसंवाद ही जीत की कुंजी है, जो आगामी पंचायत चुनाव, शिक्षक,स्नातक एमएलसी चुनाव तथा विधानसभा चुनाव 2027 में भाजपा की विजय का आधार बनेगें। उन्होंने कहा कि विपक्ष के झूठ, भ्रम, अफवाह और फरेब के षड्यंत्र को जनता के बीच संवाद के माध्यम से विफल करना है।वे बाराबंकी में शक्ति केन्द्र संयोजक, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। धर्मपाल सिंह ने पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों, पूर्व जिलाध्यक्षों के साथ ही पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक चर्चा की। धर्मपाल सिंह ने कहा कि शक्ति केन्द्र को मंडल और बूथ की धुरी के रूप में काम करना है। शक्ति केन्द्र संयोजकों को पार्टी का प्रत्येक संदेश बूथ के हर मतदाता तक पहुंचाने की व्यवस्था करना है।भारतीय संस्कृति की आभा से विश्व आलोकित हो रहा है। हमें सजगता से काम करना है।

# 'सेवा पखवाड़ा' अभियान में हर वर्ग की हो रही सक्रिय भागीदारी

- 16 महानगरों में नमो मैराथन आज, शामिल होंगे बीजेपी के पदाधिकारी और मंत्री
- सेवा पखवाड़ा अभियान में 21 सितम्बर को ''नमों मैराथन'' का आयोजन किया जा रहा है

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुरू किये गए ''सेवा पखवाड़ा'' के अभियान में समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी हो रही है। सेवा पखवाडा के अन्तर्गत 21 सितम्बर को उत्तर प्रदेश के 16 महानगरों में ''नमों मैराथन'' दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी लखनऊ में और पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल वाराणसी महानगर में ''नमों मैराथन'' दौड़ में सम्मिलित होगें। जबकि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आगरा महानगर में, ब्रजेश पाठक बरेली महानगर में और पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह मेरठ महानगर में ''नमों मैराथन'' दौड़ में सम्मिलित होगें। पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान में 21 सितम्बर को ''नमों मैराथन'' का आयोजन किया जा रहा है। इस मैराथन का उद्देश्य युवाओं को विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और नशामुक्त भारत जैसे संकल्पों से जोड़ना है। नमों मैराथन में बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी उत्साह के साथ रहेगी। 21 सितम्बर को ''नमों मैराथन'' में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा मथुरा महानगर, राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा राज कुमार चाहर अलीगढ़ महानगर, कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह गोरखपुर महानगर, सुरेश खन्ना शाहजहांपुर महानगर, बेबी रानी मौर्य व प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता झांसी महानगर, प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान फिरोजाबाद, कैबिनेट मंत्री नितिन अग्रवाल व प्रदेश उपाध्यक्ष डा. धर्मेन्द्र सिंह अयोध्या महानगर, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर प्रयागराज महानगर, दयाशंकर सिंह सहारनपुर महानगर, राज्य सभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी गाजियाबाद महानगर, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी मुरादाबाद महानगर में सम्मिलित होगे।

# आउटसोर्सिंग: विधवा, तलाकशुदा, लोकल को मिलेगी वरीयता

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

आउटसोर्सिंग नौकरियों के लिए आवेदन करने वाला शख्स स्थानीय निवासी है और पद के लिए जरूरी योग्यता से ज्यादा पढ़ा-लिखा है तो उसके चयन के अवसर बढ़ जाएंगे। आउटसोर्सिंग वाले कर्मचारियों को वेतन हर माह 1 से 5 तारीख के बीच मिल जाएगा।सचिवालय प्रशासन विभाग ने यूपी आउटसोर्स निगम के गठन का कार्यकारी आदेश जारी कर दिया। निगम के गठन को यूपी कैबिनेट ने 2 सितंबर को ही मंजूरी दे दी थी।निगम नियामक निकाय के तौर पर काम करेगा और आउटसोर्सिंग एजेंसियों की निगरानी करेगा ताकि कर्मचारियों के हित सुरक्षित रहें। निगम देखेगा, कर्मचारियों को समय से तनख्वाह मिले, उनका ईपीएफ खाता खुले और बीमा लाभ मिले। शासनादेश में तय हुआ कि किस सेवा के लिए संविदाकर्मी को कितना वेतन मिलेगा। न्यूनतम वेतन 20,000 रुपये प्रति माह तय किया गया है।एजेंसियों का चयन जेम पोर्टल के जरिए होगा। एजेंसियों के मार्फत आए अभ्यर्थियों में से चयन के लिए मापदंड तय किए गए हैं।

# सरोजनीनगर में राजस्व अभिलेखों का खेल: खेल मैदान और सरकारी भूमि पर 'बिक्री–खरीद' का खेल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

ग्राम सरोसा भरोसा की सरकारी ज़मीन पर प्रशासनिक फाइलों और राजस्व रिकॉर्ड में चौंकाने वाला फर्जीवाड़ा सामने आया है। शासनादेश और मंडलायुक्त लखनऊ के आदेशों के मुताबिक गाटा संख्या 36, 651, 688 और 975 समेत कई भूखंड खेल मैदान के लिए आरक्षित और बाद में यूपी एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को सौंपे गए थे। बावजूद इसके, इन्हीं भूखंडों पर वरासत और विक्रय की प्रविष्टियाँ दर्ज कर दी गईं। रिकॉर्ड के मुताबिक, मृतक खातेदार रामबाबू की विरासत में नाबालिग वारिस मंजू, रोहित, आयुष और ममता के नाम दाखिल किए गए। लेकिन हैरत की बात यह है कि उसी भूमि के कुछ अंश का विक्रय वर्ष 2022 में मुनेश्वर पुत्र कढिले से होते हुए नितेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश, निवासी श्रम विहार नगर, लखनऊ को कर दिया गया। यानी, जिस भूमि को शासनादेशों द्वारा सरकारी और गैर-हस्तांतरित योग्य मानते हुए खेल मैदान और औद्योगिक विकास प्राधिकरण को दे दिया गया था, उसी भूमि को तहसील अभिलेखों में निजी खरीदारों के नाम बेच दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरा खेल राजस्व विभाग और स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से हुआ है। सवाल यह उठता है कि जब जमीन पर मंडलायुक्त तक के आदेश दर्ज हैं, तो विक्रय व नामांतरण प्रविष्टियाँ कैसे चढ़ गईं?

### नामांतरण व उत्तराधिकार की बाढ़

दर्ज दस्तावेज़ों में पहले बैजनाथ, नन्हे और मुन्नी देवी के नाम दर्ज दिखे। बाद में सुधीर रावत, सोनू रावत, विमला और रोहिनी रावत समेत अन्य उत्तराधिकारियों के नाम भी जोड़े गए। 2018 में तहसील खुशहालगंज के आदेश से राजू पुत्र जगनू का नाम हटाकर बैजनाथ व अन्य वारिसों का नाम दर्ज किया गया।

इसी तरह 2020 में एक और आदेश के जरिए श्रीकृष्ण उर्फ केशन पुत्र नन्हे के स्थान पर उनके वारिस–मुनेश्वर, इन्द्रेश और श्रीदेई–को दर्ज किया गया।

### सवालों के घेरे में राजस्व तंत्र

खतौनी में दर्ज यह निरंतर परिवर्तन यह बताता है कि भूमि से जुड़े विवाद वर्षों से लंबित हैं। लगातार नामांतरण और वादों के चलते यह भूमि न केवल कानूनी पचड़ों में फंसी है, बल्कि यहाँ किसी भी तरह के विक्रय, निर्माण या नामांतरण पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### ग्रामीणों में रोष

ग्रामीणों का आरोप है कि इस ज़मीन पर कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा दबंगई से कब्जा करने की कोशिशें भी होती रही हैं, लेकिन राजस्व तंत्र व प्रशासन की ढिलाई के कारण मामला और उलझता जा रहा है।गाँव की ज़मीन पर खेला गया नामांतरण का खेल

### 0.1900 हेक्टेयर पर करोड़ों की लूट

सिर्फ 0.1900 हेक्टेयर (19 डिसमिल) ज़मीन पर इतने नाम बदले गए कि पूरी खतौनी ही उलझ गई। कभी बंसीलाल, बहादुर, सजीवन, राजाराम, चन्द्रानी, सुन्दर जैसे खातेदार दर्ज हुए। फिर काकोरी में तहसील के आदेश से सबका नाम काटकर हरीश आर्य को मालिक बना दिया गया। इसके बाद खुशहालगंज में तहसील के आदेश से हरीश का नाम भी हटाकर राकेश और बृजेश कुमार को हिस्सेदार दिखा दिया गया।

### अब देखना है कि प्रशासन इस गंभीर गड़बड़ी पर कब और क्या कार्रवाई करता है ज़मीन विवाद में उलझी खतौनी: सरोसा भरोसा की गाटा संख्या 629 पर लगातार नामांतरण

**लखनऊ।** सरोजनीनगर तहसील के ग्राम सरोसा भरोसा की गाटा संख्या 629 (खाता संख्या 00629) से जुड़ा ज़मीन विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। राजस्व अभिलेखों में दर्ज उद्धरण खतौनी (अप्रमाणित प्रति) के मुताबिक इस भूखंड पर पिछले कुछ वर्षों से लगातार नामांतरण और उत्तराधिकार की कार्यवाही हो रही है। रिकॉर्ड के अनुसार, यह भूमि संक्रमणीय भूमिधरों की श्रेणी में आती है और कुल क्षेत्रफल मात्र 0.6880 हेक्टेयर है। लेकिन छोटे क्षेत्रफल के बावजूद इस पर कई पक्ष दावेदारी कर रहे हैं।

### संरोसा भरोसा की खतौनी ने खोली पोल, हेक्टेयर भर ज़मीन पर करोड़ों का सौदा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सरोजनीनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम संरोसा भरोसा की ज़मीन पर वर्षों से नामांतरण का खेल चल रहा है। ताज़ा खतौनी (फसली वर्ष 1425 से 1430) ने यह साफ कर दिया है कि गाटा संख्या 975 और 841 पर भूमाफियाओं ने राजस्व विभाग की मिलीभगत से बार–बार नाम बदलकर खेल रचा।




### गाँव में चर्चे: कागजों पर बिक रही ज़मीन, असल में कब्जे वही

गाँव वालों का कहना है कि असली ज़मीन तो गाँव में वहीं पड़ी है, कब्जा उन्हीं के पास है, पर कागजों पर नाम बदलने का धंधा चल रहा है। हर बार नया बैनामा, नया नामांतरण और नया आदेश।

### राजस्व महकमे पर सवाल

खतौनी में साफ लिखा है कि यह ज़मीन संक्रमणीय भूमिधरों के अधिकार वाली भूमि है, यानी आसानी से बेची–खरीदी नहीं जानी चाहिए। बावजूद इसके तहसील और न्यायालय के आदेशों के नाम पर नामांतरण का धंधा लगातार चला।

### गाँव के लोग सवाल पूछ रहे हैं

- आखिर राजस्व अधिकारी और लेखपाल इस खेल में क्यों चुप हैं?
- आदेशों की आड़ में बार–बार नाम क्यों काटे और जोड़े गए?
- क्या पूरा खेल भूमि माफिया और राजस्व कर्मचारियों की मिलीभगत से नहीं चल रहा?

### अब कार्रवाई की माँग

गाँव के लोगों का कहना है कि अब जिलाधिकारी और राजस्व परिषद को इस मामले की निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। खतौनी का सच सामने आने के बाद असली भूमिधारियों को न्याय मिलना चाहिए और फर्जी नामांतरण कराने वालों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है।

# पैरामेडिकल संस्थान का फर्जीवाड़ा उजागर

## वैध कागजात नहीं मिलने पर प्रशासनिक कार्रवाई, छात्राओं का भविष्य अधर में

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

अमेठी कस्बे में इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस के फर्जीवाड़ा को लेकर सीएमओ और एसडीएम की संयुक्त जांच में पाया गया कि संस्थान के पास न तो संचालन से संबंधित कोई वैध कागजात हैं। और न ही किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबद्धता।

जांच रिपोर्ट सामने आते ही प्रशासन ने संस्थान को तुरंत बंद करा दिया। इस संस्थान में 31 छात्राएं पैरामेडिकल की पढ़ाई कर रही थीं। इनमें से कई छात्राएं अंतिम वर्ष में पहुंच चुकी थीं।अब उनके सामने सबसे बड़ा सवाल यह है, कि वर्षों की मेहनत और फीस के बाद उनका भविष्य अधर में कैसे बच पाएगा। छात्राओं ने बताया कि संस्थान ने प्रवेश के समय उन्हें मान्यता प्राप्त डिग्री दिलाने का आश्वासन दिया था और हजारों रुपये की फीस वसूली गई थी।अभिभावकों ने संस्थान संचालकों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बिना मान्यता के इस तरह की पढ़ाई कराना बच्चों के करियर के साथ खिलवाड़ है। अभिभावक प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि छात्राओं को किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में समायोजित कर उनकी पढ़ाई बचाई जाए। जांच में फर्जीवाड़ा साबित होने के बाद पुलिस ने संस्थान से जुड़े तीन मुख्य संचालकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रशासन का कहना है, कि छात्राओं का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए स्वास्थ्य शिक्षा परिषद और उच्च शिक्षा विभाग से बातचीत की जा रही है।एसडीएम ने कहा कि जिले में किसी भी निजी संस्थान को बिना मान्यता के संचालित नहीं होने दिया जाएगा। वहीं सीएमओ ने चेतावनी दी कि स्वास्थ्य शिक्षा जैसे गंभीर क्षेत्र में धोखाधड़ी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।



### आखिर किस अनहोनी की आस लगाए बैठा है जिला प्रशासन?

**रायबरेली।** बस स्टेशन से अस्पताल चौराहा वाया दीवानी कचेहरी गेट नं0-1 तक इतना भीषण जाम लगता है कि प्रतिदिन कचेहरी आने वाले वादकारियों से तू-तू, मैं-मैं होना आम बात हो गई है। लो.नि.वि. द्वारा अवैध अतिक्रमणकारी दुकानदारों को स्वेच्छा से दुकान खाली करने हेतु नोटिसे निर्गत की गई, किन्तु भयहीन अवैध दुकनदार रोड तक कब्जा कर मार्ग बाधित किये हुए हैं, यही नहीं दीवानी कचेहरी में पूर्व में भी कई बार दुर्दान्त घटनायें घटित हो चुकी हैं, जिनमें कचेहरी परिसर के अन्दर गोली काण्ड, लाकअप हत्याकाण्ड सहित कई बार बमबाजी भी चुकी है, किन्तु मान्नीय न्यायालय की भी गरिमा एवं सुरक्षा का ध्यान नहीं दिया जा रहा है, इन्हीं दुकानों के सहारे कोई भी अवैध वस्तु को पहुँचा कर पुनः अपराधिक घटना कारित कर न्यायालय की छवि को तार-तार किया जा सकता है, यही नहीं फुटपाथ पर ठेला-ठेलिया लगाने वाले भी अतिक्रमण कर प्रशासन को खुली चुनौती देते हैं।

# दुर्गा पूजा की तैयारियां जोरों पर

## कोलकाता के कारीगरों की प्रतिमाएं सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

शारदीय नवरात्र सोमवार से शुरू हो रहा है और पूरे जिले में दुर्गा पूजा की तैयारियां तेज हो गई हैं। अमेठी, गौरीगंज, जगदीशपुर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में पूजा समितियां मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना की तैयारी कर रही हैं। पंडालों की सजावट का कार्य अंतिम चरण में है। इस बार कोलकाता से आए कारीगरों की प्रतिमाओं की सबसे ज्यादा मांग है। गौरीगंज में कारीगर श्याम लाल पाल और उनकी टीम लगभग 100 से अधिक प्रतिमाएं तैयार कर रही है। इन प्रतिमाओं की कीमत पांच हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक है। स्थानीय कलाकारों की प्रतिमाएं अपेक्षाकृत सस्ती जरूर हैं, लेकिन आकर्षक कलाकारी के कारण कोलकाता की प्रतिमाओं की बुकिंग पहले ही कर ली गई है। कारीगर श्याम लाल पाल बताते हैं कि हर साल वह गौरीगंज आकर प्रतिमाएं बनाते हैं।एक प्रतिमा से उन्हें 2 से 4 हजार रुपये तक का मुनाफा होता है।उनका कहना है कि इस बार की बिक्री पिछले वर्षों से बेहतर है। पूजा समितियों ने भी अलग-अलग तारीखों पर प्रतिमाओं की स्थापना का निर्णय लिया है। अमेठी कस्बे में सप्तमी को प्रतिमा स्थापना होगी और पूर्णमासी को विसर्जन किया जाएगा। वहीं मुसाफिरखाना में नवरात्र के पहले दिन ही स्थापना की परंपरा है। और दशहरे के बाद प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है। ग्रामीण इलाकों में भी पंडालों की तैयारियां जोरों पर हैं। जगह-जगह रोशनी और सजावट से वातावरण भक्ति और उल्लास से सराबोर है।



### यूपी में दबंगों के हौसले बुलंद

## स्वामी प्रसाद मौर्य को थप्पड़ मारने वाले रोहित ने मंदिर की जमीन पर किया कब्जा, ग्रामीणों में आक्रोश

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

डीह थाना क्षेत्र के पुरे शिव गुलाम मजरे गढ़वा में मंदिर की जमीन को लेकर एक नया विवाद भड़क गया है. ग्रामीणों ने रोहित द्विवेदी और ग्राम प्रधान के पति अरविंद तिवारी पर मंदिर की पवित्र भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। आरोपियों पर दबंगई दिखाते हुए ग्रामीणों को धमकाने और जानलेवा हमला करने का भी आरोप है। यह वही रोहित द्विवेदी बताया जा रहा है, जिसने हाल ही में रायबरेली में अपनी जनता पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य पर थप्पड़ मारकर हमला किया था और जमानत पर रिहा होने के बाद एक समाजसेवी द्वारा उसे 11 लाख रुपये का चेक सौंपा गया था।

ग्रामीणों के अनुसार, रोहित द्विवेदी अपने दर्जन भर साथियों के साथ मंदिर स्थल पर पहुंचा और दबंगई दिखाते हुए जमीन पर कब्जा जमाने की कोशिश की. उसने न केवल ग्रामीणों को धमकियां दीं, बल्कि हिंसक व्यवहार भी किया। एक ग्रामीण ने नाम न छापने की शर्त पर बताया *'ये लोग सनातन धर्म के नाम पर हिंसा और अवैध कार्य कर रहे हैं। मंदिर की जमीन पर उनका कब्जा हमारी आस्था पर सीधा प्रहार है।'* आसपास के इलाकों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश फैल गया है। गुस्साए ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। इस मामले में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और दोषियों के खिलाफ सख्त एक्शन की मांग की है। एक ग्रामीणों का कहना है कि अगर प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो हम आंदोलन को तेज करेंगे। रोहित द्विवेदी का नाम पहले भी विवादों से जुड़ा रहा है। स्वामी प्रसाद मौर्य पर हमले के बाद उसे जमानत मिली थी, जिसके तुरंत बाद एक समाजसेवी ने सार्वजनिक रूप से 11 लाख रुपये का चेक देकर सम्मानित किया था। यह घटना समाज में बहस का विषय बनी हुई है. स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के दबंगों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं।

# डीएम व पुलिस अधीक्षक ने कानून एवं शांति व्यवस्था को लेकर किया बैठक

## सौहार्दपूर्ण व भाई चारे के साथ मनाएं त्यौहारः डीएम, अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी कड़ी नजरः एसपी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

आगामी त्यौहारों नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा, दीपावली आदि को लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों, विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरुओं, पूजा समितियों के प्रतिनिधियों व संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरुओं व नागरिकों तथा आयोजकों से उनके क्षेत्र में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई तथा उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। डीएम ने अधिशासी अभियंता लोनिवि को शोभायात्रा, जुलूस के अंतर्गत सड़कों के गड्ढे भरवाने का निर्देश दिया अधीक्षण अभियंता विद्युत को ढीले तारों व केबिलों को कसाने तथा निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। अधिशासी अधिकारी तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को सड़क किनारे की झाड़ियों की कटाई व सफाई करने का निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को त्योहारों के दृष्टिगत अस्पतालों में आवश्यक दवाओं, एंबुलेंस, डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।मूर्ति विसर्जन को लेकर घाटों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा।

जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी त्योहारों में पूजा पंडाल, मंच व जूलूस के आयोजन से पूर्व प्रशासन की अनुमति लेना अनिवार्य है।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूजा पंडालों व मंच की स्थापना की अनुमति प्रदान करने से पूर्व आयोजकों द्वारा यह सुनिश्चित करा लें की पूजा पंडाल व मंच की स्थापना से सार्वजनिक आवागमन प्रभावित ना हो, कहीं पर भी मूर्तियों की स्थापना, पंडाल आदि सार्वजनिक स्थानों तथा सड़क पर न लगाया जाए। मूर्तियों की स्थापना परम्परागत परंतु खाली स्थान पर की जाए,उनका आकार यथासंभव छोटा रखा जाए तथा मैदान की क्षमता से अधिक लोग ना रहे। मूर्तियों के विसर्जन में यथासंभव छोटे वाहनों का प्रयोग किया जाए मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम में न्यूनतम व्यक्ति ही शामिल हो, विसर्जन के रूट प्लान, विसर्जन स्थलों का चिन्हांकन, अधिकतम व्यक्तियों की संख्या का निर्धारण जैसे बिंदुओं की पूर्व में ही योजना बना ली जाए तथा इसे दृढ़ता से लागू किया जाए, मूर्ति विसर्जन आदि के समय भीड़ निर्धारित सीमा से अधिक ना हो, विशेष सतर्कता बरती जाए,ऐसे स्थलों जहां पर अधिक संख्या में लोग एकत्र होते हैं।वहां पर भी विशेष सतर्कता तथा ऐसे स्थानों पर संभावित घटनाओं को पूर्वानुमान लगाया जाना व किसी घटना के घटित होने पर तत्परता से प्रभावी कार्यवाही की जाए,संवेदनशील,सांप्रदायिक क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाए। त्योहारों पर सार्वजनिक स्थल यथा बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन और संवेदनशील स्थान, धार्मिक स्थल पर यथावश्यक व्यवस्थाएं चेकिंग इत्यादि कराई जाए, सघन जांच एवं तलाशी की व्यवस्था के लिए पर्याप्त सुरक्षा दल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। असामाजिक तत्व एवं अफवाह फैलाने वालों पर विशेष ध्यान दिया जाए सोशल मीडिया की नियमित मॉनिटरिंग की जाए एवं कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट संज्ञान में आते ही तत्काल ब्लॉक करते हुए प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।इसके साथ ही धारा 163 का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी दशा में शस्त्रों का प्रदर्शन ना हो एवं अवैध शस्त्रों को लेकर चलने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में कहीं पर भी अवैध रूप से पटाखों का निर्माण ना हो इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अराजक तत्वों को चिन्हित कर उन पर कड़ी कार्यवाही करें, साथ ही सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर बनाए रखें, अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल निरोधात्मक कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि सभी त्यौहार परम्परागत रूप से मनाएं, कहीं पर भी कोई नई परम्परा न डालें। पंडाल में हर समय कोई न कोई जरुर रहें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी थानाध्यक्ष,पूजा समितियों के प्रतिनिधि व अन्य संबंधित मौजूद रहे।



# सेंट जेवियर्स स्कूल के बैगपाइपर बैंड की स्वर लहरियों ने बांधा समां

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में शनिवार को आयोजित जिला स्तरीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता में सेंट जेवियर्स स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति देकर समा बांध दिया ।

जानकारी के अनुसार 20 सितंबर को जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद के निर्देश एवं संरक्षण में जनपद स्तरीय स्कूल बैंड 2025 प्रतियोगिता का आयोजन जनपद बलरामपुर में आदर्श सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में किया गया। जिला स्तरीय इस बैंड प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका आचार्य नितिन त्रिपाठी, घोष प्रमुख, गोंडा रीजन एवं जिला समन्वयक बलरामपुर संजय कुमार यादव के द्वारा निभाई गई। विभिन्न विद्यालयों के बैंड संचालन के प्रदर्शन को देखते हुए सर्वसम्मति से सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल बलरामपुर के बैगपाइपर बैंड को विजेता घोषित किया गया। इस दौरान पथ संचलन (मार्च पास्ट ) में विशेष प्रदर्शन समूह रचना, गणवेश, फॉर्मेशन, प्रस्तुतीकरण का समय एवं समय अनुसार समापीकरण, बजाने की कला, गुणवत्ता , दुत्र गति से पथ संचालन एवं धीमी गति से पथ संचलन पर निर्णायक मंडल के प्रमुखो ने सूक्ष्मियाक्षण करते हुए सेंट जेवियर्स सीनियर सेकन्डरी स्कूल के बैंड को विजेता घोषित किया।इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आसिम रूमी प्राचार्य सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल बलरामपुर एवं बृजेश नारायण सिंह प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर रहे। प्राचार्य सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल बलरामपुर ने अपने उद्बोधन में कहा स्कूल बैंड बच्चों में अनुशासन तालमेल और एक साथ चलने की आदत विकसित करता है। जब सब एक धुन पर वाद्य यन्त्र बजाते है तो समूहिकता और सहयोग की भावना मजबूत होती है। स्कूल बैंड समारोहों में उत्साह और जोश भर देता है। बैंड की प्रैक्टिस बच्चों को समय का महत्तव सिखाती है। ताल मेल बिठाने के लिए धैर्य और निरंतर अभ्यास की आदत भी विकसित होती है। बैंड में शामिल होकर विद्यार्थी वाध यन्त्र बजाना सीखता है और संगीत के प्रति लगाव पैदा होता है और आत्मविश्वास भी बढ़ता है .

स्कूल बैंड कोच श्री जय प्रकाश ने बताया ग्रुप में 23 बच्चों ने प्रतिभाग किया - अनीत श्रीवास्तव, आदित्य चौहान, मानस चौहान अथर्व श्रीवास्तव, सहज अग्रवाल, रुद्रांश शर्मा, रोबिन तिवारी, आदित्य सिंह, अली नवाज़ आलम, अरहान खान, आसिफ जुनैद, भारत देव, पियूष श्रीवास्तव, कौशलेन्द्र पांडेय, दीक्षांत पटेल, अंश मिश्रा, कार्तिक सिंह, सज्जन सिंह, अभिजीत, हिमेश पाठक, अलिंद, शुभेन्द्र प्रताप सिंह व मोहम्मद रेहान ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया और विजेता स्थान प्राप्त किया।



### नौचंदी एक्सप्रेस पलटाने की साजिश, सीआईडी ने शुरू की जांच

**रायबरेली।** पटरी पर स्लीपर रखकर बीते मंगलवार को नौचंदी एक्सप्रेस को डिरेल करने की कोशिश की जांच सीआईडी ने शुरू कर दी है। लखनऊ और वाराणसी सीआईडी की संयुक्त टीम ने रेलवे के मंडलीय अफसरों के साथ घटनास्थल की जांच की।

फिलहाल अभी तक कोई अहम सुराग पुलिस के हाथ नही लगा है। मंगलवार रात सहारनपुर की तरफ जाने वाली नौचंदी पटरी पर रखे हुए स्लीपर से टकरा गई थी। ज़ोरदार आवाज के आने से इसमे सवार यात्री काफी डर गए थे। पटरी पर स्लीपर रखकर ट्रेन पलटाने की कोशिश करने वाली घटना को लेकर रेलवे गंभीर है। यह घटना प्रतापगढ़ के नवाबगंज क्षेत्र के गांव के पास घटी थी, इसीलिए इस घटना की एफआईआर, नवाबगंज थाने में दर्ज कराई गई थी। मामले की जांच थाने की पुलिस के साथ आरपीएफ व राजकीय रेलवे पुलिस की टीम कर रही है, पर अभी तक इनके हाथ खाली है।

# घटिया सड़क निर्माण पर ग्रामीणों का विरोध

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के जलालपुर तहसील अंतर्गत क्षेत्र अन्तर्गत घटिया सड़क निर्माण को लेकर सम्मनपुर के ग्रामीणों ने विरोध जताया। स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए जांच की मांग की है। और निर्माण की गुणवत्ता में सुधार की मांग की है।

बरियावन- पट्टी मुख्य मार्ग से जुड़े सम्मनपुर गांव में राम प्रताप के घर से आगे मंदिर तक करीब 900 मी. निर्माण खंड से सड़क निर्माण प्रस्तावित है। सड़क निर्माण का ठेका रिंकू श्रीवास्तव को मिला है। इनसे ठेका लेकर कार्य आदित्य वर्मा करा रहे हैं। सड़क निर्माण मानक के अनुरूप न होने से ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर की है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण में एक भी कार्य मानक के अनुरूप नहीं कराया जा रहा है। सड़क निर्माण में इस्तेमाल की जा रही डामर इतनी कम मात्रा में हो रही है कि सड़क निर्माण के लिए बिछाई गई गिट्टी आसानी से बटोर कर इकट्ठा किया जा सकता है।

सड़क की धूल मिट्टी भी ठीक से साफ नहीं की जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण में जिस तरह से लापरवाही बरती जा रही है ऐसे में यह कितना दिन चलेगा इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता है। घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताया। विरोध जताने वालों में विशाल, मनोज, सीताराम, राम केवल, मंसाराम दुखीराम, शिवपूजन आदि स्थानीय ग्रामीण शामिल रहे। निर्माण खंड अधिशासी अभियंता अश्वनी पांडे ने कहा कि सड़क निर्माण की जांच कराई जा रही है। निर्माण मानक के अनुसार ही कराया जाएगा।



# ड्राइंग प्रतियोगिता में मेधावियों ने किया अपनी कला का प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में शनिवार को नगर के डिवाइन पब्लिक स्कूल में सिटी कार्ट मॉल के सौजन्य से ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के 1000 से अधिक बच्चों ने भाग लिया और अपनी कला-कौशल से सभी को प्रभावित किया।

जानकारी के अनुसार 20 सितंबर को डिवाइन पब्लिक स्कूल नगर का एक प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थान है, जो शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के लिए भी जाना जाता है। विद्यालय ने अपनी अनुशासन, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, और सर्वांगीण विकास की सोच के कारण नगर में विशेष पहचान बनाई है। यही कारण है कि नगर की विभिन्न संस्थाएं व विभाग - चाहे वह स्वास्थ्य विभाग हो, सामाजिक संगठन हो या निजी कंपनियां अपने कार्यक्रमों के आयोजन हेतु प्रायः डिवाइन पब्लिक स्कूल को ही चुनते हैं। इस अवसर पर सिटी कार्ट मॉल के स्टोर मैनेजर श्री विनय सिंह, असिस्टेंट स्टोर मैनेजर श्री कृष्णानंद पांडेय तथा स्टाफ सदस्य श्री अभिषेक त्रिपाठी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय के शिक्षकों और सिटीकार्ट टीम के संयुक्त प्रयास से प्रतियोगिता का सफल आयोजन संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रकृति, सामाजिक संदेश, राष्ट्रीय एकता और रचनात्मक सोच को अपनी रंगों की दुनिया में उतारा। निर्णायक मंडल के लिए प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान चुनना कठिन कार्य रहा, क्योंकि सभी चित्र एक से बढ़कर एक थे। अंततः विजयी छात्रों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि डिवाइन पब्लिक स्कूल लगातार ऐसे आयोजनों से बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करता है और नगर के शैक्षिक वातावरण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। विद्यालय प्रबंधन ने सिटीकार्ट टीम का आभार प्रकट किया और आश्वस्त किया कि आगे भी इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से छात्रों की प्रतिभा को निखारने का कार्य किया जाता रहेगा। इस अवसर पर बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने लायक थी। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं न केवल उनकी प्रतिभा को निखारती हैं, बल्कि उन्हें बड़े मंच पर अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर भी देती हैं।



### एनटीपीसी में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के तहत सामूहिक वृक्षारोपण एवं स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न

**रायबरेली।** 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के तहत एनटीपीसी ऊँचाहार में पर्यावरणीय संतुलन एवं सामाजिक दायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

परियोजना परिक्षेत्र में व्रहद वृक्षारोपण किया गया। एनटीपीसी ऊँचाहार के कार्यकारी निदेशक अभय कुमार श्रीवास्तव सहित दिलीप कुमार साहू, महाप्रबंधक (प्रचालन); एस. यू. हरीदास, महाप्रबंधक (अनुरक्षण); तथा राम बिहारी शुक्ल, रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर, ऊँचाहार सहित विभागाध्यक्ष एवं अन्य कर्मचारियों ने कुल 70 बांस के पौधे लगाए।

卐एक पेड़ माँ के नाम 2.0卐 पहल के तहत अब तक एनटीपीसी ऊँचाहार द्वारा 45,000 पौधे लगाए जा चुके हैं। समग्र रूप से परियोजना द्वारा 14.5 लाख से अधिक पौधारोपण किया गया है, जिसमें रायबरेली क्षेत्र में मियावाकी पद्धति से 21,000 पौधों का रोपण शामिल है। इन प्रयासों से प्रकृति को ऑक्सीजन प्रदान करने और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में एनटीपीसी ऊंचाहार अपनी सामाजिक ज़िम्मेदारी का निर्वाह कर रहा है।

# मिशन शक्ति फेज-5.0 का किया गया शुभारम्भ

- विभिन्न विभागों में बेहतर कार्य करने वाली मातृ शक्तियों को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद स्तरीय कार्यक्रम में सदस्य विधान परिषद हरिओम पांडे द्वारा मातृ शक्तियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि हमारे देश में वैदिक काल से ही मातृ शक्तियों के पूजा की जाती रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार इस मिशन शक्ति अभियान के द्वारा हमारी माता बहनों एवं बेटियों को जागरुक कर उन्हें उनका अधिकार एवं सम्मान प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने **मिशन शक्ति फेज-5.0** के शुभारंभ के अवसर पर महिला कल्याण विभाग सहित समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुसार जनपद में महिलाओं, बेटियों के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं का जमीनी स्तर पर शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग अपनी अपनी कार्य योजना बनाकर शासन के मंशा के अनुसार अपेक्षित कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार पंचायत स्तर पर पंचायत भवन में पहुंचकर सभी संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक महिलाओं की समस्याओं का प्रभावी निराकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को महिलाओं से संबंधित संचालित योजनाओं से संतृप्ता प्रतिशत को बढ़ाने केनिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निराश्रित महिला पेंशनयोजना, रानी लक्ष्मीबाई योजना सहित समस्त योजनाओं से प्रत्येक पात्र लाभार्थी को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुनिश्चित किया जाए की कोई भी पात्र लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित न रहे।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं की समस्याओं के निराकरण को सुविधाजनक बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत हर ग्राम पंचायत में पहुंचकर महिलाओं को जागरूक किया जाएगा, उन्हें योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सार्वजनिक स्थलों, घरों, भूमि विवाद आदि से संबंधित समस्याओं का शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने मिशन शक्ति फेज 5.0 के सफल आयोजन हेतु सभी से सहयोग करने की अपेक्षा व्यक्ति की।

कार्यक्रम के अंत में सदस्य विधान परिषद, अध्यक्ष जिला पंचायत, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में बेहतर कार्य करने वाली पंचायत सहायकों, आशाओं, ग्राम पंचायत सचिवों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, स्वयं सहायता समूह की दीदियों सहित पुलिस, चिकित्सा एवं महिला समाज सेवियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित एवं प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार शैवाल, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहित संबंधितअधिकारियों सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्तियां उपस्थित रहीं।



## एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने सेफ सेकंड अकाउंट पेश किया

नईदिल्ली, एजेंसी। आज डिजिटल भुगतान दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। किराना स्टोर से लेकर शॉपिंग मॉल्स, ओटीटी सब्सक्रिप्शन, ट्रैवल की बुकिंग, यूटिलिटी बिल और ऑनलाईन शॉपिंग आदि सभी का भुगतान यूपीआई के माध्यम से किया जा रहा है। इससे जहाँ एक तरफ लोगों की सुविधा बढ़ी है, तो दूसरी तरफ ऑनलाईन धोखाधड़ी का जोखिम भी काफी ज्यादा हो गया है, जिसमें फिशिंग, जाली ऐप, सिम स्वैप और अनधिकृत लेन-देन आदि शामिल हैं। इसलिए ग्राहकों को भुगतान करने के साथ मन की शांति प्रदान करने के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने सेफ सेकंड अकाउंट शुरुआत की है। यह भुगतान करने का ज्यादा स्मार्ट और सुरक्षित तरीका है। यह ग्राहकों को अपनी मुख्य बचत सुरक्षित रखने में समर्थ बनाता है। वो रोजमर्रा के भुगतान के लिए अपने सेकंड अकाउंट के रूप में एयरटेल पेमेंट्स बैंक का खुलकर उपयोग कर सकते हैं।

## मप्र में हृदय रोगों का खतरा तेज़ी से बढ़ रहा: डॉ. आर.एस. मीणा

भोपाल। मध्यप्रदेश में हृदय रोगों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। मई से नवंबर 2024 के बीच 108 एंबुलेंस सेवा को मिले कार्डियक इमरजेंसी कॉल्स में लगभग पाँच गुना इजाफा हुआ है। सात महीनों में 15,000 से अधिक दिल से जुड़ी आपात स्थितियों में एंबुलेंस को दखल देना पड़ा, जो इस संकट की गंभीरता को साफ दिखाता है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि 82 प्रतिशत से अधिक मामलों में मरीज छह घंटे से ज़्यादा देर बाद अस्पताल पहुँचे, जब इलाज का सुनहरा समय निकल चुका था। औसत उम्र 52 साल है, लेकिन अब युवाओं में भी अचानक हृदयाघात के मामले बढ़ रहे हैं। भोपाल, जिसे तालाबों के शहर के साथ-साथ खानपान की राजधानी भी माना जाता है, अपनी समृद्ध पकवान परंपरा के लिए मशहूर है। भोपाली गोश्त कोरमा, पाया सूप, भुट्टे का कीस और सुबह का पोहा-जलेबी इस शहर की पहचान हैं। लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि यह जायका, अगर संतुलन और सजगता के बिना जारी रहा, तो दिल की बीमारियों का बड़ा कारण बन सकता है। भोपाल का खाना हमारी संस्कृति की जान है। गोश्त कोरमा से लेकर पोहा-जलेबी तक यह शहर अपने स्वाद के लिए पहचाना जाता है, कहते हैं डॉ. आर.एस. मीणा, डीएम कार्डियोलॉजी, अनंत हार्ट हॉस्पिटल, भोपाल। लेकिन जब यही खाना निष्क्रिय जीवनशैली और देर से इलाज के साथ जुड़ता है, तो नतीजा जानलेवा साबित होता है।

## ग्लोब सिविल प्रोजेक्ट्स ने 13.11 करोड़ का ईपीसी कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया

नई दिल्ली, एजेंसी। ग्लोब सिविल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड यह घोषणा करते हुए प्रसन्न है कि उसने टेलीकॉम कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड से 13.11 करोड़ मूल्य का लेटर ऑफ इंटेंट प्राप्त किया है। यह परियोजना राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) दिल्ली कैंपस में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण और 11 केवी ॥अ रिंग मेन की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग का ईपीसी-II आधार पर कार्य है। यह नवीनतम अनुबंध कंपनी की निष्पादन क्षमता पर संस्थानों द्वारा निरंतर विश्वास को दर्शाता है। इस परियोजना के जुड़ने से कंपनी की ऑर्डर बुक और मजबूत होगी और देश भर में बड़े पैमाने पर असाइनमेंट्स में उसकी उपस्थिति को और बढ़ावा मिलेगा। आदेश प्राप्त होने पर, ग्लोब सिविल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के अध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशक श्री वेद प्रकाश खुराना ने कहा, टीसीआईएल से यह आदेश कंपनी की शिक्षा और संस्थागत बुनियादी ढांचा क्षेत्र में जटिल ईपीसी परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले भरोसेमंद साझेदार के रूप में प्रतिष्ठा को मजबूत करता है। तकनीकी रूप से उन्नत और समयबद्ध ईपीसी परियोजना को अपने पोर्टफोलियो में जोड़कर, कंपनी न केवल अपनी निष्पादन क्षमता का विस्तार करती है।

### 50 प्रतिशत छूट, 80 प्रतिशत छूट... कपड़े और जूते की

# दुकानों पर अब नहीं दिखेंगे ऑफर!

नई दिल्ली, एजेंसी।
कई बार हम कपड़ों और जूतों की दुकानों पर तरह-तरह की छूट के ऑफर देखते रहे हैं। दुकानदार सामानों पर 50 प्रतिशत, 80 प्रतिशत आदि तक की छूट ऑफर करते हैं। लेकिन 22 सितंबर से शायद ऐसे ऑफर देखने को न मिलें। इसका कारण जीएसटी दर में हुआ बदलाव है। दरअसल, कपड़ा और जूते बनाने वाली कंपनियां और दुकानदार जीएसटी की दर कम होने का पूरा फायदा ग्राहकों को दे रहे हैं। यह फायदा 2,500 से कम कीमत वाले सामान पर मिल रहा है। लेकिन अब कंपनियां अपने मुनाफे से जो छूट देती हैं, वह कम हो जाएगी।

**कंपनियां नहीं देंगी छूट:** कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि टैक्स कम होने से सामान सस्ता होगा और बिक्री बढ़ेगी। इससे उनके पास बिना बिका सामान कम हो जाएगा। इसलिए वे अपनी तरफ से दी जाने वाली छूट को कम कर सकते हैं। पिछली दस तिमाहियों से इन कंपनियों का काम छूट और सेल के भरोसे ही चल रहा था, क्योंकि मांग बहुत कम थी। यानी अब आपको 50 प्रतिशत छूट, 80 प्रतिशत छूट जैसे ऑफर देखने को बहुत कम मिलेंगे।



### सोमवार से मिलेगा ग्राहकों को फायदा

डिपार्टमेंटल रिटेल चेन लाइफस्टाइल इंटरनेशनल के चीफ एग्जीक्यूटिव देवरंजन अय्यर ने कहा कि ब्रांड ल्ख्ञ का 7 प्रतिशत फायदा (12 प्रतिशत से 5 प्रतिशत) ग्राहकों को देंगे। यह फायदा सोमवार से मिलेगा, जब नई दरें लागू होंगी। लेकिन उनकी तरफ से दी जाने वाली छूट भी उतनी ही कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि वे इस रविवार तक सभी सामान पर नए दाम लिख देंगे और ग्राहकों को पूरा फायदा देंगे। जूते बनाने वाली कंपनी वुडलैंड के मैनेजिंग डायरेक्टर हरकिरत सिंह ने कहा कि छूट में कमी आएगी।

## 2025 के अंत तक 400 मिलियन डिवाइस पर मिलेगा गैलेक्सी एआई

गुरुग्राम, एजेसी। सैमसंग ने आज घोषणा की है कि वह 2025 के अंत तक दुनिया भर में 400 मिलियन डिवाइस पर गैलेक्सी एआई उपलब्ध कराएगा। वर्ष 2024 में कंपनी ने दुनिया का पहला एआई फोन - गैलेक्सी स्24 सीरीज़ लॉन्च किया था, जिसने मोबाइल एआई इनोवेशन की दिशा तय की। इसके बाद सैमसंग ने अपने एआई इकोसिस्टम को स्मार्टवॉच, टैबलेट, पीसी और अन्य डिवाइस तक विस्तार दिया। गैलेक्सी डिवाइस की मांग इस समय रिकॉर्ड स्तर पर है। गैलेक्सी स्25 के 70त्न से अधिक यूज़र सक्रिय रूप से गैलेक्सी एआई का उपयोग कर रहे हैं। वहीं हाल ही में लॉन्च हुई गैलेक्सी सीरीज़ ने वन यूआई 8 के ज़रिए और भी उन्नत फीचर्स के साथ एआई को और अधिक यूज़र्स तक पहुँचाया है। पिछले दो वर्षों में गैलेक्सी एआई ने दुनिया भर में तेज़ी से लोकप्रियता हासिल की है। वन यूआई के जरिए इसमें लगातार नए और उपयोगी फीचर्स जोड़े गए हैं। सैमसंग का लक्ष्य है कि इस साल के अंत तक 400 मिलियन से अधिक डिवाइस पर गैलेक्सी एआई का अनुभव उपभोक्ताओं तक पहुँचाया जाए। सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले गैलेक्सी एआई फीचर्स में फोटो असिस्ट और ऑडियो इरेज़र शामिल हैं। गैलेक्सी स्25 यूज़र्स में इनका इस्तेमाल, गैलेक्सी स्24 की तुलना

## ओप्पो इंडिया के पोर्टफोलियो पर ग्रांड फेस्टिव सेल शुरू

मुंबई, एजेंसी।
ओप्पो इंडिया ने त्योहारों की खुशी बढ़ाते हुए अपनी सबसे बड़ी फेस्टिवल सेल, 'पे 0, वरी 0, विन 10 लाख' पेश की है। इस सेल के अंतर्गत ग्राहकों को 19 सितंबर से 31 अक्टूबर के बीच ओप्पो की सभी डिवाईस पर बेहतरीन ऑफर मिलेंगे, जिनमें नई लॉन्च की गई एफ31 सीरीज़ और रेनो14 सीरीज़ भी शामिल हैं। ये ऑफर ओप्पो ई-स्टोर, फ्लिपकार्ट और अमेज़न पर उपलब्ध होंगे। ओप्पो फेस्टिव सेल में ग्राहकों को कई एक्सक्लुसिव बेनेफिट्स का लाभ मिलेगा, जिनमें जीरो डाउन पेमेंट, इंटरेस्ट-फ्री ईएमआई, इंस्टेंट कैशबैक, आकर्षक एक्सचेंज स्कीम और 10 लाख या 1 लाख रुपये के कैश पुरस्कार के साथ ओप्पो की लेटेस्ट डिवाईस जीतने का मौका शामिल है।

ओप्पो इंडिया के हेड-पीआर एंड कम्युनिकेशंस, गोल्डी पटनायक ने इन ऑफरों के बारे में बताया कि ओप्पो में हम इन त्योहारों को अपने ग्राहकों के लिए खास बनाना चाहते हैं। हम पूरी तरह से अपने ग्राहकों पर केंद्रित रहकर काम करते हैं, और यह ग्रांड फेस्टिव बोनांज़ा हमारे ब्रांड में भरोसा करने के लिए उनके प्रति हमारा हार्दिक अभिनंदन है। फेस्टिव शॉपिंग के दौरान ज्यादा लाभ ज्यादा खुशी प्रदान करता है। इसलिए हमने अपने ऑफर आकर्षक डील, डिस्काउंट और रिवार्ड के साथ पेश किए हैं। हमारी डिवाईस अलग-अलग मूल्यवर्गों में बेजोड़ ड्यूरेबिलिटी, आधुनिक एआई कैमरा क्षमताएं और बेहतरीन परफॉर्मेंस प्रदान करती हैं। इसलिए वो भिन्न-भिन्न श्रेणी के ग्राहकों की जरूरतें पूरी करने में सक्षम हैं। माई ओप्पो दीवाली रैफल बेहतरीन रिवार्ड्स के साथ और ज्यादा खुशी देने के लिए डिज़ाईन किया गया है।




### भारत की सबसे सुरक्षित हैचबैक: ऑल-न्यू अल्ट्रोज़ को पेट्रोल, डीज़ल पर मिली रेटिंग

## 5-स्टार रेटिंग पाने वाली इकलौती सीएनजी कार बनी

मुंबई, एजेंसी।
देश की अग्रणी ऑटोमोबाइल निर्माता टाटा मोटर्स ने आज घोषणा की कि ऑल-न्यू अल्ट्रोज़ को भारत एनसीएपी (बी-एनसीएपी) से 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग प्राप्त हुई है। वयस्क सुरक्षा श्रेणी में 29.65/32 और बच्चों की सुरक्षा श्रेणी में 44.9/49 अंकों के साथ, अल्ट्रोज़ अब आधिकारिक रूप से भारत की सबसे सुरक्षित हैचबैक बन गई है।



अल्ट्रोज़ पहले ही सुरक्षा के लिए एक मानक स्थापित कर चुकी है। वर्ष 2020 में यह ग्लोबल एनसीएपीसे 5-स्टार रेटिंग पाने वाली भारत की पहली हैचबैक बनी थी। खास बात यह है कि यह देश की एकमात्र प्रीमियम हैचबैक है, जो पेट्रोल, डीज़ल और सीएनजी- तीनों विकल्पों में उपलब्ध है। अब इसने इतिहास रचा है क्योंकि यह अपने सेगमेंट की पहली कार बन गई है, जिसे भारत एनसीएपी के तहत सभी पावरट्रेन (पेट्रोल, डीज़ल और सीएनजी ) पर 5-स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है। इसके साथ ही, यह भारत की पहली सीएनजी कार भी बन गई है, जिसे इतनी ऊँची सुरक्षा रेटिंग मिली है। यह उपलब्धि दिखाती है कि अल्ट्रोज़ हर फ्यूल टाइप में सबसे सुरक्षित और भरोसेमंद विकल्प बनी हुई है। इस उपलब्धि पर अपनी खुशी जताते हुए, श्री मोहन सावरकर, वाइस प्रेसिडेंट और चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड, ने कहा, अल्ट्रोज़ हमेशा से प्रीमियम हैचबैक सेगमेंट में अग्रणी रही है। आधुनिक डिज़ाइन, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और मल्टी-पावरट्रेन विकल्पों के साथ यह ग्राहकों को सचमुच 'स्पेशल फील' कराती है। अब भारत एनसीएपीसे पेट्रोल, डीज़ल और सीएनजीपर 5-स्टार रेटिंग हासिल कर, अल्ट्रोज़ ने एक बार फिर उद्योग के नए मानक तय किए हैं और देश की सबसे सुरक्षित हैचबैक के रूप में अपनी पहचान को मजबूत किया है। यह उपलब्धि हमारी उस प्रतिबद्धता को भी दोहराती है, जिसके तहत हम अपने ग्राहकों को भरोसेमंद और सुरक्षित वाहन उपलब्ध कराने का वादा करते हैं।

### भरोसे की परंपरा को आगे बढ़ा रही है

मई 2025 में लॉन्च हुई ऑल-न्यू अल्ट्रोज़ अपनी सुरक्षा और भरोसे की परंपरा को आगे बढ़ा रही है। टाटा मोटर्स की भरोसेमंद अल्फा (एजाइल लाइट फ्लेक्सिबल एडवांस्ड) आर्किटेक्चर पर बनी यह कार डायमंड स्ट्रेंथ सेफ्टी शील्ड के साथ आती है, जो मज़बूत स्ट्रक्चर और सुरक्षित क्रंपल ज़ोन प्रदान करती है। भारत की सबसे सुरक्षित हैचबैक होने के नाते, अल्ट्रोज़ में स्टैंडर्ड रूप से छह एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी प्रोग्राम और आईएसओफिक्स चाइल्ड सीट रेस्ट्रेंट शामिल हैं। अल्ट्रोज़ प्रीमियम अनुभव भी प्रदान करती है।

## एसबीआई फाउंडेशन ने 'एसबीआई प्लेटिनम जुबली आशा स्कॉलरशिप 2025' की घोषणा की

मुंबई, एजेंसी।
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की सीएसआर इकाई, एसबीआई फाउंडेशन ने 'एसबीआई प्लेटिनम जुबली आशा स्कॉलरशिप 2025' की शुरुआत की है। इस वर्ष, यह कार्यक्रम पूरे भारत के 23,230 मेधावी और वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों को सशक्त बनाएगा और उन्हें देश के भविष्य के नेता व राष्ट्र-निर्माता बनने में सहयोग देगा। इसके साथ ही, युवा प्रतिभाओं के समर्थन को जारी रखते हुए, एसबीआई ने वित्त वर्ष 2026 के लिए 90 करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप देने की प्रतिबद्धता जताई है। 2022 में शुरू हुई एसबीआई आशा स्कॉलरशिप, एसबीआई की युवा भारतीयों के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह स्कॉलरशिप वंचित समुदायों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा सुलभ बनाकर समूह की समावेशी विकास और दीर्घकालिक राष्ट्र-निर्माण की दृष्टि को मजबूत करती है। इस वर्ष जब हम अपना प्लेटिनम जुबली उत्सव मना रहे हैं, हमें गर्व है कि हमने 'एसबीआई प्लेटिनम जुबली आशा स्कॉलरशिप' लॉन्च की है। इस पहल से हम 23,230 प्रतिभाशाली लेकिन साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों का सहयोग करेंगे, उनके सपनों को पूरा करने में उनकी मदद करेंगे और उन्हें अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचने का अवसर देंगे। इन स्कॉलर्स के लिए एक मजबूत ईको सिस्टम बनाकर, हम उन्हें प्रगति के अगुआ बनाने और 2047 तक विकसित भारत के विज़न में सार्थक योगदान देने के लिए सक्षम करना चाहते हैं।



## एमएसएमई को समय पर ऋण उपलब्ध कराने गोदरेज-मुथूट की साझेदारी

मुंबई, एजेंसी। गोदरेज कैपिटल की सहायक कंपनी गोदरेज फाइनेंस ) ने मुथूट फिनकॉर्प के साथ मिलकर एक नई सह-ऋण (को-लेंडिंग) साझेदारी की शुरुआत की है। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य टियर-2 और टियर-3 शहरों में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए ऋण की उपलब्धता को बढ़ाना है। इस पहल में मुथूट फिनकॉर्प की मजबूत उपस्थिति और इन क्षेत्रों में गहरी पैठ का लाभ उठाया जाएगा, जिससे छोटे व्यवसायों को उनकी वित्तीय ज़रूरतों को पूरा करने में आसानी होगी।

इस साझेदारी के तहत लोन अगेंस्ट प्रॉपर्टी 10 लाख से लेकर 75 लाख तक उपलब्ध कराया जाएगा, जिसका औसत टिकट साइज 15 लाख होगा। देशभर में फैले नेटवर्क के साथ यह पेशकश समय पर और सरल क्रेडिट की मांग वाले बाजारों तक पहुंचने के लिए उपयुक्त है। जल्द ही इसमें गोल्ड लोन और हाउसिंग लोन जैसे अन्य प्रोडक्ट्स भी शामिल किए जाएंगे। डिजिटल इंटीग्रेशन के माध्यम से यह साझेदारी तेज़ अप्रूवल, अधिक पारदर्शिता और ऋब्ढ्ढ के को-लेंडिंग ढांचे के अनुरूप संचालन सुनिश्चित करेगी। समझौते की शर्तों के अनुसार, 80त्न जोखिम गोदरेज फाइनेंस वहन करेगी।

## यूनिहेल्थ - यूएमसी हॉस्पिटल्स ने भारत में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया

### नासिक में 200-बेड वाले मल्टी-स्पेशालिटी अस्पताल के साथ

मुंबई। यूनिहेल्थ हॉस्पिटल्स लिमिटेड जो अफ्रीका भर में अस्पतालों, मेडिकल सेंटरों, कंसल्टेंसी, फार्मा वितरण और मेडिकल ट्रैवल सहित व्यापक ऑपरेशनों के साथ एक वैश्विक हेल्थकेयर प्रदाता है, ने भारत में अपनी दूसरी हेल्थकेयर सुविधा की घोषणा की है। यह महाराष्ट्र के नाशिक में एक 200-बेड वाला अत्याधुनिक मल्टी-स्पेशालिटी टर्शियरी केयर अस्पताल होगा, जिसे अगले कैलेंडर वर्ष की शुरुआत में चालू करने की योजना है। नाशिक का यूएमसी हॉस्पिटल एक अगली पीढ़ी का स्वास्थ्य सेवा केंद्र बनने की कल्पना है, जो उन्नत चिकित्सा तकनीक, अत्याधुनिक अवसंरचना और व्यापक विशेषज्ञ सेवाओं से लैस होगा। इसका उद्देश्य उत्तर महाराष्ट्र और आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को नए सिरे से परिभाषित करना है। यह विस्तार यूनिहेल्थ के विकास यात्रा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। समूह पहले ही अपने प्रमुख टर्शियरी केयर केंद्र, यूएमसी विक्टोरिया हॉस्पिटल, कंपाला, युगांडा का संचालन कर रहा है और अक्टूबर 2025 में अपनी पहली भारतीय सुविधा, 52-बेड वाले यूएमसी हॉस्पिटल, नवी मुंबई को चालू करने की तैयारी कर रहा है। इसके अतिरिक्त, 20-बेड वाला यूएमसी हेल्थ सेंटर म्वांजा, तंज़ानिया में 2025 के अंत तक परिचालित हो जाएगा। ये सभी परियोजनाएँ भारत और अफ्रीका में एक एकीकृत स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए यूनिहेल्थ की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। आगामी नाशिक अस्पताल समुदाय की बदलती स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न विशेषज्ञताओं और सुपर-विशेषज्ञताओं को एक साथ लाएगा। चौबीसों घंटे आपातकालीन और दुर्घटना सेवाएं प्रदान करेगा। उन्नत चिकित्सीय विशेषज्ञता और मरीज-मित्रवत अवसंरचना को मिलाकर, यूएमसी हॉस्पिटल, नाशिक किफायती, सुलभ और विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में नए मानदंड स्थापित करने का लक्ष्य रखता है। प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, यूनिहेल्थ हॉस्पिटल्स के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक डॉ. अक्षय परमार ने कहा, नाशिक में हमारी दूसरी भारतीय सुविधा का शुभारंभ हमारे सफर में एक गर्व का मील का पत्थर है।

## सैमसंग ने भारत में लॉन्च किया गैलेक्सी एस25 एफई

गुरुग्राम, एजेंसी।
भारत के सबसे बड़े कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज भारत में नया गैलेक्सी एस25 एफई स्मार्टफोन और गैलेक्सी बड्स3 एफई पेश किया। यह स्मार्टफोन पर्सनलाइज़्ड एआई अनुभव और एआई-पावर्ड फोटोग्राफी एवं एडिटिंग टूल्स से लैस है। इसमें 4900द्बद्ध की लंबे समय तक चलने वाली बैटरी, मज़बूत आर्मर एल्युमिनियम फ्रेम और बड़े वेपर चैम्बर के साथ स्मूद गेमिंग परफॉर्मेंस मिलती है। 6.7 इंच का डायनेमिक एमोलेड 2एक्स डिस्प्ले और 120॥5 रिफ्रेश रेट यूज़र्स को बेहतरीन और डूबो देने वाला विज़ुअल अनुभव देता है।



गैलेक्सी एस25 एफईमें गैलेक्सी एआई को वन यूआई 8 और मल्टीमॉडल एआई एजेंट्स के साथ और बेहतर बनाया गया है। अब यूज़र्स आवाज़, टच और विज़ुअल इनपुट को एक साथ इस्तेमाल कर सकते हैं, जिससे रोज़मर्रा के काम आसान और तेज़ हो जाते हैं। इसमें जेमिनी लाइव, नाउ बार और गूगल का सर्किल टू सर्च जैसे स्मार्ट फीचर्स दिए गए हैं, जो बातचीत को बेहतर बनाते हैं, प्रोडक्टिविटी बढ़ाते हैं और हर दिन के कामकाज को सरल करते हैं। खास बात यह है कि ये सभी फीचर्स आपकी आदतों और ज़रूरतों के हिसाब से खुद को एडजस्ट कर लेते हैं। साथ ही, नई सिक्योरिटी प्रोटेक्शन आपके डेटा और व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखती है।

गैलेक्सी एस25 एफई अपने प्रोविज़ुअल इंजन और एआई-आधारित फीचर्स के साथ प्रीमियम कैमरा अनुभव प्रदान करता है। इसका नया 12एमपी फ्रंट कैमरा और भी साफ और शार्प सेल्फी देता है।

### खरीदिए मेन ऑफ़ प्लेटिनम का एम.एस. धोनी सिग्नेचर एडिशन

# इन त्योहारों की खुशी बढ़ाएं- मोमेंट विद माही के साथ

मुंबई, एजेंसी।
प्लेटिनम गिल्ड इंटरनेशनल इंडिया का प्रतिष्ठित मेन ऑफ़ प्लेटिनम ब्रांड इन उत्सव में ले कर आया है एम.एस. धोनी सिग्नेचर एडिशन। एक शानदार ज्वेलरी कलेक्शन, जो एक आधुनिक आइकन की अमर विरासत लिए हुए है। 95त्न शुद्धता यानी बहुमूल्य आभूषणों में शुद्धता के सर्वोच्च मानक वाले प्लेटिनम से बना यह हंस की सफेदी सा श्वेत है जो समय के साथ न तो मलिन होती है, न ही अपनी चमक खोती है। इसका हर एक आभूषण इस प्रकार बना है कि वह अतुल्य, अमर है। जैसे दाम वैसी शान। दृढ़ता, दुर्लभता और शाश्वतता का प्रतीक प्लेटिनम वही गुण समेटे हुए है, जिन्होंने एम.एस. धोनी के करियर को परिभाषित किया है- अटूट संकल्प, संतुलित धैर्य और मौन आत्मविश्वास।

इस नए कलेक्शन के डिज़ाइन धोनी के बेमिसाल सफ़र और उनके खास स्टाइल से प्रेरित हैं। इसमें मजबूत कनेक्शन और शक्ति का प्रतीक लिंक ब्रेसलेट्स, और दो रंगों वाले डिज़ाइन शामिल हैं जो उनकी सटीकता और सादगी भरे अंदाज़ को दिखाते हैं। डिज़ाइन साधारण होते हुए भी खासा आकर्षक हैं। साफ-सुथरी लाइनों, बारीक डिटेल्स और धोनी के सिग्नेचर की पहचान हर ज्वेलरी को बिल्कुल अलग बनाती है। इस कलेक्शन की खासियत यह है कि यह सुंदरता के साथ गहरा अर्थ भी जोड़ता है। यह सिर्फ स्टाइल के लिए पहनने वाली ज्वेलरी नहीं है, बल्कि यह उन मूल्यों की याद दिलाती है जिनसे इंसान अपनी ज़िंदगी जीता है। एम.एस. धोनी सिग्नेचर एडिशन उतना ही अर्थपूर्ण है जितना कि यह आकर्षक है।

और इस त्यौहार के मौसम में मैन ऑफ़ प्लेटिनम ला रहा है एक और खास मौका। इस कलेक्शन से खरीदारी करने पर ग्राहकों को मिल सकता है ज़िंदगी में एक बार मिलने वाला अनुभव, मुंबई में 2026 की शुरुआत में खुद एम.एस. धोनी से मिलने और बातचीत करने का सुनहरा मौका। यह ऑफर 18 सितंबर से 16 नवंबर 2025 तक चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध रहेगा, जिससे फैंस को धोनी के लिए अपने प्यार को एक निजी पल में बदलने का शानदार मौका मिलेगा।

### मैन ऑफ़ प्लेटिनम का एम.एस. धोनी सिग्नेचर एडिशन खरीदें और पाएँ एम.एस. धोनी से मिलने का सुनहरा मौका



### प्लेटिनम ग्रिड ब्रेसलेट

सुंदरता और मजबूती का शानदार संगम इस दो रंगों वाले कड़े में है, साथ ही इसके किनारों पर रोज़ गोल्ड की खूबसूरत डिज़ाइन उकेरी गई है। यह कड़ा 95 प्रतिशत शुद्ध प्लेटिनम से बना है, प्लेटिनम एक ऐसा धातु है जिसकी मजबूती सालों साल बरकरार रहती है, इसीलिए यह बहुत दुर्लभ है। इस पर क्रिकेट के महारथी एमएस धोनी के हस्ताक्षर हैं, जिससे यह उन लोगों के लिए परफेक्ट बन जाता है, जो बड़ी सौम्यता से अपने संकल्प की और बढ़ते है और जिनका व्यक्तित्व बडा दमदार होता है।

## बेसिलिक फ्लाई स्टूडियो ने वैश्विक विस्तार के लिए क्यूआईपी के माध्यम से 85 करोड़ जुटाए

चेन्नई, एजेंसी। बेसिलिक फ्लाई स्टूडियो लिमिटेड, जो विज़ुअल इफेक्ट्स की दुनिया में एक अग्रणी शक्ति है, ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट के माध्यम से 84.99 करोड़ सफलतापूर्वक जुटाए हैं। कंपनी ने 20.25 लाख इक्विटी शेयर जारी किए, जिनकी कीमत प्रति शेयर 419.72 रखी गई है, जिसमें 409.72 का प्रीमियम शामिल है।

इस पर टिप्पणी करते हुए बेसिलिक फ्लाई स्टूडियो लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री बालकृष्णन ने कहा- इस क्यूआईपी की सफल पूर्णता हमें अपनी वैश्विक विकास रणनीति को तेज़ी से आगे बढ़ाने के लिए वित्तीय मजबूती प्रदान करती है। हमें मिले जबरदस्त प्रतिसाद से हम उत्साहित हैं, खासकर जब 57 प्रतिशत भागीदारी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की रही। इस समर्थन के साथ, हम लंदन और पेरिस में अपनी टीमों को मजबूत करने की योजना बना रहे हैं, साथ ही कुछ भूमिकाओं को भारत स्थानांतरित कर, दक्षता और मार्जिन को और बेहतर बनाएंगे। क्यूआईपी से प्राप्त धन हमें हमारे इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार में भी सहायता करेगा, जिसमें रेंडर फार्म्स और उन्नत द्ब-आधारित तकनीकें शामिल हैं, जिससे हम नेटफ्लिक्स, वार्नर ब्रदर्स, सोनी और पैरामाउंट जैसे वैश्विक स्टूडियो के साथ बड़े पैमाने पर प्रोजेक्ट्स को संभालने में सक्षम होंगे। (साभार- एजेंसी)









## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# अडाणी को क्लीन चिट मिलने के बाद क्या अब हिंडनबर्ग और राहुल गांधी माफी मांगेंगे

**हिंडनबर्ग रिसर्च तो अपनी कंपनी बंद कर चुका है, लेकिन उसकी अप्रमाणित रिपोर्ट के आधार पर देश की संसद का पूरा सत्र ठप करने वाले विपक्षी दल आज भी सक्रिय हैं। उस समय जिस तरह से उन्होंने निराधार आरोपों को हवा दी, विदेशी एजेंडे को ताक़त दी और करोड़ों निवेशकों के भरोसे को चोट पहुँचाई, वह केवल राजनीतिक अवसरवाद नहीं बल्कि राष्ट्रीय हितों के साथ खिलवाड़ था। आज जबकि सच सामने आ चुका है और नियामक संस्था ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया है, विपक्षी दलों को कम से कम देश और जनता से माफी माँगनी चाहिए।**

*जनवरी 2023 में अमेरिकी शॉर्ट-सेलर कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने भारतीय उद्योग जगत के सबसे बड़े नामों में शुमार अडाणी समूह पर गंभीर आरोप लगाए। आरोपों का स्वरूप इतना सनसनीखेज था कि देखते ही देखते शेयर बाज़ार में भूचाल आ गया। करोड़ों निवेशकों की मेहनत की कमाई रातों-रात डूब गई और भारत की वैश्विक आर्थिक साख पर प्रश्नचिह्न लगाने की कोशिश हुई। यह केवल एक कॉर्पोरेट विवाद नहीं था, बल्कि भारत की औद्योगिक प्रगति को बदनाम करने की सुनियोजित साजिश थी। हम आपको याद दिला दें कि हिंडनबर्ग ने अपने तथाकथित रिसर्च रिपोर्ट में अडाणी समूह पर स्टॉक मैनिपुलेशन और फर्जी अकाउंटिंग के आरोप लगाए। रिपोर्ट ऐसे समय में जारी की गई जब अडाणी एंटरप्राइजेज अपना 20,000 करोड़ रुपये का मेगा पब्लिक ऑफर लाने जा रही थी। इसका सीधा असर यह हुआ कि निवेशकों का विश्वास हिल गया और शेयरों में भारी गिरावट दर्ज हुई। चिंता की बात यह थी कि भारत के कुछ विपक्षी दलों ने भी इस रिपोर्ट को सच मानकर इतना दुष्प्रचार किया मानो पूरा अडाणी समूह भ्रष्टाचार और घोटालों का अड्डा हो। संसद से लेकर सड़क तक इस रिपोर्ट को हथियार बनाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश हुई। इस राजनीतिकरण ने विदेशी निवेशकों में भी भ्रम फैलाया और भारत के कॉर्पोरेट जगत की विश्वसनीयता पर आघात पहुँचा। लेकिन लगभग दो साल की लंबी और गहन जाँच के बाद भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने साफ कह दिया है कि अडाणी समूह के खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार और आधारहीन थे। जाँच में पाया गया कि जिन वित्तीय लेन-देन को हिंडनबर्ग ने ÷फर्जी÷ बताया, वे सब कानूनी रूप से वैध ऋण और पुनर्भुगतान थे। न तो धन का गबन हुआ, न ही किसी अवैध पार्टी को फायदा पहुँचाया गया। यहाँ तक कि जाँच के दौरान लिए गए सभी ऋण ब्याज समेत वापस किए गए। अपने आदेश में यह भी कहा कि इन लेन-देन को रिलेटेड पार्टी ट्रांजैक्शन या फर्जीवाड़ा नहीं कहा जा सकता। यानी, आरोपों का कोई कानूनी या आर्थिक आधार ही नहीं था। देखा जाये तो हिंडनबर्ग रिपोर्ट के चलते जो हुआ, वह किसी भी देश के उद्योग जगत के लिए चेतावनी है। अडाणी समूह के शेयरों में अचानक भारी गिरावट आई। छोटे-बड़े करोड़ों निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा। यह नुकसान केवल अडाणी का नहीं था, बल्कि भारत के वित्तीय बाजार और निवेश माहौल का भी था। इस विवाद से उन्हें सबसे अधिक दुख इस बात का है कि आम निवेशकों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। यह कथन उनकी व्यक्तिगत पीड़ा को दर्शाता है और यह भी बताता है कि एक सुनियोजित झूठ कितनी बड़ी आर्थिक तबाही ला सकता है। देखा जाये तो हिंडनबर्ग की यह रिपोर्ट मात्र एक रिसर्च डॉक्युमेंट नहीं थी। यह स्पष्ट था कि इसके पीछे राजनीतिक और आर्थिक स्वार्थ छिपे हुए थे। एक तरफ अमेरिकी और पश्चिमी ताकतें भारत की तेज़ आर्थिक वृद्धि और उसके वैश्विक प्रभाव से चिंतित थीं, दूसरी तरफ कुछ घरेलू राजनीतिक दलों ने इसे अपने लाभ के लिए हथियार बना लिया। इस साजिश का परिणाम यह हुआ कि भारत की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूमिल करने की कोशिश हुई। विदेशी मीडिया ने भी इस विवाद को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया। परंतु समय ने साबित कर दिया कि यह सब केवल भारत की औद्योगिक क्षमता को चोट पहुँचाने का प्रयास था।*

### एक्सप्रेस आलेख

**भारत और अमेरिका के बीच व्यापार-वार्ता में बेशक व्यवधान आए हों, पर भारत और यूरोपीय संघ के बीच जिस गति से वार्ता हो रही है, उससे वर्ष के अंत तक दोनों में व्यापार समझौता होने की पूरी उम्मीद है। असल में दोनों देशों के बीच पांच दौर की व्यापार वार्ता हो चुकी है, लेकिन 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद छठे दौर की प्रस्तावित वार्ता रुक गई थी, जो बीते मंगलवार से फिर पटरी पर लौट आई है। दरअसल, ट्रंप प्रशासन चाहता है कि भारत अपने कृषि एवं डेयरी क्षेत्र को अमेरिकी कंपनियों के लिए पूरी तरह से खोले, लेकिन भारत के लिए यह संभव नहीं है, क्योंकि यह उसके किसानों व मछुआरों के हितों के खिलाफ है।**

# मोदी-ट्रंप के सार्थक संवाद से क्या राह बदलेगी?



**ललित गर्ग**

**दोनों देशों के बीच पिछले एक दशक में द्विपक्षीय व्यापार लगभग दोगुना हो गया है और इसे 2030 तक 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन यह तभी संभव था, जब मौजूदा गतिरोध खत्म हो और इसके लिए बातचीत ही रास्ता है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा बने रहने के लिए भारत दूसरे देशों के साथ भी मुक्त व्यापार समझौते कर रहा है।**

नई दिल्ली में भारत-अमेरिकी व्यापार वार्ता की बाधाओं को दूर करने पर दोनों पक्षों के बीच सकारात्मक बातचीत के दौरान करीब तीन महीने बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन करके जन्मदिन की बधाई देते हुए रूस-यूक्रेन युद्धविराम का समर्थन करने के लिए आभार जताना, दोनों देशों के बीच रिश्तों में आई तल्खी को कम करने की कोशिश मानी जानी चाहिए। मोदी और ट्रंप के बीच हुई इस बातचीत ने दोनों देशों के रिश्तों में नई आशा और सकारात्मकता का संचार किया है। क्योंकि अमेरिका के एकतरफा टैरिफ और कुछ तीखे बयानों के बावजूद भारत ने संयम बरता एवं तीखी प्रतिक्रिया की बजाय मसले के सुलझने का इंतजार करते हुए विवेक एवं समझदारी का परिचय दिया। भारत पर थोपे गए ट्रंप के 50 प्रतिशत टैरिफ को लेकर अमेरिका में साफ तौर पर दो विरोधी स्वर सुनाई पड़ रहे हैं। ऐसे माहौल में जरूरी हो गया है कि दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर संवाद जारी रहे। इसी बात को अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने स्वीकार करते हुए यह उम्मीद जताई थी कि आखिरकार अमेरिका और भारत साथ आएंगे, यही मौजूदा वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है। मोदी एवं ट्रंप का ताजा संवाद इसी की निष्पत्ति बना है। यह संवाद मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर हुआ और इसमें अतीत की कई कड़वाहटों को पीछे छोड़कर भविष्य की संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। दरअसल, दोनों नेताओं की बातचीत का बड़ा कारण शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में रूस, चीन और भारत के शीर्ष नेताओं की गर्मजोशी भी बना, उससे ट्रंप की चिंताएं बढ़ी थी, इस बैठक के बाद ही पहली बार ट्रंप के रुख में नरमी के संकेत मिले थे। उसके बाद दस सितंबर को फिर ट्रंप ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताओं की बाधाओं को दूर करने पर बातचीत जारी है। ताजा वार्ता ने यह संदेश दिया कि भारत और अमेरिका के रिश्ते किसी एक घटना या परिस्थिति पर निर्भर नहीं, बल्कि दीर्घकालीन रणनीति और साझा हितों की नींव पर खड़े हैं। आज की दुनिया में भारत और अमेरिका का रिश्ता केवल द्विपक्षीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक परिदृश्य को भी प्रभावित करता है। अमेरिका जहां विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सैन्य शक्ति है, वहीं भारत उभरती हुई आर्थिक ताकत और सबसे बड़ा लोकतंत्र है। दोनों की साझेदारी लोकतांत्रिक मूल्यों, पारदर्शिता और वैश्विक शांति की आकांक्षाओं पर आधारित है। हाल के वर्षों में कभी-कभी मतभेद जरूर सामने आए-जैसे व्यापार शुल्क, वीजा नीतियां, भारत-पाक सीजफायर और रक्षा समझौते इन मतभेदों के बावजूद रणनीतिक साझेदारी मजबूत होती रही है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध लंबे समय से चर्चा का विषय रहे हैं। कभी शुल्क वृद्धि को लेकर तनाव हुआ, तो कभी आयात-निर्यात की नीतियों को लेकर असहमति। किंतु



**सवाल यह है कि अब उनकी तरफ से दिखाई जा रही नरमी को क्या एक संकेत माना जाए कि इससे कोई नई राह निकलेगी। अड़ियल रुख अपनाने के बजाय अमेरिका को भारतीय नजरिया समझने की जरूरत थी, अब अमेरिका भारत का नजरिया समझने को तत्पर हुआ है तो निश्चित ही इसके दूरगामी परिणाम आयेंगे।**

ट्रंप-मोदी वार्ता के बाद एक बार फिर नए समझौते और अवसर सामने आ सकते हैं। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और आईटी, सेवा क्षेत्र, ऊर्जा और तकनीकी निवेश में दोनों के बीच गहरा सहयोग है। प्रधानमंत्री मोदी ने व्यापारिक अड़चनों को दूर करने पर जोर दिया है और ट्रंप ने भी व्यापार घाटे को कम करने के लिए सहयोग का संकेत दिया। यह संकेत आने वाले समय में द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। भारत और अमेरिका का रक्षा सहयोग पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ा है। अमेरिका ने भारत को महत्वपूर्ण रक्षा तकनीक उपलब्ध कराई है और संयुक्त सैन्य अभ्यासों से सुरक्षा साझेदारी मजबूत हुई है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए भारत-अमेरिका का रक्षा सहयोग न केवल द्विपक्षीय है, बल्कि पूरे क्षेत्रीय संतुलन के लिए अहम है। चीनी मनमानी पर नियंत्रण के लिए अमेरिका को खासतौर पर भारतीय सहयोग की जरूरत है। इसी मकसद से क्वॉड का गठन किया गया, जिसे अमेरिकी सरकार ने तवज्जो भी दी। लेकिन, ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी की वजह से क्वॉड के भविष्य पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं, वॉशिंगटन में यह भी चिंता बनी कि पिछले दो दशकों में भारत-अमेरिका रिश्तों में जो प्रगति हुई थी, वह ट्रंप की महत्वाकांक्षाओं एवं अतिश्योक्तिपूर्ण हरकतों से पिछले कुछ दिनों में बेकार होती हुई दिख रही थी। लेकिन देर आये दुरस्त आये की कहावत के अनुसार दोनों शीर्ष नेताओं की बातचीत से अब अंधेरे छंटते हुए दिख रहे हैं। अमेरिका चाहता है कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संतुलन कायम रखने में और बड़ी भूमिका निभाए, वहीं भारत अपनी सामरिक स्वतंत्रता बनाए रखते हुए सहयोग को और गहरा करना चाहता है। भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में अमेरिका एक अहम सहयोगी बन सकता है। अमेरिका से तरलीकृत प्राकृतिक गैस और कच्चे तेल का आयात बढ़ रहा है। यह न केवल ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था को भी नई गति देगा। तकनीकी क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच साझेदारी मजबूत है। सूचना प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष अनुसंधान और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में सहयोग आने वाले दशकों के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है। अमेरिका में बसे भारतीय मूल के लोग दोनों देशों के बीच सेतु का कार्य कर रहे हैं। चाहे राजनीति हो, शिक्षा, स्वास्थ्य या तकनीक-भारतीय-अमेरिकी समुदाय का योगदान उल्लेखनीय है। यह समुदाय भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों को भावनात्मक और सांस्कृतिक आधार देता है। ट्रंप और मोदी की बातचीत में भारतीय प्रवासी समुदाय की प्रशंसा भी हुई, जिसने दोनों देशों के बीच विश्वास और निकटता को और बढ़ाया। भारत और अमेरिका दोनों आतंकवाद से प्रभावित रहे हैं। 9/11 की घटना ने अमेरिका को और 26/11 ने भारत को गहरे जख्म दिए। यही कारण है कि आतंकवाद के खिलाफ दोनों का दृष्टिकोण काफी हद तक समान है। हाल की बातचीत में आतंकवाद को समाप्त करने और सुरक्षा सहयोग को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। अफगानिस्तान और मध्य-एशिया की परिस्थितियों को देखते हुए भारत और अमेरिका का सहयोग वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए निर्णायक हो सकता है। ट्रंप और मोदी की बातचीत ने यह साबित किया है कि अतीत के मतभेद रिश्तों का अंत नहीं, बल्कि नए संवाद का अवसर बन सकते हैं। व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, तकनीक और आतंकवाद जैसे क्षेत्रों में सहयोग दोनों देशों के लिए लाभकारी है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | अमावस्या 25:25 तक |
| नक्षत्र: | पूर्व फाल्गुनी 09:29 |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | रविवार |
| योग: | शुभा, 19:46 तक |
| सूर्योदय: | 06:09 |
| सूर्यास्त: | 18:11 |
| चंद्रमा: | सिंह राशि में |
| राहुकाल: | 16:41-18:11 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | अश्विन |
| शुभ मुहूर्त: | 11:46-12:34 |

## जन एक्सप्रेस

### अक्सर ये बयान !

*घर जैसा उनको ।*
*लगा पाकिस्तान ।।*
*गए वहां पर उनको ।*
*मिला खूब सम्मान ।।*
*सुधारने को रिश्ते ।*
*फिर से की वकालत ।।*
*चाहते है फिर से ।*
*कम हो जाए नफरत ।।*
*अक्सर ये बयान ।*
*है ले आता हलचल ।।*
*लेकिन इनको लगता ।*
*है इसी में कल ।।*
*शुरू हुई आलोचना ।*
*जो इनका बयान ।।*
*पर बड़ा सवाल ।*
*मिलता भी सम्मान ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# लिवर के लिए बेहद फायदेमंद है पीपल के पत्तों का काढ़ा



**हिंदू** धर्म में पीपल के पेड़ की पूजा का बहुत महत्व है। लेकिन, क्या आपको पता है पीपल का इस्तेमाल आयुर्वेद में भी सदियों से कई बीमारियों के इलाज के लिए किया जा रहा है। पीपल की छाल, पत्ते, फल और जड़ सभी औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं, जो आपकी सेहत के लिए फायदेमंद माने जाते हैं। पीपल की पत्तियों का सेवन भी आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है, जो लिवर के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है।

**लिवर को डिटॉक्स करता है:** पीपल के पत्तों में प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट और फ्लेवोनॉयड्स पाए जाते हैं, जो लिवर से डिटॉक्स पदार्थों को निकालने में मदद करते हैं। इससे लिवर को साफ करने और इसकी कार्यक्षमता को बढ़ाने में मदद मिलती है।

**पित्त दोष में सुधार करें:** जिन लोगों का लिवर पर्याप्त मात्रा में पित्त नहीं बना रहा है, उनके लिए पीपल का काढ़ा काफी फायदेमंद होता है। यह लिवर के सेल्स को एक्टिव करता है और पित्त के स्राव को बढ़ावा देता है, जिससे पाचन में सुधार होता है।

**सूजन और इंफ्लेमेशन को कम करें:** लिवर में सूजन एक आम समस्या है, जिसमें पीपल के पत्तों में सूजनरोधी गुण होते हैं, जो लिवर की सूजन को कम करने में मदद करता है।

**पाचन शक्ति बढ़ाता है:** हेल्दी लिवर पाचन तंत्र को बेहतर तरीके से काम करने में मदद करता है। इसलिए, लिवर को हेल्दी रखने के लिए आप अपनी डाइट में पीपल शामिल कर सकते हैं, जिससे भूख खुलती है और अपच, गैस आदि समस्याओं से राहत मिलती है।

**पीपल के पत्तों का काढ़ा कैसे बनाएं?:** पीपल के पत्तों का काढ़ा आपके लिवर के लिए काफी फायदेमंद होता है, जो इससे जुड़ी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। इसलिए, आप अपने लिवर को हेल्दी रखने के लिए पीपल का सेवन करना चाहते हैं तो इसके 2 पत्तों को लेकर अच्छी तरह धो लें। फिर गुनगुने पानी में इन पत्तियों को कूटकर अच्छी तरह पानी में मिलाकर रात भर के लिए रख दें। इसके बाद अगली सुबह इस पानी को छानकर पी लें।

**निष्कर्ष:** पीपल के पत्तों से बना ये काढ़ा एक आसान और नेचुरल उपाय है, जो आपके लिवर की कार्यक्षमता में सुधार करने, पित्त को सही रखने और पाचन तंत्र को बेहतर रखने में मदद करता है। लेकिन अगर आपको लिवर से जुड़ी कोई गंभीर समस्या है तो बिना डॉक्टर की सलाह के इन पत्तों का सेवन करने से बचें।

### एक्सप्रेस विशेष

# राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले के बाद भी खत्म नहीं हो पाया गहलोत बनाम पायलट का मामला



**संतोष कुमार पाठक**

**वर्ष 2020 में मध्य प्रदेश में तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह जैसे बुजुर्ग नेताओं से परेशान राहुल गांधी के एक और करीबी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने समर्थक विधायकों के साथ पाला बदलकर कांग्रेस की सरकार गिरवा दी थी।**

**आपको याद दिला दें कि, वर्ष 2018 में राजस्थान में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद राहुल गांधी के करीबी सचिन पायलट मुख्यमंत्री बनने के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे। लेकिन अशोक गहलोत ने सबको चौंकाते हुए सोनिया गांधी और उनके आसपास के बुजुर्ग नेताओं को साध लिया। पायलट को मजबूरी में अशोक गहलोत की सरकार में उपमुख्यमंत्री का पद स्वीकार करना पड़ा।**

**वर्ष** 2020 में राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपनी ही सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट पर भाजपा के साथ मिलकर सरकार गिराने और विधायकों की खरीद फरोख्त करने की साजिश रचने का आरोप लगाया था। मामला एसओजी और एसीबी तक पहुंचा। लेकिन उस समय के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दर्ज करवाए गए मामले में जांच करने के बाद एसीबी ने अदालत के सामने एफआर लगाते हुए यह कह दिया कि उन्हें कोई सबूत नहीं मिला है और यह पूरा मामला फर्जी है। जांच एजेंसी की रिपोर्ट के बाद राजस्थान हाई कोर्ट ने मामले को खारिज करते हुए सभी आरोपियों को क्लीन चिट दे दी है। यह माना जा रहा था कि राजस्थान हाई कोर्ट द्वारा सचिन पायलट सहित सभी आरोपियों को क्लीन चिट दिए जाने के बाद अशोक गहलोत बनाम सचिन पायलट की लड़ाई का अंत हो जाएगा। वैसे भी अब राजस्थान में कांग्रेस की सरकार नहीं है तो कुर्सी के लिए लड़ाई का कोई मतलब नहीं है। अदालत का फैसला आने के बाद सचिन पायलट ने सधे हुए अंदाज में संतुलित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, न्यायपालिका में सभी का भरोसा है। न्यायपालिका में कभी-कभी देरी हो जाती है, लेकिन उन्हें लगता है देश की न्याय पालिका सुदृढ है, मजबूत है। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें नहीं लगता कि जब अदालत का निर्णय आ गया है, तो अब कुछ बचा है कहने को। न्यायपालिका में सबका भरोसा है। अदालत द्वारा क्लीन चिट मिलने के बाद यह माना जा रहा था कि सचिन पायलट को जल्द ही कांग्रेस संगठन में नई और बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। खबरें तो यहां तक आ रही है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी, दोनों नेताओं ने सचिन पायलट से उन्हें कांग्रेस का राष्ट्रीय संगठन महासचिव बनाने का वादा कर रखा है। आपको बता दें कि, कांग्रेस संगठन में राष्ट्रीय संगठन महासचिव का पद राष्ट्रीय अध्यक्ष के बाद दूसरा सबसे ताकतवर पद माना जाता है। इसी पद को छोड़कर वर्ष 2018 में अशोक गहलोत राजस्थान का मुख्यमंत्री बनकर जयपुर चले गए थे और वर्तमान में इस पद पर केसी वेणुगोपाल बैठे हुए हैं। लेकिन अदालत का फैसला आने के बाद अशोक गहलोत ने एक बार फिर से मोर्चा खोल दिया है। गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ( पहले ट्विटर ) पर लिखा, ÷ राजस्थान में 2020 में कांग्रेस सरकार गिराने की साज़िश करने वाले केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत एसीबी द्वारा एक मुकदमे में एफआर लगाने पर बड़ी-बड़ी बातें कह रहे हैं। वो यह बताएं कि यदि इतने ही ईमानदार हैं तो विधायकों से खरीद-फरोख्त की बात करने वाले ऑडियो की जांच के लिए आज तक वॉइस सैंपल क्यों नहीं दिया? संजय जैन वाले मुकदमे में वो बार-बार अदालत में वॉइस सैंपल देने का विरोध क्यों करते हैं? यदि वो ईमानदार हैं तो एक बार वॉइस सैंपल देकर अपनी ईमानदारी साबित करें। सरकार बदलने के बाद पहले संजीवनी केस और अब दूसरे मामलों में जांच एजेंसियों पर दबाव डालकर तथ्य तोड़े-मरोड़कर एफआर लगाई जा रही है जिससे कोर्ट के सामने कोई और चारा नहीं बचता है। जुलाई-अगस्त 2020 में सरकार गिराने के लिए 30 विधायकों के समर्थन वापसी के दावे, 20 विधायकों को मानेसर ले जाना, अमित शाह, धर्मेन्द्र प्रधान और जफर इस्लाम से मुलाकात, कांग्रेस नेताओं पर ईडी, आईटी और सीबीआई के छापे, विधायकों को रिश्वत के मामले, बसपा से कांग्रेस में आए विधायकों के ऊपर अचानक मुकदमे समेत सभी यादें प्रदेशवासियों के मन में ताज़ा हैं। सांसद हनुमान बेनीवाल ने ही कुछ दिन पूर्व ही सरकार गिराने के संदर्भ में बयान दिया था कि उस समय वो भाजपा का सहयोग कर रहे थे।तब महीनेभर पहले मध्य प्रदेश में जैसे सरकार गिराई गई थी वही प्रयास राजस्थान में हुए इसमें किसी को शक नहीं है। कांग्रेस आलाकमान और जनता के आशीर्वाद से वह प्रयास असफल हुआ था और हमारी सरकार 5 साल चली। इससे गजेन्द्र सिंह शेखावत समेत सभी लोग मन मसोस कर रह गए। इस प्रकार गजेन्द्र सिंह शेखावत चुनी हुई सरकार को गिराने के प्रयास के इस पाप से कभी मुक्त नहीं हो सकते। अपने इस पोस्ट में अशोक गहलोत ने अमित शाह, गजेंद्र सिंह शेखावत और बीजेपी के अन्य नेताओं के नाम लेकर यह साबित करने की कोशिश की है कि वर्ष 2020 में उनकी सरकार गिराने की साजिश हुई थी और इस बात पर वो आज भी कायम है। इतना ही नहीं 20 विधायकों को मानेसर ले जाने की याद दिलाकर उन्होंने बिना नाम लिए एक बार फिर से सचिन पायलट पर निशाना साधा है।

# स्वास्थ्य सेवा से बढ़ी महिलाओं की जागरूकता 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' से पूरे समुदाय को लाभ: स्वामी प्रवक्तानंद

■ स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत विशाल स्वास्थ्य शिविर का बरखेड़ा विधायक ने फिता काटकर किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा में शनिवार को महिलाओं और ग्रामीण परिवारों के स्वास्थ्य सुधार एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से ÷स्वस्थ नारी सशक्त परिवार÷ अभियान के तहत एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ बरखेड़ा विधायक प्रवक्तानंद महाराज ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद विधायक ने विभिन्न स्वास्थ्य स्टॉलों का निरीक्षण किया और वहां दी जा रही परामर्श व जांच सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। शिविर में जनपद और ब्लॉक स्तर से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को निशुल्क परामर्श, चिकित्सीय जांच और दवाइयां उपलब्ध कराईं। बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चों और ग्रामीणों ने इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। उपस्थित चिकित्सकों में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. लोकेश गंगवार, गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. आशा गंगवार, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. छत्रपाल, छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. पारूल मित्तल, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. शकील, दंत शल्य चिकित्सक डॉ. अरविंद, आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता वर्मा, मानसिक रोग विशेषज्ञ पल्लवी सक्सेना, डॉ. राहुल कुशवाह और एएच काउंसलर देवदत्त गंगवार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। स्वास्थ्य शिविर के दौरान विधायक प्रवक्तानंद महाराज ने कहा÷एक स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और समाज की आधारशिला होती है। जब महिलाएं स्वस्थ होंगी, तो बच्चों और पूरे परिवार का विकास सहज रूप से संभव होगा। इस उद्देश्य से सरकार ने 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान शुरू किया है। आज बरखेड़ा में आयोजित यह स्वास्थ्य शिविर उसी कड़ी का हिस्सा है। मेरा आह्वान है कि अधिक से अधिक महिलाएं और परिवार इस तरह के शिविरों का लाभ उठाकर अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।

# परिवार परामर्श केन्द्र में परिवारों में सुलह कराना पहली प्राथमिकता है: सुनीता कुशवाहा

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी**



पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में ÷परिवार परामर्श केन्द्र÷ में प्रभारी निरीक्षक सुनीता कुशवाहा के द्वारा काउंसलरों के सहयोग से 20 मामलों में सुलह का प्रयास कराकर 11 बिखरते हुए परिवारों को जोड़ने का सराहनीय कार्य किया गया है।बताते चलें की रिजर्व पुलिस लाइन स्थित ÷परिवार परामर्श केंद्र÷ में निरन्तर बिखरते हुए परिवारों को काउंसलिंग के जरिए समझा बुझाकर एक साथ रहने के लिए विदाई करने का कार्य पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में निरन्तर किया जा रहा है।शासन की मंशा के अनुरूप पारिवारिक विवादों में प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों में सुलह समझौते का प्रयास कराके पति-पत्नी को एक रहने के लिए दांपत्य-जीवन व्यतीत करने विदाई कराई जा रही है7 इसी क्रम में माह के तृतीय शनिवार को काउंसलर श्रीमती नीति गुप्ता , कय्यूम ज़रवानी एवं वन स्टाप सेंटर की काउन्सलर विजेता गुप्ता द्वारा 20 मामलों में सुलह समझौते प्रयास किया गया है, यह मामले पारिवारिक कलह, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा से संबन्धित थे,महिलाओं द्वारा दिए गये प्रार्थनापत्रों में परिवार परामर्श केन्द्र की प्रभारी निरीक्षक सुनीता कुशवाहा व महिला आरक्षी निकिता राठौड़, मेहा सिंह के द्वारा दोनों पक्षों व उनके अभिभावकों को बुलाकर काउंसलिंग के लिए काउंसलरों के समक्ष उपस्थित करके बातचीत पक्षकारों में कराई गई , जिसमें 11 जोड़े पति-पत्नी साथ रहने को आपस में सहमत होकर विदा हुए, 05ऐसे मामले जो माननीय न्यायालय में लम्बित होने कारण एवं 04 मामलों जिसमें पति-पत्नी में अभी मतभेद शेष था उन्हें सोचने समझने का अवसर देकर दो सप्ताह के बाद काउंसलिंग के लिए परिवार परामर्श केंद्र पर बुलाया गया है, जिससे परिवार को बिखरने से रोका जा सके और अनावश्यक रूप से दोनों पक्षकार वाद विवाद और मुकदमे न हो , मुकदमों से पूर्व इस तरह विदाई कराके परिवारों को जोड़ने का काफी सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### महाविद्यालय में देखा गया मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति फेज 05 का शुभारंभ किया। यह मिशन महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए चलाया जा रहा है। यह मिशन 22 सितंबर से शारदीय नवरात्रि को शुरू होगा और अगले 30 दिन तक चलेगा । इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 1663 महिला थानों का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। साथ ही स्ह्नक्कपुस्तक का विमोचन तथा बुलेटिन का विमोचन भी किया। महिला एवं बाल कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला सशक्तिकरण महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत कार्यक्रम है। आज महिला हर चुनौती पूर्ण कार्य में आगे है। महिला सम्मान, स्वालंबन, सुरक्षा माननीय मुख्य प्रधानमंत्री एवं माननीय मुख्य मंत्री जी का उद्देश्य है। महिलाओं के लिए भय मुक्त वातावरण बनाना सरकार की प्राथमिकता है। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच को धरातल पर उतारने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने 2017 के बाद से योगी जी के कुशल नेतृत्व में एक अभिनव युग प्रारंभ किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान सरकार की प्राथमिकता है। एंटी रोमियो स्क्वाड का गठन, महिला हेल्प लाइन का गठन आदि के द्वारा महिलाओं को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने मिशन शक्ति के पांचवें चरण का शुभारंभ करते हुए कि यह मिशन 2020 में प्रारंभ हुआ। नारी गरिमा के अनुरूप नारी सुरक्षित हो ऐसा मिशन का उद्देश्य है और उसके परिणाम सामने है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार शर्मा,डॉक्टर रेखा सिंह,डॉक्टर अरविंद दीक्षित,डॉक्टर रंजना सिंह, डॉक्टर अर्निका दीक्षित, श्री शाहिद खान, डॉ सौरभ सक्सेना, श्रीमती तहमीना शमसी ,डॉक्टर विनोद सिंह, श्री अंकित गुप्ता, डॉ अंशिका शर्मा, डॉक्टर पिंदर सिंह, श्री अनूप शुक्ला, समस्त व्यवस्थाएं डॉक्टर वी के शर्मा के निर्देशन में सम्पन्न हुई।

### गलत इलाज करने से गिर गया भैंस का बच्चा, हडकंप

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** बीमार भैंस के गलत इलाज कर दिया गया जिससे भैंस का बच्चा गिर गया। इसकी शिकायत करने युवक पशु चिकित्सालय के पास पहुंचा,पशुपालक की पशु चिकित्सक से नोकझोंक हो गई। पशुपालक को डंडा दिखाकर पशु चिकित्सक ने हड़का दिया। इसका वीडियो पशुपालक के साथी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल के साथ ही मुख्य पशु चिकित्साधिकारी और पुलिस से की गई है। थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव जोगराजप पशु चिकित्सालय गांव मढ़ा खुर्द कलां में है। पशुपालक गांव बबरौआ निवासी सुरेश चंद्र ने बताया कि उसकी गाभिन भैंस बीमार हो गई थी। पशु चिकित्सक को फोन करने पर उन्होंने प्राइवेट युवक को भैंस का इलाज करने के लिए भेज दिया था। जंहा गलत इलाज से भैंस का बच्चा गिर गया। इसकी शिकायत गांव के कुछ लोगों के साथ करने पशु चिकित्सालय पहुंचा। वहां पर पशु चिकित्सक ने अभद्रता कर डंडा लेकर हड़काया। सुरेश के साथी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया ।सुरेश ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को ऑनलाइन शिकायत कर पशु चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की ।आरोपी पशु चिकित्सक डॉ. रामकुमार वर्मा ने वताया कि बीमार भैंस की जानकारी पर सुरेश को भैंस को लेकर अस्पताल आने को कहा था। उन्होंने अस्पताल आने से मना कर किसी को भेजने को कहा। इस पर पशु मित्र नीरज को बीमार भैंस को देखने के लिए भेजा था। शुक्रवार को सुरेश अस्पताल में आकर अभद्रता कर शिकायत करने की बात कही। परिसर में बंदरों का आतंक है। बंदरों को भगाने के लिए डंडा लेकर अस्पताल गेट पर आया था।

### लाखों रुपए की लागत वना एमआरएफ केंन्द्र शौपीस

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** लाखों रुपए की लागत से बना एमआरएफ सेंटर महज शौपीस बना हुआ है ।निर्माण होने के बाद इसका उद्घाटन भी कर दिया गया ।लेकिन शुरु नही हो सका ।इसके चलते नगर का कूड़ा करकट सड़क के किनारे व प्रांगण में फैला हुआ है ।जिससे आवागमन के दौरान लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर का कूडा करकट पूरनपुर-मुझा रोड पर डाला जा रहा है। इस जमीन पर नगरपालिका कई साल से कूड़े के ढेर लगा रही है। इसके अलावा नगर से निकलते ही सड़क पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। आसपास के लोग और राहगीर बदबू से परेशान हो रहे हैं। सेंटर शुरू न होने से प्रांगण के अलावा रोड के किनारे गंदगी के ढेर लगे हैं। लाखों रुपए की लागत से बना के सेंटर लोगों के लिए महज सफेद हाथी सावित हो रहा है ।जिसका खामियाजा राहगीरों व आस पड़ोस के लोगों को भुगतना पड़ रहा है ।कूड़े करकट से उड़ रही गंदगी से बीमारियों की भी फैलने की आशंका बनी रहती है। रोड से गुजरने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है ।निकलने के दौरान राहगीरो को मुंह पर कपडा ढक कर आना जाना पड रहा है। आए दिन कूडे के ढेरों पर आग लग जाती है। इससे लोग परेशान होते है। रोड पूरा कूडा से ढक चुका है। उठ रही दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल है। कई बार मांग करने के वावजूद समस्या पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है।

### पूरनपुर में लगी रही जाम, पुलिस वनी रही मूकदर्शक

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** नगर में आए दिन लग रहे जाम के झाम से लोग काफी परेशान हैं ।दो घंटे जाम लगी रही ।जाम में फंसे रहने से काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा हैं ।समस्या की शिकायतें करने के वावजूद कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। पूरनपुर नगर में लोगों को जाम से निजात नहीं मिल पा रही है ।इससे नगर को आने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। एक बार फिर नगर के स्टेशन रोड,कोतवाली रोड,पकरिया चौराहा, माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग,शेरपुर फाटक सहित कई जगहों पर जाम लग गया ।जिससे काफी देर तक लोगों को जाम से जूझना पड़ा है ।जिससे लोगों को आनन-फानन में जाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। काफी देर तक जाम लगी रही ।लेकिन कोतवाली पुलिस के मौके पर आने की दूर की बात मौके पर तक नही पहुंची। लोग जाम में फंसे रहे ।जाम से वाहन निकालने को लेकर लोगों में आपसी नोंकझोंक भी होती रही ।वताया जाता है कि आए दिन एंबुलेंस भी जाम में फंसी रहती है ।जिससे मरीजों को समय रहते इलाज नहीं मिल पाता है। कुछ माह पहले नगर में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई थी। लेकिन चंद दिनों बाद ही पुलिस गायब हो गई। वताया जाता है कि जाम का मेन कारण सड़कों के दोनों तरफ अतिक्रमण की वजह है।

### बिना परमिट पेंड काटने पर आरा मशीन सील, केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** ठेकेदार व खेत स्वामी ने स्थानीय वन कमियों से मिलकर बिना परमिट के ही हरे बाग का सफाया कर दिया था। सूचना पर सामाजिक वानिकी की टीम ने आरा मशीन पर छापा मार कर लकडी वरामद कर ली। दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के सिमरिया में बगैर परमिट के ही आम के हरे भरे दस पेडो को काटकर सफाया कर दिया गया। लकडी के चिरान के लिए लकडी को पूरनपुर की आरा मशीन पर पहुंचा दी गई। मामला डीएफओ तक पहुंचा तो कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिस पर सामाजिक वानिकी की टीम ने पूरनपुर पहुंच कर आरा मशीन पर छापा मारा। जंहा टीम ने लकडी को बरामद कर लिया। इसके बाद टीम ने आरा मशीन को सील कर दिया। बिभाग की ओर से पेंड स्वामी घुंघचाई निवासी सौरभ पांडे व शेरपुरकला निवासी ठेकेदार असलम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जिला अस्पताल के नए भवन में भव्य स्वास्थ्य शिविर, 228 मरीजों ने लिया लाभ

■ छात्राओं के लिए आयोजित हुए विशेष हेल्थ टॉक सत्र: प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध जिला चिकित्सालय के नए भवन में शनिवार को एक भव्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 228 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। इसके साथ ही लगभग 120 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इसमें कम्पोजिट स्कूल नखासा, कम्पोजिट स्कूल डालचंद और कम्पोजिट स्कूल डोरीलाल भीमसेन समेत अन्य विद्यालयों की छात्राएं शामिल हुईं। शिविर में छात्राओं के लिए विशेष हेल्थ टॉक सत्र आयोजित किए गए। डॉ. अरुण सिंह ने संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. आयुषी ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। डॉ. नीता सक्सेना ने पोषण और आहार पर उपयोगी सुझाव दिए। दंत चिकित्सक डॉ. मानसी सिंह ने मौखिक स्वास्थ्य की देखभाल पर जानकारी दी।शिविर में पहुंचे मरीजों को परामर्श और आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया गया। डॉ. रामाकांत सागर ने मरीजों की जांच कर दवाएं वितरित कीं। इसके अलावा डॉ. परिक्षित सिंह, डॉ. शालिनी, डॉ. सुमित सचान, डॉ. जदम्बा शरण, डॉ. पूजा सिंधवानी, डॉ. हुमां खान, डॉ. वर्तिका अग्रवाल, डॉ. ज्योति त्रिवेदी, डॉ. मनीषा, डॉ. फरीद और अन्य चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। गाइनी ओपीडी में डॉ. वैशाली और उनकी टीम ने मरीजों को परामर्श व इलाज उपलब्ध कराया। स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने कहा कि स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य केवल रोगों का उपचार करना नहीं है, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना भी है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय परिवार समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल के डॉक्टरों, कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों की मेहनत से इस प्रकार के शिविर सफल हो रहे हैं और आगे भी स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन जारी रहेगा।

# जन जागृति सामाजिक संस्था द्वारा कराया गया स्वास्थ्य परीक्षण




**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी**

शनिवार को जन जागृति सामाजिक संस्था द्वारा भीमराव अम्बेडकर इंटर कालेज लखीमपुर में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।कार्यकम के प्रारंभ में संस्था के पदाधिकारियों एवं प्रमुख सदस्यों द्वारा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर मालार्पण किया गया।संस्था के अध्यक्ष विपिन भारद्वाज के द्वारा सर्वप्रथम मलयालम पर किया गया तब 50 संस्था के महामंत्री सरोज शर्मा एवं उपाध्यक्ष शोभित गुप्ता द्वारा माल्यार्पण किया गया कार्यक्रम के संयोजक नरेशन वर्मा और सतीश टंडन द्वारा संस्था के पदाधिकारी एवं संरक्षकों और अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया पश्चात कार्यक्रम संयोजक प्रतीक चंदन द्वारा विशिष्ट अतिथि डॉक्टर डीएन मालपानी व रमेश वर्मा को बैच लगाकर स्वागत किया गया डॉ डीके सिंह को नरेशन वर्मा द्वारा बैच लगाकर सम्मानित किया गया।स्वागत समारोह में रामनिवास गुप्ता प्रेम सागर गिरी राजेश गुप्ता मुनीर खान सौरभ जयसवाल वह मुकेश सक्सेना ने भाग लिया श्याम जी शहर द्वारा मुनीर खान को बैक लगाकर सम्मानित किया गया।स्वास्थ्य शिविर में भाग लेने वाले डॉक्टरों की टीम में दंत चिकित्सक डॉ प्रदीप टंडन आई स्पेशलिस्ट डॉक्टर रोचक टंडन होम्योपैथिक डॉक्टर देश दीपक जायसवाल फिजिशियन धीरेंद्र वर्मा डॉक्टर नेहा वर्मा ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया वह उचित सलाह भी डॉक्टरों की टीम द्वारा औषधि देकर वितरण की गई।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य व अध्यापकों ने विशेष सहयोग दिया इस कार्यक्रम में सतीश टंडन द्वारा अंत में अतिथियों का डॉक्टर का वह सभी सम्मानित सदस्यों को धन्यवाद व्यापित किया गया साथ ही सभी छात्र-छात्राओं का भी आभार व्यक्त किया गया।

# मिशन शक्ति फेज- 5 सुरक्षित नारी-सशक्त नारी अभियान का हुआ आगाज




**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**हजारा(पूरनपुर)।** सुरक्षित नारी-सशक्त नारी अभियान के अंतर्गत मिशन शक्ति फेज- 5 का आगाज करते हुए नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के थाना हजारा में कार्यक्रम का आयोजन करते हुए सरकार के द्वारा बताएं गए दिशा-निर्देशों को टेलीविजन पर पुलिस कर्मियों द्वारा सुना गया है। प्रदेश सरकार के द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत सुरक्षित नारी-सशक्त नारी अभियान शुरू किया गया है।इस अभियान के तहत छात्राओं एवं महिलाओं के सुरक्षा के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा अभियान का शुरुआत किया गया है।शनिवार को नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के थाना हजारा में थानाध्यक्ष शरद यादव के नेतृत्व में एक कार्यक्रम आयोजित कर सभी पुलिसकर्मियों को टेलीविजन पर मुख्यमंत्री व अन्य मंत्रियों एवं महिला मंत्री के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों को टेलीविजन के माध्यम से सुना गया है। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार कटिबद्ध है साथ ही सरकार ने पुलिस को भी मनचलों अराजक तत्वों व अपराधियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।इस कार्यक्रम में हजारा थानाध्यक्ष शरद यादव उपनिरीक्षक गौतम सिंह,ऋषिपाल गिरी,राजकुमार सिंह महिला आरक्षी शिवानी मौर्या आरक्षी विकास,रोहित चौधरी सीसीटीएनएस प्रभारी मोहम्मद इस्राइल सहित अन्य पुलिस कर्मियों सहित डायल 112 पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### पुलिस टीम का हुआ गठन

हजारा थानाध्यक्ष शरद यादव ने जानकारी देते हुए बताया है कि मिशन शक्ति फेज- 5 के अंतर्गत सुरक्षित नारी-सशक्त नारी अभियान के तहत एक पुलिस टीम का गठन उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देश पर किया गया है जिसमें उपनिरीक्षक राहुल शर्मा टीम प्रभारी होंगे तो वहीं एक उपनिरीक्षक व चार महिला आरक्षी और दो पुरुष आरक्षी सहित कुल आठ पुलिसकर्मी होंगे ।यह टीम शारदीय नवरात्र सहित अन्य त्योहारों एवं स्कूल कालेजों सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर घूमने वाले मजनूओं मनचलों अराजक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए सुरक्षित नारी-सशक्त नारी अभियान को सफल बनाने का काम करेगी।

### एसएसबी ने स्वस्थ जांच कार्यक्रम का किया आयोजन

49वीं वाहिनी एसएसबी पीलीभीत मुख्यालय के द्वारा स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार कार्यक्रम के तहत स्वस्थ जांच कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ललौरीखेड़ा की महिला चिकित्सक डॉ दीपा वाजपेयी( स्त्री रोग विशेषज्ञ)के द्वारा महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर रोगो से संबंधित दवाईयों का वितरण किया है तो वहीं महिलाओं को बीमारियों के लक्षण व उनके रोकथाम के उपाय व स्वच्छता और संक्रमण से बचाव के संबंध में जागरुक किया गया है ।इस कार्यक्रम के तहत एसएसबी की महिला आरक्षी गणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर इस मेडिकल कैंप का लाभ उठाया है।



# चार हरे-भरे पेड़ों पर चला आरा, हरियाली हुई लहूलुहान

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी**

टाउन-खीरी कस्बा खीरी में हरियाली के दुश्मनों ने हरे-भरे पेड़ों पर आरी चला दी। कस्बा खीरी के मोहल्ला पट्टी रामदास से रामापुर जाने वाले मार्ग पर स्थित एक आम के बाग से चार विशालकाय हरे-भरे पेड़ जड़ समेत काट दिए गए। ज़मीन में बची जड़ें जैसे अपने दर्द की कहानी बयां कर रही हैं÷की हम भी कभी हरे-भरे थे।जहां एक ओर सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर वृक्षारोपण कर रही है और जन-जन को हरियाली का महत्व समझा रही है, वहीं दूसरी ओर पेड़ माफ़िया अपनी हठधर्मिता और लालच के चलते हरियाली को खत्म करने पर आमादा हैं।मामले को लेकर कस्बे में चर्चाओं का बाज़ार गर्म है। सवाल उठ रहा है कि क्या बाग मालिक की जानकारी में ये पेड़ काटे गए? अगर बिना अनुमति के पेड़ काटे गए तो बाग मालिक ने इसकी सूचना वन विभाग या स्थानीय पुलिस को क्यों नहीं दी,लोगों का कहना है कि यह घटना सिर्फ पर्यावरण ही नहीं, बल्कि कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती है।स्थानीय लोगों की मांग कस्बे के लोगों ने जिला प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और भविष्य में इस तरह के अवैध कटान पर तत्काल रोक लगाई जाए।

# नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत विशाल स्वास्थ्य मेले में 1238 लोगों ने कराई जांच

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत दिनांक 20 सितंबर 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ में विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख श्रीमती नेहा राज, मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वीरेन्द्र भूषण राज तथा भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।डॉ. गुप्ता ने जानकारी दी कि स्वास्थ्य मेले में कुल 1238 लोगों ने भाग लिया। इसमें 05 आग्रा आईडीओ 36 लैब में 325 मरीजों की जांच, उच्च रक्तचाप के 250 में से 185 मरीजों की जांच, 143 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, डेंटल सर्जन द्वारा 35 मरीजों की जांच, नेत्र चिकित्सक द्वारा 43 रोगियों की जांच व उपचार, चर्म रोग चिकित्सक द्वारा 59 मरीजों का उपचार तथा नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ द्वारा 33 मरीजों का उपचार किया गया। इसके अलावा आयुष चिकित्सकों ने 185 मरीजों का उपचार किया। बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा 75 बच्चों का उपचार तथा 35 बच्चों का टीकाकरण किया गया।स्वास्थ्य शिविर में डॉ.नीता चौधरी, डॉ.अलका,डॉ. नसीरुद्दीन, डॉ.साजिद खान, डॉ.अमित सिंह,डॉ.सुभाष वर्मा सहित कई चिकित्सकों व स्टाफ ने अपनी सेवाएं दीं। कार्यक्रम की निगरानी एनसीडी कंसल्टेंट सेल के राकेश गुप्ता द्वारा की गई।

# क्रमिक अनशन का कांग्रेसियों का दूसरा दिन एफआईआर की मांग पर अडे

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी**



क्रमिक अनशन का आज दूसरा दिन कांग्रेस भवन पर भाजपा महिला मोर्चा की महिलाओं द्वारा की गई तोड़ फोड़ एवं महापुरुषों के चित्रों को तहस नहस किए जाने व पुलिस प्रशासन के द्वारा अभी तक एफ आई आर न लिखे जाने के विरोध में कांग्रेस जनों का क्रमिक अनशन में प्रमुख रूप से बैठे डॉक्टर रईस उस्मानी, कमलजीत सिंह, आफताब अंसारी, अब्दुल रहीम, लतीफ आजम, शक्ति शरण गौतम, शराफत अली , शिव भगवान श्रीवास्तव, मोहन चंद उप्रेती, रामकुमार वर्मा, तरुण शालू आदि क्रमिक अनशन की अगुवाई कर रहे अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल ने कहा कि शासन का प्रशासन पर कोई अंकुश नहीं है खास कर जनपद लखीमपुर खीरी में कानून नाम की कोई चीज नहीं आज लगभग 20 दिन होने को है पुलिस प्रशासन कांग्रेस दफ्तर पर हुई तोड़फोड़ को लेकर अभी तक हम लोगों का मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया है सीधे-सीधे पुलिस प्रशासन भाजपा के इशारे पर कार्य कर रहा है।उक्त अनशन को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता मोहनचंद उप्रेती व दीपक बाजपेई ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार तानाशाही रवैया अपनाए हुए है। कांग्रेस कार्यालय पर हमला करना वह भी पुलिस संरक्षण में घटना घटी जो कि बेहद शर्मनाक है।शायद प्रशासन ये नहीं जानता कि हम लोग कांग्रेसी हैं कांग्रेसियों के धैर्य की परीक्षा न ले जब तक हमारी एफ आई आई दर्ज नहीं होती और दोषियों को जेल नहीं भेजा जाता तबतक हम लोग शांति से नहीं बैठने वाले क्रमिक अनशन के पश्चात हम लोग एक वृहद स्तर पर आंदोलन छेड़ेंगे।उक्त जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने जारी प्रेस विज्ञप्तिमें दी।उक्त क्रमिक कंसर्न में प्रमुख रूप से उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेसी रामकुमार मिश्र, राजेंद्र गुप्ता, पंकज शुक्ला एडवोकेट, रामजीवन राज एडवोकेट, अनूप सक्सेना एडवोकेट, रवि तिवारी, कोमल सिंह तरुण शालू, रामपाल शाक्य,रियाज अहमद मोनू,राहुल बाजपेई,आदि सैकड़ो कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# पति-पत्नी दूध टैंकर-बाइक की टक्कर से की मौत

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी**

शाहजहांपुर के पसगवां थाना क्षेत्र में शनिवार को जेबी गंज राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। दूध के टैंकर और बाइक की टक्कर में एक दंपति की मौत हो गई।घटना में मृतक की पहचान किशुनपुर अजीत निवासी संतोष (40) और उनकी पत्नी निशा (35) के रूप में हुई है। बाइक पर उनके साथ भटपुरा थाना रोजा निवासी संजय और 2 वर्षीय बच्चा आयुष भी सवार थे। चारों मैगलगंज की ओर जा रहे थे।उदयपुर पुल के पास तेज रफ्तार दूध वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। घायलों को तुरंत पसगवां सीएचसी ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने संतोष और निशा को शाहजहांपुर जिला अस्पताल रेफर किया, जहां उनकी मौत हो गई।

# कैंप लगाकर किया गया पशुओं का टीकाकरण चिकित्सा की टीम ने गांव पहुंच कर वितरित की दवाइयां

■ पशुओं का टीकाकरण कर 300 से अधिक जानवरो की दवाईयां वितरण की गई

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** मवेशियों में फेली मुंहपका और खुरपका बीमारी से पशु स्वामी परेशान है। सूचना पर पहुंची टीम ने कैंप लगाकर पशुओं का टीकाकरण कर दवाईयां वितरण की। तहसील क्षेत्र के गांव विलंदपुर अशोक सहित कई गांवों में इन दिनों मवेशियों में मुंह पका और खुरपका बीमारी फैली हुई है। कई पशुओं की मौत भी हो चुकी है। जबकि कई पशु अभी भी बीमारी की चपेट में चल रहे है। बीमारी फेलने की सूचना पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी पीलीभीत डॉ पीके त्यागी के निर्देश पर शनिवार को डॉक्टर आशीष शर्मा उपमुख्यपशु चिकित्साअधिकारी पूरनपुर ने टीम के साथ बिलन्दपुर अशोक पहुंचे जंहा कैंप लगाकर पशुओं का टीकाकरण किया गया। इस दौरान 60 से अधिक पशुओं का टीकाकरण कर 300 से अधिक जानवरो की दवाईयां वितरण की गई। इसके साथ ही उन्होंने बीमारी से बचाव के उपाय भी वताए। इसके बाद टीम ने अन्य गांवो में जाकर टीकाकरण किया। जो लोग खुरपका मुँहपका टीकाकरण अभियान के दौरान घर पर नहीं मिले थे या किसी आवश्यक कार्य से बाहर गए थे उनके छूटे हुए पशुओं में शनिवार को अभियान चलाकर खुरपका मुंहपका बीमारी का टीकाकरण कराया गया। जो पशु बीमार थे उन पशुओं की कैम्प लगवाकर चिकित्सा कराई गई। टीम में पशुधन प्रसार अधिकारी शुभेंदु प्रियदर्शी, महेश, बंटी, सद्दाम, सर्वेश, जागेश, मुनेंद्र,डॉ अमरेश सहित कई मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी के समक्ष समाधान दिवस में 45 शिकायतें दर्ज, 09 का निस्तारण

जन एक्सप्रेस । उरई/जालौन



शासन की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में तहसील जालौन में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान फरियादियो की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ समयबद्ध तरीके से किया जाए। सम्पूर्ण समाधान के अवसर पर डीएम व एसपी के समक्ष कुल 45 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 09 शिकायती प्रार्थना पत्रो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, शेष शिकायतों को सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देशित किया कि त्यौहार और पर्वो के दृष्टिगत साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था व जल आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित रहे, इसमे किसी भी प्रकार की शिथिलता नही बरती जाए। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन पर मिशन शक्ति 05 का शुभारंभ कल से विधिवत होगा जिसकी व्यापक तैयारियां कर ली गई है।

कहा कि एसपी द्वारा इस सम्बंध में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कराये जा रहे है इसमें सभी 12 विभागों के अधिकारी व कर्मचारी सम्मिलित होकर करायेगे। इसके बाद डीएम ने तहसील जालौन में रजिस्ट्रार कानून को भूलेख पटल, खतौनी कक्ष, आय, जाति प्रमाण पत्र पटल सहित विभिन्न पटलों का गहन निरीक्षण किया। साथ ही उप निबंधक कार्यालय से प्राप्त बैनामा नामांतरण वादों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने स्वयं आरसीसीएमएस पोर्टल का निरीक्षण किया, जिसमें एक भी बैनामा लंबित न मिलने पर तहसीलदार को निर्देश दिए कि पटल सहायक को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाए। खतौनी कक्ष में पहुंचे डीएम ने किसानों से संवाद कर एक किसान से पूछा कि खतौनी प्राप्त करने में कितनी राशि ली गई है, जिस पर किसान ने बताया कि अनुमन्य 15 रुपये ही लिए गए। डीएम ने आय-जाति पटल व आइजीआरएस पोर्टल का निरीक्षण किया। इस दौरान 03 आवेदन पेंडिंग पाए गए, किंतु कोई भी आवेदन डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं था।

जिलाधिकारी ने लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह भी पाया कि जिस कक्ष में आय एवं जाति प्रमाण पत्र बनाए जाते हैं, वहां स्पष्ट सूचना नहीं अंकित है। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि उसी दिन वॉल पेंटिंग कराई जाए, ताकि आमजन को तुरंत जानकारी मिल सके कि इस कक्ष में आय एवं जाति प्रमाण पत्र तैयार किए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और सुविधा जनहित में सर्वोपरि है, इसलिए हर स्तर पर व्यवस्था जनोपयोगी और सुलभ होनी चाहिए। इस अवसर पर सीडीओ केके सिंह, एसडीएम विनय मौर्य, नायब तहसीलदार गौरव कुमार आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मजदूरी कर लौट रहे मजदूर की सड़क हादसे में मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** मजदूरी करने के बाद अपने साथी के साथ घर लौट रहे मजदूर को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें उसकी मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम दमरास निवासी संजू दोहरे उर्फ लल्लू 42 वर्ष के पास दो बीघा जमीन होने के कारण घर की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर थी। बताया गया कि वह रोजी-रोटी के लिए अपने नाते रिश्तेदारों के साथ छह महीना पहले सूरत में मजदूरी करने के लिए गया था। तीन दिन पहले वह अपने साथी मजदूर के साथ बाइक से मजदूरी कर कमरे की तरफ जा रहा था। तभी सूरत भरूच हाईवे पर ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए थे। जिन्हें स्थानीय लोगों ने सूरत के अस्पताल में भर्ती कराया था। जिसमें लल्लू दोहरे की मौत हो गई थी। स्वजन की सहायता से पोस्टमार्टम के बाद मजदूर का शव शनिवार को दमरास पहुंचा, तो घर में चीख पुकार मच गई। मृतक की पत्नी विनीता, पिता छुटले व माता सोमवती का रो-रोकर बुरा हाल है।

# रामलीला में दूसरे दिन मनु शतरूपा व भगवान श्रीराम जन्म लीला का हुआ मंचन

जन एक्सप्रेस । जालौन



रामलीला भवन में चल रहे 173 वे श्रीरामलीला महोत्सव में दूसरे दिन रामलीला रंगमंच पर मनु शतरूपा व भगवान श्रीराम जन्म लीला का मनोहारी मंचन किया गया। रावण और उसके भाइयों कुंभकर्ण तथा विभीषण ने घोर तपस्या कर ब्रह्मा को प्रसन्न कर लिया और उनसे मनबांछित वरदान प्राप्त कर लिये। अहंकारी रावण के अत्याचारों से त्रस्त पृथ्वी ने गोवेश में बैकुंठ जाकर भगवान बिष्णु से रावण के बढते अधर्म और अत्याचारों के बारे में बताते हुये उसका भार कम करने का निवेदन किया।

भगवान बिष्णु ने अयोध्या में राजा दशरथ के यहां राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के रूप में अवतार धारण किया। श्रेष्ठ रंगकर्मियों द्वारा राम जन्म लीला का उम्दा मंचन किया गया। प्रस्तुति के मुताबिक पौलस्त्य रावण अपने अनुजों कुंभकर्ण और बिभीषण समेत ब्रह्मा की तपस्या में लीन है, उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा उन्हें वरदान देते हैं जिसमें रावण अजेयता और बिभीषण भगवद्भक्ति का वरदान प्राप्त कर लेते हैं जबकि वाग्देवी सरस्वती कुंभकर्ण की मति भ्रमित कर उसके मुख से इंद्रासन की बजाय निंद्रासन कहलवा दिया, फलस्वरूप मांगे गये वरदान देकर ब्रह्मा अंतर्ध्यान हो जाते हैं। फिर बढता है रावण का पापाचार, अधर्म के चारों ओर पैर पसारने से त्रस्त पृथ्वी गोवेश में बैकुंठ जाकर भगवान बिष्णु से प्रार्थना करती है कि उसे रावण के पापाचार से अवमुक्त करें। भगवान बिष्णु स्वयं राम रूप में और अपने अंशों से भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के रूपों में अयोध्या नरेश दशरथ के यहां प्रकट होते हैं। कार्यक्रम में रामजी के रूप में मनोज तिवारी, लक्ष्मण के रूप में शीपू पारासर, भरत श्याम जादौन, शत्रुघ्न प्रिंस चतुर्वेदी, मनु महाराज रमेश दुबे, शतरूपा तितली रानी, वशिष्ट उमेश दुबे, दशरथ रमेश दुबे ने मनोहारी मंचन किया तथा नृत्यकार तितलीरानी, योगेन्द्र बाबू उर्फ छोटू ने नृत्य के माध्यम से तो टिल्लू मस्ताना ने व्यंग के माध्यम से मनोरंजन किया। व्यवस्थाओं में पवन चतुर्वेदी, गुड्डन सक्सेना व राजकुमार ने सहयोग किया।

## इंजेक्शन लगाने आए झोलाछाप डॉक्टर ने महिला से की छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । जालौन

इंजेक्शन लगाने के लिए घर में आए झोलाछाप डॉक्टर की महिला को देखकर नीयत खराब हो गई और महिला से छेड़खानी कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर भी कर दी। पीड़िता ने मामले की शिकायत कोतवाली में दी है। पुलिस ने आरोपी झोलाछाप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को उसके ससुर कारसदेव मंदिर गए थे। घर पर वह अकेली थी। उसकी तबियत खराब थी तो उदोतपुरा निवासी झोलाछाप डॉक्टर नितिन उर्फ मुकेश उसे इंजेक्शन लगाने आ गया। घर के अंदर आकर जब परिवार के लोगों के बारे में पूछा तो उसने बता दिया कि ससुर मंदिर गए हैं। उसे अकेला देखकर उसकी नीयत में खोट आ गई और वह उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा।

जब उसने विरोध किया तो उसे जमीन पर गिरा दिया और उसके कपड़े उतारने का प्रयास किया। रोकने पर मारपीट कर दी। जब वह चिल्लाई तो आसपास के लोगों को आता देखकर वह धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाल अजय ब्रह्म तिवारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।

# खाद की समस्या और फसल बीमा में हुए घोटाले को कृषि विभाग का घेराव कर सरकार को कोसा

जन एक्सप्रेस । महोबा



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन में खाद की समस्या तथा फसल बीमा में हुए घोटाले को लेकर सपा सांसद की अगुवाई में एक सैकड़ा से अधिक सपा कार्यकर्ता कृषि विभाग का घेराव कर सरकार को कोसते रहे द्य सपाईयों कहना है कि सरकार द्वारा किसानो व गरीबो के साथ छल किया जा रहा है। वही किसान खाद लेने के लिए घंटों लाइन में लगा रहता है और किसानो को खाद उपलब्ध नहीं हो पाती है। आए दिन किसानों को खाद के लिए घुमाने का काम किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी द्वारा किसानों की खाद की समस्या एवं फसल बीमा में हुए घोटाले को लेकर सपा सांसद अजेंद्र लोधी के नेतृत्व में कृषि विभाग का घेराव किया गया। घेराव के दौरान सपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सैकड़ो की तादाद में पहुंचे थे। सपा सांसद अजेंद्र लोधी ने कहा कि इस सरकार ने किसानों के साथ छलावा किया जा रहा है और गरीबो को परिवार के भरण पोषण करने के लिए कोई काम नहीं मिल रहा है द्य जनपद में फसल बीमा के नाम पर बड़े पैमाने पर घोटाला हुआ है जिससे किसान परेशान बना हुआ है खाद न मिलने से किसान दर-दर की ठोकरे खाने के बाद भी खाद पाने के लिए मजबूर है द्य खाद न मिलने कारण किसानों को खेत की बुवाई लेट होने की चिंता सता रही है। वही युवा नेता योगेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों के साथ छल किया जा रहा है द्य किसान खाद के लिए घंटों लाइनो में खड़ा रहता है इसके बाबजूद भी किसान को खाद नही मिलती है। फसल बीमा में सत्ताधारियों और अधिकारियों की संलिप्तता के आरोप लगाते हुए कहा कि घोटाले का खेल सत्ता सरक्षण में जमकर खेला जा रहा है। कहा कि इस सरकार में चारों तरफ भ्रष्टाचार व्याप्त है। खाद की कालाबाजारी की जा रही है और किसान दर दर भटकने को मजबूर है। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव, हरिसिंह वर्मा, प्राण सिंह यादव, श्रवण साहू, साहिद राजू, प्रेम विश्वकर्मा, जीतू यादव, गजेंद्र कुशवाहा, पवन महाराज, लोकेश राजपूत एवं अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भारतीय तीरंदाजी संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

जन एक्सप्रेस । महोबा

खरेला सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता सीमा पटनाहा को भारतीय तीरंदाजी संघ के इण्टरनल कम्पलेन कमेटी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार अपने गृह जनपद पहुंचने जगह जगह भव्य स्वागत हुआ। बताते चलें कि महोबा जनपद निवासी सीमा पटनाहा शनिवार को एक्सप्रेस-वे से जैसे ही हमीरपुर जनपद में प्रवेश किया उनका स्वागत शुरू हो गया और मुस्करा में भी फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। महोबा जनपद सीमा पर ग्राम बसौठ के कान्हा गार्डन में पूर्व प्रधान कपिल तिवारी के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन हुआ जहां मौजूद सैकड़ों की संख्या में लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। कस्बा खरेला में रानू पाठक के नेतृत्व में कुसुम वाटिका में रानू पाठक' नीरज द्विवेदी' शिवशंकर तिवारी' खुशी द्विवेदी' लीना द्विवेदी' आर.के. द्विवेदी' अवधेश' बाबी मिश्रा' श्याम सिंह' डॉ. सुभाष द्विवेदी' डॉ. राजेश वर्मा ' ब्रजेश द्विवेदी' अजय उपाध्याय' सुरेन्द्र द्विवेदी' पूर्व प्रधान स्कन्ध तिवारी बसोठ' ने स्वागत किया। इस मौके पर श्रीमती पटनाहा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार के नेतृत्व में चल रही सरकार में उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं' किसानों की समस्याओं को केन्द्रीय स्तर तक पहुंचाने का काम किया तथा भाजपा संगठन ने ही उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से नवाजा है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डस्टबिन में मिला नवजात शिशु का शव

- जांच में पता चला कि उस समय बंद थे अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे, अधर में लटकी जांच मामला संदिग्ध

जन एक्सप्रेस । उरई



कोंच नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां रखें कूड़ेदान में नवजात का शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई। वहीं सीसीटीवी बंद होने से जांच में मुश्किलें बढ़ गई है।

कोंच नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात सफाई कर्मचारी रोज की तरह शनिवार की सुबह अपने कार्यों को अंजाम देने में लगे हुए थे। नियमित कार्य के दौरान उन्हें वहां रखे डस्टबिन में नवजात का शव दिखाई दिया और उन्होंने तुरंत मामले की सूचना अस्पताल प्रशासन और पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी।जांच में पता चला कि घटना के समय अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे बंद थे। इससे यह पता लगाना मुश्किल हो गया है कि शव वहां कौन रख गया।

स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रशासन की लापरवाही पर नाराजगी जताई है।उनका कहना है कि अस्पताल में ऐसी घटना अस्वीकार्य है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रशासन के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही नवजात की मृत्यु के कारणों का पता चल सकेगा।वहीं अस्पताल के सीसीटीवी बंद मिलने से मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। फिलहाल पुलिस हर पहलू पर मामले की जांच करने में लगी हुई हैं, बल्कि अस्पताल प्रशासन से भी पूछताछ की जा रही है।

## साझेदारी का पैसा दिलवाने की पुलिस से की शिकायत

जन एक्सप्रेस । जालौन


साझेदारी में कबाड़े की दुकान करने के बाद जब साझेदारी समाप्त हुई तो बकाया लगभग 62000 रुपये साझेदार नहीं दे रहा है। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटीकान निवासी तौहीद ने पुलिस को बताया कि उसने व चिमनदुबे निवासी उवैश ने साझेदारी में कबाड़े की दुकान चिमनदुबे निवासी तौफीक के साथ की थी। जब साझेदारी समाप्त हुई तो उसे साझेदार से 1,12,735 रुपये लेना था। कुछ लोगों के बीच बैठकर तय हुआ था कि वह कुछ दिनों में रुपये दे देंगे।

तबसे अब तक उसे मात्र 50,000 रुपये की मिले हैं। शेष 62,735 रुपये साझेदार उसे नहीं दे रहे हैं। कई बार मांगने के बाद भी बार बार कोई न कोई बहाना बना देते हैं। पीड़ित ने पुलिस से उसके रुपये वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

# मूर्तियों को मूर्तिकारों ने दिया अंतिम रूप, मूर्तियों की बिक्री शुरू

जन एक्सप्रेस । जालौन



शारदीय नवरात्र में नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाली देवी मां की झांकियों में स्थापित होने वाली प्रतिमाओं में विभिन्न रूपों में देवी मां की मूर्तियों को मूर्तिकार अंतिम रूप दे दिया गया है। कल से मूर्तियों की स्थापना शुरू हो जाएगी।

नगर के मूर्तिकार श्याम कुशवाहा की मूर्तियां वर्षों से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित की जाती हैं। जानकार लोग दूर-दूर से यहां मूर्तियों को लेने आते हैं। मूर्तिकार द्वारा प्रकृति व पर्यावरण के अनुरूप मूर्तियों को बनाने का कार्य महीनों पहले से प्रारंभ हो जाता है। मूर्तियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मूर्तिकार श्याम कुशवाहा ने बताया कि इस बार दुर्गा पांडाल भव्य तरीके से सजाए जा रहे हैं। इसलिए इस बार 3 फीट से लेकर 10 फीट तक की देवी मां की आधा सैंकड़ा से अधिक मूर्तियां तैयार की गई हैं। मूर्तियों की कोई कीमत निर्धारित नहीं की जाती है। भक्त और मूर्तिकार एक न्यौछावर तय कर लेते हैं, जिसके बाद न्यौछावर देकर भक्तगण मूर्तियों को अपने साथ ले जाते हैं। उन्होंने बताया कि इन मूर्तियों को घास-फूस, लकड़ी, मिट्टी और प्राकृतिक रंगों से तैयार किया जाता है। इन मूर्तियों को तैयार करने में श्याम कुशवाहा व उनके साथी कलाकार पत्नी फूलन देवी, विशाल, विकास, आकाश, सत्यम, देवराज व गजेन्द्र दिन-रात मेहनत कर सहयोग कर रहे हैं। यह मूर्तियां नवरात्र में नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित पांडालों में विराजमान होंगी। मूर्ति स्थापना के बाद देवीभक्तों द्वारा देवी मां की मूर्तियों का अद्भुत श्रृंगार भी किया जाएगा। नवरात्र का यह पर्व दशहरा को मूर्ति विसर्जन के बाद समाप्त हो जाता है।

## पेंशनरों की समस्याओं की जानकारी कर शाखा प्रबंधक ने निदान के लिए दिया पूर्ण आश्वासन

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** बैंक में पेंशनरों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर कराया जायेगा। वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनरों को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं को सार्वजनिक कर नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जायेगी द्य यह जानकारी भारतीय स्टेट बैंक महोबा के प्रबन्धक दीपक सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेंशनर्स भवन में उपस्थित होकर पेंशनरों की समस्याओं की जानकारी कर उसके निदान के लिए पूर्ण आश्वासन दिया। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान के महामंत्री बी0के0 तिवारी ने पेंशनरों को पेंशन भुगतान हेतु अलग से काउंटर सहित एक ही काउंटर से भुगतान कराने की व्यवस्था सहित सी0एस0आर0 योजना से फिजियोथैरेपी उपकरण उपलब्ध कराने के साथ पेंशनरों के खातों में नॉमनी फार्म पूर्ण कराकर जमा कराने का अनुरोध किया गया। संस्थान के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने पेंशनरों को पेंशन में नई करेंसी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। लघुचन्द्र नारायण अरजरिया ने केवाईसी कराने में होने वाली असुविधा को दूर कराने की मांग रखी।

## क्रोमा ने आई फोन 17 के लिए विशेष लॉन्च ऑफर पेश किए, एक्सचेंज और नेउ कॉइन्स के साथ कीमतें घटीं

जन एक्सप्रेस । आगरा

भारत की अग्रणी ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर कंपनी और टाटा समूह की सदस्य, क्रोमा ने आज नई आईफोन 17 सीरीज़ पर ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर की घोषणा की। देश भर में उपलब्ध, इन विशेष डील्स का लाभ क्रोमा स्टोर्स, ट्राइब बाय क्रोमा (ट्राइब बाय क्रोमा) आउटलेट्स, क्रोमा डॉट कॉम और टाटा नेउ ऐप पर उठाया जा सकता है। इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए, इन्फिनिटी रिटेल लिमिटेड के प्रवक्ता ने कहा, हर आईफोन लॉन्च पूरे भारत में हमारे ग्राहकों के लिए नई संभावनाओं और क्रिएटिविटी का जश्न होता है। उपभोक्ताओं के लिए हर अपग्रेड को सहज, खुशियां देने वाला और वास्तव में खास बनाना क्रोमा का उद्देश्य है, चाहे वह स्टोर में हो, ऑनलाइन हो या टाटा नेउ पर हो, हम विश्वसनीय मार्गदर्शन और बेजोड़ सेवा के साथ नवीनतम तकनीक प्रदान करके इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रयास करते हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हर ग्राहक, चाहे वह कहीं भी हो, विश्वास और सहजता के साथ एप्पल के सर्वोत्तम उत्पादों का अनुभव कर सकें। विशेष ऑफ़र के बारे में अधिक जानकारी और उत्पादों की पूरी श्रृंखला देखने के लिए, ग्राहकों को अपने नज़दीकी क्रोमा या ट्राइब बाय क्रोमा स्टोर पर जाने, या क्रोमा डॉट कॉम और टाटा नेउ ऐप के ज़रिए ऑनलाइन खरीदारी करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। 560 से ज़्यादा स्टोर्स में अपनी व्यापक उपस्थिति और एक सुविधाजनक ओम्नी-चैनल अनुभव के साथ, क्रोमा अपने ग्राहकों को नवीनतम तकनीक, बेजोड़ सेवा और बेहतरीन खरीदारी अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भाजपा सरकार ने गरीबों की चिंता करते हुए ऐतिहासिक योजनाएं लागू कीं : जितेंद्र सिंह सेंगर

जन एक्सप्रेस । महोबा



भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जनपद के अधिवक्ता, व्यापारी, शिक्षक, डॉक्टर, साहित्यकार, जनप्रतिनिधि एवं पार्टी संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रभारी संजीव श्रंगऋषि रहे तथा अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा द्वारा की गई। सम्मेलन का संचालन जिला मीडिया प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक सत्येंद्र प्रताप ने किया। सम्मेलन में पूर्व थल सेना अध्यक्ष वी.के. सिंह, पद्मवीर सृजन सम्मान से सम्मानित साहित्यकार संतोष कुमार पटेरिया, एडवोकेट अवधेश गुप्ता, शिक्षक जे.के. शिवहरे एवं अन्य प्रबुद्धजनों ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि संजीव श्रंगऋषि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की राजनीति में पारदर्शिता और सेवा भाव का जो नया अध्याय लिखा है वह हम सबके लिए प्रेरणास्रोत है। सेवा पखवाड़ा केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि यह हर कार्यकर्ता के लिए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुँचाने का संकल्प है। गुजरात भूकंप के बाद उन्होंने जिस तरह वहां के पुनर्निर्माण का कार्य किया उसी भावना से आज पूरे भारत के विकास और विश्व में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं। हमें गर्व है कि हमारे पास नरेंद्र मोदी जैसे कर्मयोगी प्रधानमंत्री हैं।

जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुत की और उनके संघर्षमय जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों की चिंता करते हुए उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण, आवास योजना जैसी ऐतिहासिक योजनाएँ लागू कीं जिनसे देश के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचा है।

इस अवसर पर पेट्रोल पंप व्यवसायी प्रशांत गुप्ता, व्यापारी नीतेश सोनी, नीरज गुप्ता, अधिवक्ता कृष्ण गोपाल द्विवेदी, गल्ला व्यापारी रामकुमार गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, दयाशंकर गुप्ता, व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष भागीरथ नागायच, शिक्षक एस.के. अग्रवाल, शशिकांत सोनी, साहित्यकार संतोष कुमार पटेरिया, व्यापारी नेता राहुल अग्रवाल सहित सैकड़ों प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम शारदीय नवरात्र के पर्व पर चलाया जा रहा विशेष अभियान

जन एक्सप्रेस । महोबा

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालम्बन के सम्बन्ध में मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम शारदीय नवरात्र के पर्व पर विशेष अभियान का संचालन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम चैत्र नवरात्र (27 मार्च, 2026) तक अनवरत् जारी रखने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालम्बन के सम्बन्ध में **मिशन शक्ति अभियान** का शुभारम्भ मुख्यमंत्री द्वारा किया गया, जिसका सजीव प्रसारण जनपद स्तर, विकास खण्ड, तहसील स्तर पर किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा आगामी दिवसों में सफल संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु विभागवार कार्ययोजना तैयार करते हुए विभागीय योजनाओं का वृहद रूप से प्रचार-प्रसार विभिन्न योजनाओं हेतु पात्र लाभार्थियों को चिन्हित करना व महिलाओं, बालिकाओं हेतु चलाये जा रहे विशेष कार्यक्रमों के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। जनपद स्तर पर उक्त कार्यक्रम का आयोजन एन0आई0सी0 सभागार में किया गया, जिसमें जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, सदस्य विधान परिषद, जीतेन्द्र सिंह सेगर, भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष, मोहनलाल कुशवाहा, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि0/ रा0) कुंवर पंकज, क्षेत्राधिकारी महोबा, जिला पंचायतराज अधिकारी, महोबा, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, महोबा, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मनबढ़ों ने पूर्व डिप्टी मेयर की दुकान पर चलाया बुलडोजर, गिराई दुकान

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



चिरंजीव चौरसिया ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि हजारीपुर स्थित दुकान लंबे समय से थी। कुछ लोगों ने दुकान खरीदने का दावा किया और कब्जा करने की नीयत से दुकान को बुलडोजर लगाकर गिरा दिया।

आरोप है कि इस दौरान दुकान में रखे 10 हजार रुपये नकद और जरूरी कागजात भी लूट लिए गए। कोतवाली क्षेत्र के हजारीपुर में बृहस्पतिवार की देर रात मनबढ़ों ने बुलडोजर लगाकर एक दुकान को ढहा दिया। शुक्रवार सुबह इसकी जानकारी होने पर हड़कंप मच गया। पूर्व डिप्टी मेयर चिरंजीव चौरसिया ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद कई व्यापारी उनके घर पहुंच गए और सामूहिक रूप से कोतवाली थाने पहुंचकर विरोध जताया। पुलिस ने आरोपी दुर्गा प्रसाद जायसवाल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चिरंजीव चौरसिया ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि हजारीपुर स्थित दुकान लंबे समय से थी। कुछ लोगों ने दुकान खरीदने का दावा किया और कब्जा करने की नीयत से दुकान को बुलडोजर लगाकर गिरा दिया। आरोप है कि इस दौरान दुकान में रखे 10 हजार रुपये नकद और जरूरी कागजात भी लूट लिए गए। संयुक्त व्यापार मंडल के संयोजक रमेश चंद्र गुप्ता ने घटना की निंदा की। उन्होंने बताया कि दुकान मालिक रोजाना रात को कारखाने में ही सोते थे। उन्हें आशंका है कि आरोपी हत्या की नीयत से दुकान ढहाने पहुंचे थे। 12 लोगों ने बुलडोजर के साथ अचानक हमला बोला और पूरी दुकान को जमींदोज कर दिया। व्यापार मंडल ने शुक्रवार को थाने पर विरोध दर्ज कराते हुए आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही शनिवार सुबह 11 बजे प्रतिनिधिमंडल के एसएसपी से मिलने की घोषणा की गई है। व्यापारियों का कहना है कि यदि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## माध्यमिक स्कूलों में किट के सहारे गणित की पढ़ाई होगी आसान

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को गणित किट दी गई है। इसके सहारे गणित की पढ़ाई करना आसान हो जाएगा। समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिले के 18 माध्यमिक विद्यालयों को यह किट उपलब्ध कराई गई है।

पढ़ाई के दौरान कई छात्र-छात्राओं को गणित काफी कठिन लगता है। कुछ छात्र-छात्राएं गणित के डर से पढ़ाई छोड़ देते हैं। छात्र-छात्राओं को गणित से जोड़ने के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग ने राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को गणित किट उपलब्ध कराया है।

इस किट से कक्षा नौ व 10 के छात्र-छात्राओं को गणित की शिक्षा दी जाएगी। इस किट के साथ यूजर मैनुअल भी आया है। इसके माध्यम से किट का उपयोग शिक्षा में किया जाएगा। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को दिए गए गणित किट में काउंटिंग मार्बल्स, शॉलिड शेप्स वुडेन, मीटर स्केल, पैटर्न मैकिंग, ट्राएंगल, अबेकस, ओपीएच ट्रांसपेरेंसी आदि शामिल हैं।

# गोरखनाथ मंदिर में सीएम करेंगे कलश स्थापना, आदि शक्ति की करेंगे आराधना

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ ने बताया कि 22 अक्तूबर को परंपरागत कलश शोभायात्रा निकलेगी। इसमें सभी साधु-संत, पुजारी, योगी, वेदपाठी बालक, पुरोहित एवं श्रद्धालु शामिल होंगे। कलश यात्रा में शिव, शक्ति और महायोगी गोरखनाथ के अस्त्र त्रिशूल को मंदिर के मुख्य पुजारी लेकर चलेंगे।

शारदीय नवरात्र 22 अक्तूबर से शुरू हो रहा है। गोरखनाथ मंदिर में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम पांच बजे शक्ति मंदिर में कलश स्थापना करेंगे। इसके साथ ही दस दिवसीय विशेष अनुष्ठान का शुभारंभ हो जाएगा। गोरक्षपीठ में शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ के साथ ही शक्ति की आराधना की अद्भुत परंपरा है। मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में पूरे नवरात्र अनवरत साधना चलती है।

मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ ने बताया कि 22 अक्तूबर को परंपरागत कलश शोभायात्रा निकलेगी। इसमें सभी साधु-संत, पुजारी, योगी, वेदपाठी बालक, पुरोहित एवं श्रद्धालु शामिल होंगे। कलश यात्रा में शिव, शक्ति और महायोगी गोरखनाथ के अस्त्र त्रिशूल को मंदिर के मुख्य पुजारी लेकर चलेंगे। उन्होंने बताया कि परंपरा के अनुसार, त्रिशूल लेकर चलने वाले को नौ दिन मंदिर में ही रहना होता है। योगी कमलनाथ ने बताया कि आदिशक्ति मां भगवती दुर्गा के अनुष्ठान शारदीय नवरात्र तथा सत्य, न्याय एवं धर्म की विजय का पर्व विजयादशमी गोरखनाथ मंदिर में परंपरागत तरीके एवं हर्षोल्लास के साथ विविध अनुष्ठानों के बीच मनाया जाएगा।

**प्रतिदिन होगी कथा**

मंदिर के प्रधान पुजारी ने बताया कि मठ में शारदीय नवरात्र में श्रीमददेवीभागवत की कथा एवं दुर्गा सप्तशती का पाठ, पूरे नवरात्र प्रतिदिन सुबह एवं शाम 4 बजे 6 बजे तक चलेगा। देवी-देवताओं के आह्वान के साथ पूजन-आरती होती रहेगी। 29 सितंबर को गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ महानिशा पूजन एवं हवन करेंगे।

**महानवमी को कन्या पूजन करेंगे गोरक्षपीठाधीश्वर**

एक अक्तूबर को शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि को गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुमारी कन्याओं का पांव पखारकर पूजन करेंगे। इस अवसर पर मातृ स्वरूपा कन्याओं के लिए भोज का भी आयोजन होगा और गोरक्षपीठाधीश्वर उन्हें दक्षिणा और उपहार भेंट करेंगे। बटुक भैरव के रूप में कुछ बालक भी इस पूजन अनुष्ठान में सम्मिलित होंगे।

**प्रभु श्रीराम का होगा राजतिलक**

विजयादशमी के दिन दो अक्तूबर को गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ, श्रीनाथ जी (गुरु गोरखनाथ) का विशिष्ट पूजन करेंगे। इसके बाद मंदिर परिसर में सभी देव विग्रह का पूजन होगा। दोपहर एक बजे से अपराह्न तीन बजे तक गोरक्षपीठाधीश्वर के तिलकोत्सव का कार्यक्रम चलेगा।

# मॉकड्रिल कर परखी आपदा में बचाव की व्यवस्था

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



डीएम के निर्देश पर शुक्रवार को जिले के सभी तहसील क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की तरफ से अलग-अलग स्थानों पर मॉकड्रिल कर बचाव कार्यों की दक्षता आंकी गई। इसमें में तहसील प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और फायर बिग्रेड की टीम ने अग्नि सुरक्षा, भूकंप से सुरक्षित लोगों को बचाने के लिए अभ्यास किया। एडीएम वैभव मिश्र ने बताया कि इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपदा की स्थिति में प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा करना था। इसके अलावा राहत एवं बचाव कार्यों की दक्षता को परखने के साथ सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता लाना था। इस अभ्यास के दौरान विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों का अनुकरण कर यह आकलन किया गया कि किस प्रकार त्वरित, समन्वित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया दी जा सकती है।

लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने, प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने और अग्नि नियंत्रण की प्रक्रियाओं का अभ्यास कराया गया। इस दौरान सदर लेखपाल योगेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे। तमकुहीरोड प्रतिनिधि के अनुसार शुक्रवार को चीनी मिल सेवरही में मॉकड्रिल का आयोजन कर आपदा के समय की जाने वाली सुरक्षा तैयारियों की जांच की गयी। इस मॉकड्रिल में आपदा मित्रों, अग्निशमन दल के कर्मचारियों, मेडिकल टीम के साथ राजस्वकर्मियों व चीनी मिल के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। अग्नि शमन दल के प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर यादव की अगुवाई में दमकल विभाग की टीम, डॉ. माहेश्वर कृष्णन की अगुवाई में मेडिकल विभाग की टीम, राजस्व निरीक्षक जयंत गुप्ता की अगुवाई राजस्व विभाग की टीम के साथ आपदा मित्र भी मौके पर पहुंचे और सबसे पहले आग बुझाने का कार्य शुरू किया। आपदा मित्र सीढ़ी लगाकर आग में फंसे कर्मचारी को बाहर निकालने में जुट गए। उसके बाद उसे कंधों का सहारा देकर एंबुलेंस तक लाया गया।

## एनडीआरएफ ने भूकंप से बचाव का किया अभ्यास

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

तहसील प्रशासन की ओर से शुक्रवार सेंट जेवियर्स स्कूल में भूकंप से बचाव के लिएमॉक ड्रिल किया गया। इसमें एनडीआरएफ और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्यों ने आपदा में फंसे लोगों के प्राथमिक उपचार, सीपीआर, सांप के काटने पर उपचार देने के गुर बताए गए। तहसीलदार अलका सिंह, सीओ मनोज कुमार के नेतृत्व में सेंट जेवियर्स स्कूल में मॉक ड्रिल की शुरुअत सुबह करीब 10:30 मिनट पर हुई। पहले से निर्धारित कार्यक्रम के तहत अचानक स्कूलों की आपातकालीन घंटी बजी और विद्यार्थियों को भूकंप आने की सूचना दी गई। भूकंप थमने के बाद छात्र खुले स्थान पर इकट्ठा हुए जहां उनका हेड अकाउंट किया गया। कोतवाल सुनील कुमार पटेल एनडीआरएफ, एनसीसी कैडेट्स व पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर तुरंत ही बचाव और राहत कार्य शुरू कर दिया।

# नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति-5.0 का शुभारंभ

- एनआईसी सभागार महराजगंज में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण
- ग्राम प्रधान अनामिका सिंह को मिला महिला सशक्तिकरण सम्मान
- जिलाधिकारी ने ग्राम और स्कूल स्तर पर वृहद कार्यक्रमों के लिए दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति-5.0 का शुभारंभ शनिवार को लखनऊ स्थित लोक भवन सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनपद महराजगंज के एनआईसी सभागार में कराया गया, जहां पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया तथा जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और सम्मान प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है और इस विषय में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि मिशन शक्ति को ग्राम पंचायतों, स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में प्रभावी रूप से संचालित करने का निर्देश दिया और संबंधित एसओपी पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया गया। महराजगंज के एनआईसी सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान घुघली ब्लॉक के ग्रामपंचायत बसंतपुर की ग्राम प्रधान अनामिका सिंह को महिला सशक्तिकरण का प्रतीक मानते हुए विधायकगण ने शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पनियरा विधायक ने कहा कि महिलाएं अब हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं।

वहीं सदर विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिला सुरक्षा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मिशन शक्ति 5.0 के तहत वृहद कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाए।

उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ को महिला पुलिस कर्मियों की रैली आयोजित करने के निर्देश भी दिए। गौरतलब है कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर मिशन शक्ति अभियान की शुरुआत 17 अक्टूबर 2020 को हुई थी। अब तक इसके चार चरण पूरे किए जा चुके हैं।

# छितौनी बांध पर गंडक ने तेज की कटान, बचाव कार्य शुरू

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



गंडक नदी का शुक्रवार की देर शाम बंधे पर भैसहा गांव के पास छितौनी तटबंध पर दबाव बढ़ गया और ठोकर के समीप तेजी से कटान होने लगा। इसकी खबर मिलते ही बाढ़ खंड के जिम्मेदार पहुंच गए और बचाव कार्य शुरू कर दिए। कटान की खबर मिलते तटवर्ती गांव वालों की बाढ़ की चिंता सताने लगी।

नेपाल के पहाड़ी इलाके में बारिश होने के चलते नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। शाम को अचानक गंडक नदी भैसहा गांव के पास छितौनी तटबंध के किलोमीटर 8.635 से 8.800 तक के बीच में तेजी से टकराने लगी। देखते ही देखते करीब दस मीटर से ज्यादा तार की जाली सहित पत्थर कट कर नदी में समा गया। कटान शुरू होने के बाद बाढ खंड ने बचाव कार्य शुरू करा दिया हैं, जनरेटर की रोशनी में मजदूर पत्थर डालकर कटान को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। कटान जहां हो रहा है वह जगह मुख्य बांध के एकदम सटा है। कुछ वर्ष पहले भी इस जगह पर तेजी से कटान हुआ था और तटबंध टूटने से बाल बाल बचा था। बाद में यहां लाखों रुपये खर्च कर बचाव कार्य हुआ था।ल,लेकिन जिस तरह से कटान शुरू हुआ है उससे कार्य पर सवाल खड़ा हो गया है। बचाव कार्य जारी है। गांव वाले कटान होने से सहम गए हैं। बाढ़ खंड के एसडीओ मनोरंजन कुमार ने बताया कि नदी अचानक कटान शुरू की है। बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। बोल्डर गिराया जा रहा है।

## राज्यस्तरीय बैडमिंटन में दमखम दिखाएंगे खिलाड़ी

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

अयोध्या में 23 से 25 सितंबर के बी राज्यस्तरीय अंडर-19 बालक-बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन होना है। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के 18 मंडलों के साथ तीन स्पोर्ट्स कॉलेज की टीम प्रतिभाग करेगी। प्रतियोगिता में गोरखपुर मंडल की टीम भी प्रतिभाग करेगी।रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम के आरएसओ आले हैदर ने बताया कि बैडमिंटन की अंडर-19 क्रिकेट टीम का मंडलीय ट्रायल शनिवार को सुबह आठ बजे से रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होगा। ट्रायल में गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया और कुशीनगर के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को आयु के लिए हाई स्कूल का प्रमाणपत्र, आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। बताया कि ट्रायल के बाद टीम की घोषणा की जाएगी।

# आयुष्मान भारत योजना को गरीबों और जरूरतमंदों के लिए संजीवनी: पंकज चौधरी



**जन एक्सप्रेस । महाराजगंज**

जिला मुख्यालय स्थित रोडवेज परिसर में शनिवार को दो दिवसीय महाआरोग्य शिविर का शुभारंभ केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया, जिलाध्यक्ष संजय पांडेय एवं जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। यह शिविर मुंबई की संस्था एचआईवी एड्स रिसर्च एंड केयर सेंटर द्वारा आयोजित किया गया है। शिविर के उद्घाटन अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और सस्ता बनाने के प्रयास लगातार हो रहे हैं। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना को गरीबों और जरूरतमंदों के लिए संजीवनी करार देते हुए लोगों से नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने और स्वस्थ भारत के निर्माण में सहयोग देने की अपील की। इस अवसर पर विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। वहीं, सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है और यही सोच इस शिविर में दिखाई दे रही है। उपरोक्त शिविर में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे और नामी चिकित्सकों से निःशुल्क इलाज व परामर्श प्राप्त किया। मरीजों की जांच कर दवाएं भी मुफ्त वितरित की गईं। दिव्यांगजनों के लिए विशेष व्यवस्था के तहत व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र, चश्मा और अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए। केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने स्वयं कई लाभार्थियों को ट्राईसाइकिल, चश्मा और ब्लाइंड स्टिक प्रदान की।

आर.के. एचआईवी एड्स रिसर्च एंड केयर सेंटर के चेयरमैन डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि संस्था अब तक 30 वर्षों में 32 हजार से अधिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर चुकी है, जिनसे करोड़ों लोग लाभान्वित हुए हैं। कार्यक्रम में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष साकेत सिंह सोनू, प्रोजेक्ट हेड डॉ. योगिता बोरिकर, आईडीबीआई बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख मनोज कुमार, वरिष्ठ नेता अजय कुमार श्रीवास्तव, जिला महामंत्री बबलू यादव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व आमजन मौजूद रहे।

# अफसरों के झमेले में फंसा लार बाईपास का निर्माण, राहगीर परेशान

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

नवलपुर से लार तक क्षतिग्रस्त सड़क का मरम्मत कार्य करीब तीन महीने से चल रहा है, करीब 850 मीटर लार कस्बे का बाइपास की खुदाई कर छोड़ दिया गया है और आवागमन ठप है। इस वजह से बड़ी आबादी को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। काम की सुस्त गति पर पीडब्ल्यूडी विभाग ने ठेकेदार को दूसरी बार नोटिस जारी किया है। वहीं सलेमपुर एसडीएम को राजस्वकर्मियों व पुलिस की मदद से ह्यूमन पाइप डलवाने के लिए पत्र पीडब्ल्यूडी के एई ने लिखा है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों का तर्क है कि बाइपास सड़क की ऊंचाई सिर्फ एक मीटर बढ़ी है, यह क्षेत्र लो लैंड हैं और जलभराव होता है, ह्यूमन पाइप तीन स्थानों पर लगाना है, जिसका विरोध स्थानीय कुछ लोग कर रहे हैं। राजस्व टीम व पुलिस का सहयोग नहीं मिलने से निर्माण कार्य में देरी हो रही है।

सलेमपुर से भागलपुर जाने वाले मार्ग पर नवलपुर से लार बाईपास होते हुए रामजानकी मार्ग बिजली उपकेंद्र के पास जोड़ता है, जो बिहार के अलावा वाराणसी जाने अधिकांश लोग इसका उपयोग करते हैं। करीब 9.03 किमी सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के पहल पर 19.42 करोड़ की लागत से इसका निर्माण का ठेका मेसर्स सूयप्रकाश सिंह को मिला। नवलपुर से लार तक जाने वाली मुख्य मार्ग तक निर्माण कार्य तो लगभग पूरा हो गया है, इसका काम अंतिम चरण में चल रहा है, लेकिन इस सड़क से कटकर रामजानकी मार्ग को जोड़ने वाला लार बाइपास सड़क को ठेकेदार खुदावा दिया और मिट्टी डालकर छोड़ दिया है, इसके चलते करीब तीन महीने से इस सड़क पर आवागमन ठप है। इस बाइपास सड़क से करीब दस हजार लोगों का प्रतिदिन आवागमन होता है, इसके बंद होने से लोग लार कस्बे के रास्ते जा रहे हैं या पांच किमी सात किमी अधिक दूरी तय कर जिला मुख्यालय और तहसील मुख्यालय पर लोगों को जाना पड़ रहा है। सार्वाधिक दिक्कत लार कस्बे में जाने से गुजरी संकरी सड़क होने के कारण प्रति दिन लोगों को जान से जूझना पड़ रहा है। इससे व्यापार प्रभावित होने के साथ-साथ लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## दस्तक अभियान की सफलता के लिए दी गई जिम्मेदारी

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

शुक्रवार को कसया तहसील सभागार में एसडीएम कसया डॉ. संतराज सिंह बघेल की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारियां सौंपी गई। ताकि आगामी अभियान को सफलतापूर्वक संचालित किया जा सके। एसडीएम ने बताया कि विशेष संचारी रोग अभियान 5 से 31 अक्टूबर तक चलेगा। वहीं, दस्तक अभियान 11 से 31 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, नगर पालिका, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और अन्य विभाग मिलकर जनजागरूकता और रोकथाम की दिशा में काम करेंगे।

# पशु तस्करों पर कार्रवाई में लापरवाही पर 2 थानेदार समेत 25 लाइन हाजिर, जानिए सांठगांठ की कहानी

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



गोरखपुर के पिपराइच में छात्र की हत्या के कनेक्शन तस्करों से जुड़ने और कुशीनगर में इनके पकड़े जाने पर एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश की रिपोर्ट पर पुलिस कप्तान संतोष कुमार मिश्र को डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध किया जा चुका है। डीजीपी ने एडीजी और डीआईजी को पशु तस्करी पर कार्रवाई में लापरवाह पुलिसकर्मियों की भी जांच के लिए निर्देश दिए थे।

पशु तस्करों पर कार्रवाई में लापरवाही पर कसया और तमकुहीराज के थानेदार और पांच दरोगा समेत 25 पुलिसकर्मियों को बृहस्पतिवार देर रात लाइन हाजिर कर दिया गया। एडीजी जोन मुथा अशोक जैन के निर्देश पर बिहार के सीमावर्ती और हाईवे से सटे सात थानों के पुलिसकर्मियों पर यह कार्रवाई की गई है। शुक्रवार भोर तक सभी पुलिसकर्मियों की पुलिस लाइंस में आमद भी करा ली गई।

गोरखपुर के पिपराइच में छात्र की हत्या के कनेक्शन तस्करों से जुड़ने और कुशीनगर में इनके पकड़े जाने पर एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश की रिपोर्ट पर पुलिस कप्तान संतोष कुमार मिश्र को डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध किया जा चुका है। डीजीपी ने एडीजी और डीआईजी को पशु तस्करी पर कार्रवाई में लापरवाह पुलिसकर्मियों की भी जांच के लिए निर्देश दिए थे।

बृहस्पतिवार को डीआईजी डॉ. एस चनप्पा ने रामकोला और कप्तानगंज क्षेत्रों में जांच की तो कसया, पटहेरवा क्षेत्र होते हुए एडीजी मुथा अशोक जैन भी यूपी बिहार बॉर्डर पर पहुंचे। इस दौरान अफसरों ने सिस्टम के सुराख भी तलाशे। सूत्रों के अनुसार गोपालगंज के तस्कर के पास से मिली कॉल लॉग और डायरी की अंदरूनी जांच के बाद सूची बनी तो एडीजी तक हाईवे और सीमावर्ती थानों से जुड़े थानाध्यक्षों, वरिष्ठ उपनिरीक्षक, उपनिरीक्षक सहित कुल 25 पुलिसकर्मियों का नाम पहुंचा।

एडीजी ने तत्काल प्रभाव से सभी पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर करने के लिए कुशीनगर के एएसपी निवेश कटियार को निर्देश जारी कर दिए। इसमें कसया थानाध्यक्ष अमित शर्मा और तमकुहीराज थाने के इंचार्ज सुशील कुमार शुक्ला का नाम प्रमुख था।

# महिला सशक्तिकरण की नई शुरुआत मिशन शक्ति फेज 5.0 का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार से मिशन शक्ति फेज 5.0 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर में स्थापित 1647 मिशन शक्ति केन्द्रों का उद्घाटन किया, साथ ही ÷सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश÷ शीर्षक फोल्डर व एसओपी पुस्तिका का विमोचन किया कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया, जिसमें राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग गिरीश चंद्र यादव, एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंशू, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, सीडीओ ध्रुव खाडिया सहित जिले के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर जिले की आत्मनिर्भर महिलाओं और स्वयं सहायता समूह की दीदियों को सम्मानित किया गया। इनमें सुनीता निषाद (विद्युत सखी),प्रीति सिंह (नमकीन व आटा उत्पादन),सुनीला (अचार व मुरब्बा निर्माण),दुर्गा मौर्य कृषि व एफपीओ कार्य,संध्या (जैविक खेती व वर्मी कम्पोस्ट निर्माण),नीलम गौतम (महिला बैंक मित्र, वित्तीय समावेशन),के योगदान की सराहना की गई। राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि शासन निरंतर महिलाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए प्रयासरत है। महिलाएं सशक्त होंगी तभी परिवार, समाज और देश सशक्त होगा। शारदीय नवरात्रि के पहले दिन, 22 सितम्बर 2025 से मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत तहसीलों, ब्लॉकों, गांवों और सभी विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# मिशन शक्ति के पांचवे चरण का हरैया थाने से हुआ सीधा प्रसारण

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



प्रदेश में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति का पांचवां चरण शनिवार से प्रारंभ हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिजिटल माध्यम से इसका शुभारंभ किया। नए मिशन शक्ति केंद्र के अंतर्गत महिला सुरक्षा केन्द्र का उद्घाटन भी सीएम द्वारा किया गया। हरैया कोतवाली परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी संजय सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बड़ी संख्या में महिलाओं और स्कूल की बच्चियों ने मुख्यमंत्री के लाइव संबोधन को सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य एक सुरक्षित समाज का निर्माण है। महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। 30 दिनों के इस अभियान में स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी जाएगी। महिलाओं की सुरक्षा के लिए पिंक बूथ और महिला बीट पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। शिकायतों के लिए 1090 महिला हेल्पलाइन और 112 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है। मुख्यमंत्री के लाइव प्रसारण के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी हरैया संजय सिंह ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार संकल्पित है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिला सुरक्षा को लेकर सकारात्मक वातावरण बनाना और जनभागीदारी को और अधिक सशक्त करना है। उन्होंने वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपात सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076 आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। थाना प्रभारी तहसीलदार सिंह ने कहा कि पुलिस महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने द्रौपदी चीर हरण के एक गीत के माध्यम से भाई बहन के रिश्ते को प्रमुखता से पेश किया। उन्होंने कहा बच्चियां किसी भी तरीके से यदि असुरक्षित महसूस करती हैं तो अपनी बात अपने अभिभावक को खुलकर बताएं। मिशन शक्ति की नोडल भारती शुक्ला ने बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और कानूनी सहायता के बारे में जागरूक किया। कहा कि हर महिला में प्रेरणा बनने की शक्ति होती है। लेकिन, आवश्यकता है सिर्फ अपनी क्षमताओं को पहचान कर एक साहसी कदम बढ़ाने की। इस अवसर पर नेशनल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ विनोद, संतोष शुक्ल, गिरजेश बहादुर सिंह, रवीश मिश्र, योगेश सिंह, विनोद शुक्ल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और स्कूल की बच्चियां उपस्थित रहीं।

# जौनपुर में जनपद स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न, टीडी इंटर कॉलेज ने मारी बाजी



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत शनिवार को तिलकधारी सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज, जौनपुर में जनपद स्तरीय बैंड प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। जिले के विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया और शानदार प्रस्तुति देते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कड़े मुकाबले के बीच तिलकधारी सिंह इंटर कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जनक कुमारी इंटर कॉलेज द्वितीय तथा मुक्तेश्वर प्रसाद बालिका इंटर कॉलेज तृतीय स्थान पर रहा। विजेता टीमों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सत्य प्रकाश सिंह ने सम्मानित किया। जनपद की बैंड नोडल अधिकारी रंजना आर्या ने बताया कि प्रत्येक टीम ने 10 से 15 मिनट तक अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। जिला समन्वयक समग्र शिक्षा डॉ. राजन सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निखारने एवं सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। प्रधानाचार्य डॉ. सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि यह आयोजन छात्रों के कौशल विकास और लक्ष्य निर्धारण का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने प्रतिभागी टीमों और उनके बैंड मास्टर्स को धन्यवाद ज्ञापित किया। निर्णायक मंडल में एनसीसी के सीएचएम दिवाकर सिंह एवं हवलदार थगेंद्र पुन शामिल रहे। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक एवं टीडी इंटर कॉलेज के बैंड प्रभारी राजीव कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह, बद्रीनाथ सिंह, सुभाष चंद्र, पारसनाथ, अमरेश राय, चीफ प्रोक्टर सत्य प्रकाश सिंह, राकेश कुमार, कुंवर विभूति विक्रम सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, अंबर कुमार सिंह, राजेश कुमार पाल, श्याम नारायण मौर्य सहित अनेक गणमान्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# जमीन पर कब्जे का विवाद: युवती ने डीएम से लगाई गुहार, पुलिस पर मिलीभगत का आरोप

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला खरका, हुसेनाबाद निवासी शालिनी मौर्या ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर जमीन कब्जे की कोशिश का गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मामला सिविल कोर्ट में विचाराधीन होने के बावजूद चौरसिया समुदाय के लोग दबंगई और पुलिस की मिलीभगत से कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़िता शालिनी मौर्या का कहना है कि वह अकेली लड़की हैं और उनकी एक बहन मानसिक रूप से विकलांग है। जब उन्होंने थाने में शिकायत की तो पुलिस ने सुनवाई के बजाय डांटकर भगा दिया। शालिनी का आरोप है कि विपक्षी परिवार अवैध कारोबार करता है और पैसों के दम पर थाना क्षेत्र में दबाव बनाकर जमीन हड़पने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने बताया कि पहले भी एसडीएम सदर, सिटी मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगा चुकी हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब उन्होंने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर जमीन और घर की सुरक्षा की मांग की है। शालिनी ने जिन लोगों पर आरोप लगाया है उनमें पप्पू, राकेश, राजेश, श्रवण, लवकुश (पुत्रगण रामराज चौरसिया), जितेंद्र (पुत्रगण चंद्रशेखर चौरसिया), ओमश्री, सोनू, ओंकार (पुत्रगण चंद्रभाल चौरसिया) सहित पूरा चौरसिया परिवार शामिल है। वहीं, विपक्षी पक्ष का कहना है कि लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं। उनका कहना है कि विवादित स्थान पुरानी मंदिर की जमीन है, जिसे मोहल्लेवासियों की मदद से नए सिरे से निर्माण कराया जा रहा है। इस मामले में थाना प्रभारी से दूरभाष पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली

# बसपा की समीक्षा बैठक सम्पन्न, संगठन के मजबूती पर जोर

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

शनिवार को बहुजन समाज पार्टी की विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक प्रेस क्लब सभागार में जिलाध्यक्ष अनिल कुमार गौतम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद की सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों के बूथ स्तरीय समीक्षा के साथ ही आगामी 9 अक्टूबर को में बसपा संस्थापक मान्यवर कांशीराम के 19 वें परिनिर्वाण दिवस पर राजधानी लखनऊ में कांशीराम साहब के स्मारक स्थल पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में बस्ती से भागदारी पर विचार किया गया। बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुये मुख्य मण्डल प्रभारी समसुद्दीन रायनी ने कहा कि बसपा संगठन की मजबूती के लिये निरन्तर प्रयास जारी है। उन्होने आवाहन किया कि मान्यवर कांशीराम के 19 वें परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बस्ती से अच्छी भागदारी हो। बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जनपदों के लोग हिस्सा लेंगे और मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री बसपा सुप्रीमो सुश्री बहन मायावती हिस्सा लेंगी। विशिष्ट अतिथि मुख्य मण्डल प्रभारी धर्मदेव प्रियदर्शी, मण्डल प्रभारी सीताराम शास्त्री, बनवारीलाल कन्नौजिया, सुरेश चौहान ने पांचों विधानसभा क्षेत्रों के बूथ स्तरीय समीक्षा में कहा कि बूथ स्तर पर समीक्षा कर लिया जाय । बताया कि बस्ती से बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता 9 अक्टूबर को लखनऊ पहुंचेंगे। जिलाध्यक्ष अनिल कुमार गौतम ने कहा कि 9 अक्टूबर को बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचेंगे। संगठन की मजबूती के लिये बूथ स्तर पर निरन्तर प्रयास जारी है। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से युगुल किशोर चौधरी, आशुतोष सिंह, संजय धूसिया, राम सागर, के.सी. मौर्य, कृपाशंकर गौतम, दीपक, अरविन्द आर्य, विष्णु आनन्द, भूपेन्द्र कुमार, रंजीत कुमार गौतम, प्रमोद कुमार, एडवोकेट अनूप कुमार, तवारक अली, यशवन्त निगम, उमाशंकर राव, गिरिजाशंकर गौड़ उर्फ छोटे नेता, राजीव राव, प्रदीप कुमार, देशराज, राजेश गौतम, अनिल आजाद, शिवम, दिलीप गौतम, आर.डी. प्रेमी, राजेश राव, अतर सिंह, रामकरन गौतम के साथ ही बसपा के अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

# वीर बहादुर सिंह प्राचार्य परिषद की कुलपति/कुल सचिव महोदय से औपचारिक मुलाकात

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

नवगठित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल प्राचार्य परिषद के अध्यक्ष प्रो राघवेंद्र कुमार पांडे महामंत्री प्रो सुरेश कुमार पाठक कोषाध्यक्ष प्रो बृजेश कुमार जायसवाल ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय कुलपति महोदय से मिलकर उनको वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल प्राचार्य परिषद के विधिवत गठन की सूचना दी प्राचार्य परिषद ने माननीया कुलपति महोदय को आश्वस्त किया की प्राचार्य परिषद विश्वविद्यालय के निरंतर विकास में सदैव आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगा। विनोद कुमार सिंह से प्राचार्य परिषद के नवगठित कार्यकारिणी ने मुलाकात की।

# समस्याओं को लेकर शिक्षकों ने प्रभारी बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

शनिवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर संगठन पदाधिकारियों, शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल के नेतृत्व में दो प्रमुख बिन्दुओं को लेकर प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपे जानें के बाद जिला अध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल ने बताया कि जनपद में दो प्रमुख बिन्दुओं पर त्वरित रूप से संज्ञान लेकर सम्बन्धित पटल को निर्देशित करने का आग्रह किया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि रामरेखा चौधरी प्रभारी प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय खोरिया का वर्तमान समय में स्वास्थ्य बहुत खराब है वे जीवन व मृत्यु से जूझ रहे हैं उनका इलाज लखनऊ के एक निजी चिकित्सालय में हो रहा है इसे ध्यान में रखते हुए रामरेखा के सम्पूर्ण बकाया धनराशि त्वरित भुगतान कराया जाय। जनपद के समस्त विद्यालयों के सम्मानित प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक का वेतन ड्राप -बाक्स खाली किये जानें के सम्बन्ध में बार बार वेतन वाधित रोके जानें को निर्देशित किया जा रहा है,, जबकि जनपद के शिक्षक गणों ने जहां एक तरफ नामांकन बढ़ाये जाने व अन्य अच्छे और उत्कृष्ट कार्यों में अपने को समर्पित किया है, और उसका परिणाम सकारात्मक रहा है,, फिर भी ड्राप बाक्स की जिम्मेदारी विभाग की है,, और शिक्षकों की जिम्मेदारी सिर्फ और सिर्फ गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना है,, शिक्षकों को अनावश्यक रूप से कार्यों में संलग्न न किया जाए,, और न ही कोई वेतन रोकने की कार्यवाही किया जाय,,ड्राप बाक्स को खाली करना विभाग के कम्प्यूटर आपरेटर की एवं स्वयं बच्चों के अविभावक की जिम्मेदारी है। समय रहते हुए इसका निराकरण कराया जाय। जिला प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुये बताया कि ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव, जिला संगठन मंत्री मारुफ खान, ब्लॉक मंत्री सदर विजय प्रताप वर्मा, ब्लॉक मंत्री गौर विनोद यादव, ब्लॉक उपाध्यक्ष सल्टौआ प्रमोद पासवान, शिक्षक राम गोपाल पाठक आदि शामिल रहे।

# टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में भड़के शिक्षक, विधायक को सौंपा ज्ञापन




**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर बदलापुर क्षेत्र में प्राथमिक शिक्षक संघ 1160 के पदाधिकारियों ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट के फैसले में टीईटी की अनिवार्यता लागू किए जाने पर कड़ा विरोध जताया। आक्रोशित शिक्षकों ने विधायक बदलापुर रमेश मिश्र को प्रधानमंत्री जी को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए इसे काला कानून करार दिया। प्रदेशीय महामंत्री एवं जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि ऋञ्जश्व एक्ट 2009 में संशोधन कर भारत सरकार ने 2017 का राजपत्र जारी किया, जो शिक्षकों पर अन्याय है। पहले से कार्यरत शिक्षकों पर सेवा बनाए रखने के लिए ञ्जश्वञ्ज अनिवार्य करना किसी भी रूप में न्यायसंगत नहीं है। जिलामंत्री डॉ. भानु प्रताप राव ने कहा कि जब तक 2017 के राजपत्र में संशोधन नहीं होगा, तब तक शिक्षकों को न्याय नहीं मिल पाएगा। बदलापुर अध्यक्ष उमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि उच्चतम न्यायालय पहले ही कह चुका है कि खेल के बीच में नियम नहीं बदले जाते, लेकिन इसके विपरीत फैसला शिक्षकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। इस अवसर पर प्रदेशीय उपाध्यक्ष राय साहब यादव, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण यादव, कोषाध्यक्ष शिलाजीत, रवीन्द्र प्रसाद तिवारी, चंद्र प्रकाश यादव, शशिधर तिवारी, सत्य नारायण यादव, आलोक यादव, देवेश मिश्र सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# शिक्षक पर गोली चलाने वाला आरोपी गिरफ्तार, लूट के 2800 रुपये बरामद

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर थाना लाइनबाजार पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्राथमिक शिक्षक को गोली मारकर चैन लूटने वाले एक और वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के पास से लूट के माल की बिक्री से प्राप्त 2800 नकद बरामद हुए। मालूम हो कि 1 सितंबर 2025 की सुबह करीब 6 बजे कंधरपुर निवासी संतोष कुमार यादव टहल रहे थे। तभी पल्सर सवार दो बदमाश आए और चैन लूटने का प्रयास किया। विरोध करने पर बदमाशों ने संतोष यादव के पैर में गोली मार दी और गले से दो चैन छीनकर पिस्टल लहराते हुए फरार हो गए। इस मामले में थाना लाइनबाजार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। शनिवार को थाना लाइनबाजार पुलिस टीम ने तलाश वांछित अपराधियों के दौरान अभियुक्त शिवम यादव उर्फ मोनू निवासी बीबीपुर, थाना सिकरारा को आरटीओ तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक शेष आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है। पकड़े गए शिवम यादव ने बताया कि वह अपने साथी अभिषेक यादव के साथ पहले भी जेल जा चुका है। यह गिरोह जौनपुर और आसपास के जिलों में लगातार अपराध करता है। उसने खुलासा किया कि बरामद पैसा लूटी गई चैन की बिक्री से मिला है, जिसे वह अपनी एक महिला मित्र के इलाज के लिए भेज रहा था। गिरफ्तारी और बरामदगी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह, निरीक्षक अपराध विजयशंकर यादव, हेड कांस्टेबल राजेश सिंह सेंगर, हेड कांस्टेबल अनिल सिंह, कांस्टेबल दीपक मौर्या और कांस्टेबल सत्यप्रकाश राय शामिल रहे।

# कानून के शिकंजे में वारंटी, परसरामपुर पुलिस ने 4 को दबोचा




**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

परसरामपुर पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए चार वारंटियों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन के आदेश, अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी परसरामपुर संजय सिंह के निर्देशन में थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए वारंटियों में से एक ने न्यायालय से रिकॉल आदेश प्रस्तुत किया, जिसे विधिक प्रक्रिया पूरी कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। वहीं तीन अन्य वारंटियों को ग्राम न्यायालय हरैया में पेश करने के लिए भेजा गया। गिरफ्तार वारंटियों में सद्दाम पुत्र समसुद्दीन, जमील पुत्र इस्माइल और समसुद्दीन पुत्र असीरे (सभी निवासी रजवापुर, थाना परसरामपुर) शामिल हैं। इनकी गिरफ्तारी उपनिरीक्षक ओम प्रकाश भारती, हेड कांस्टेबल जगतनरायन और कांस्टेबल बृजभूषण सिंह की टीम ने की। इसके अलावा, रक्षाराम पुत्र रामजमनि निवासी पिकौरा भट्ट को भी पुलिस ने दबोचा। उसे उपनिरीक्षक सुरेश चन्द्र और कांस्टेबल नितेश यादव की टीम ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व और सक्रियता की सराहना करते हुए पुलिस महकमे का कहना है कि उनकी कार्यशैली से अपराधियों में भय और कानून के प्रति सम्मान का वातावरण बन रहा है। स्थानीय लोगों ने भी उनकी सतर्कता और त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा की।

# वन्यजीव तस्कर गिरफ्तार, कछुओं की तस्करी का भंडाफोड़

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

थाना खेतासराय पुलिस ने 162 अदद (करीब 440 कि.ग्रा.) व 13 बोरे में कछुए के खाल अवैध प्रतिबंधित जिंदा कछुओं के साथ अंतरराज्यीय पेशेवर वन्यजीव तस्कर अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन खेतासराय के पास से दो अभियुक्तों मोतीलाल और ममता को गिरफ्तार किया। उनके पास से 4 पिट्ठू बैग में 60 अदद जिंदा कछुए बरामद हुए। जब उनसे कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वे कछुए मुस्ताक के घर से लेकर आ रहे थे। पुलिस ने मुस्ताक के घर पर छापा मारा और 13 बोरे में कछुओं के खाल तथा 102 अदद जिंदा कछुए बरामद किए। मकान मालिक अभियुक्त मुस्ताक फरार हो गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। वन क्षेत्राधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु सूचना दी गई है। बरामद कछुओं की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 6 लाख रुपये है।

# आइजीआरएस का निस्तारण करने गये लेखपाल के सामने जमीनी विवाद में चले लाठी डंडे, एक युवक ट्रामा सेंटर रेफर

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर बरसठी थाना क्षेत्र के बड़ेरी (गोरहिया) में शुक्रवार को आइजीआरएस का निस्तारण करने गये लेखपाल के सामने जमीनी विवाद में लाठी डंडे से मारपीट हो गया जिसमें दो युवक को गंभीर चोटे आई है जिसमें एक युवक को बेहतर उपचार के लिये वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ेरी (गोरहिया)के राजकुमार प्रजापति व शिवम दूबे के बीच जमीन को लेकर काफी दिनों से विवाद चला आ रहा था जिसमें दोनों सगे भाई शिवम दूबे व मुकेश दूबे ने निस्तारण के लिये आइजीआरएस के माध्यम से शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था जिसका निस्तारण करने मौके पर लेखपाल गये।आरोप है कि इसी बात से नाराज राजकुमार प्रजापति सफाईकर्मी व उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने लाठी डंडे से दोनों भाइयों के ऊपर हमला कर दिया जिसमें शिवम दूबे को काफी गंभीर चोटे आई। उनको बेहतर इलाज के लिये वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया वही मुकेश का इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। इस बाबत नवागत थाना प्रभारी अमरेंद्र पाण्डेय ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षो में मारपीट हुई है जिसमें तहरीर के आधार पर दो लोगों के ऊपर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है पुलिस की सक्रियता से बड़ी घटना टल गई।

# हाईकोर्ट के आदेश पर रास्ते की ज़मीन से हटाए गए चार मकान

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर बरसठी क्षेत्र के कुसा गांव में शनिवार को हाईकोर्ट के आदेश पर रास्ते की भूमि पर बने चार मकानों को प्रशासन ने ध्वस्त करा दिया। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। कार्रवाई का प्रभावित परिवारों ने जमकर विरोध किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। जानकारी के अनुसार, कुसा गांव निवासी कमलाशंकर पुत्र लालता प्रसाद ने कई बार एसडीएम मड़ियाहू व जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए सरकारी रास्ते की भूमि खाली कराने की मांग की थी। शिकायत पर कोई कार्रवाई न होने पर उन्होंने मामला हाईकोर्ट में उठाया। अदालत ने भूमि से कब्जा हटाने का आदेश दिया। आदेश के अनुपालन में शनिवार को तहसीलदार मड़ियाहू राकेश कुमार सिंह, हल्का दरोगा अम्ब्रीश सिंह व राजस्व टीम मजदूरों के साथ मौके पर पहुंचे और रामसिंह पुत्र कालु, उत्तम पुत्र राममनोहर, कमलाशंकर पुत्र लालता प्रसाद व शिवपूजन पुत्र भगवानदास के मकानों को गिरवाकर रास्ता खाली कराया।

**मकान टूटते ही मचा कोहराम**

जैसे ही मजदूरों ने हथौड़ा व कटर से मकानों को तोड़ना शुरू किया, वहां अफरातफरी मच गई। परिवार के लोग चिल्लाने लगे, महिलाएं व बच्चे रोते-बिलखते घरवालों से लिपट गए। शिवपूजन ने आरोप लगाया कि नापजोख गलत तरीके से की गई है और उनका मकान रास्ते की जमीन पर नहीं है। उन्होंने राजस्व विभाग पर विपक्षियों से मिलीभगत कर पैसा लेने का भी आरोप लगाया

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की कैद

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश (स्पेशल जज पाक्सो) रूपाली सक्सेना की अदालत ने कोचिंग पढ़कर वापस लौट रही छात्रा के अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी युवक को दोषी पाते हुए 10 वर्ष के सश्रम करावास एवं 5000 रूपए अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार वादिनी ने लाइन बाजार थाने में अभियोग पंजीकृत करवाया कि दिनांक 29 नवंबर 2022 को दिन में 8ः30 बजे वह टीडी कॉलेज के पास स्थित कोचिंग से पढ़ाई करके वापस जा रही थी तभी आरोपी विकास सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी ग्राम सरायरैचन थाना बक्सा जनपद जौनपुर ने उसे ऑटो रिक्शा से जबरदस्ती उतार कर अपने बाइक से अपने दोस्त के कमरे पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। उसका गूगल अकाउंट हैक करके ब्लैकमेल करते हुए कई बार उसके साथ बलात्कार किया।

## सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में



शेनझेन (एजेंसी)। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने एक और शानदार सीधे गेमों में जीत के साथ ली-निंग चाइना मास्टर्स 2025 के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जबकि एकल में पी वी सिंधु को महिला क्वार्टरफाइनल में हारकर बाहर हो जाना पड़ा। भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में चीन के रेन जियांग यू और झी हाओनान को 38 मिनट में 21-14, 21-14 से हराया जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु 23 वर्षीय कोरियाई खिलाड़ी एन से यंग से 38 मिनट में 14-21, 13-21 से हार गईं, जो पेरिस खेलों की स्वर्ण पदक विजेता से उनकी लगातार आठवीं हार है।

सिंधु ने अभी तक विश्व की नंबर एक खिलाड़ी कोरिया की एन से यंग के खिलाफ एक भी जीत दर्ज नहीं की है। भारत की शीर्ष शटलर पीवी सिंधु का विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एन से यंग के खिलाफ खराब प्रदर्शन जारी रहा और शुक्रवार को उन्हें कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। सिंधु की शुरुआत खराब रही और वह 1-6 से पिछड़ रही थीं, लेकिन क्रॉस-कोर्ट पर एक नाजुक ड्रॉप के साथ स्कोर 5-9 हो गया। हालांकि, आन ने अपने विशिष्ट स्मैश का इस्तेमाल करते हुए अंतराल तक 11-5 की बढ़त बना ली। सिंधु 11-14 के स्कोर पर बराबरी पर आ गईं, लेकिन कोरियाई खिलाड़ी ने अपनी पकड़ बनाए रखी और भारतीय खिलाड़ी के स्मैश को नेट में वापस भेजकर पहला गेम अपने नाम कर लिया।

# तल्खी के बीच आज फिर भारत-पाकिस्तान आमने-सामने

## बुमराह की वापसी संभव, स्पिन तिकड़ी पर फिर भरोसा जताएगा भारत?

पी10

दुबई (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच एक बार फिर एशिया कप में आमने-सामने होंगे। सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम ने ग्रुप चरण में एकतरफा अंदाज में इस चिर प्रतिद्वंद्वी टीम को पटखनी दी थी और वे अब सुपर चार चरण में भी इस लय को बरकरार रखने उतरेंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच यह मैच और भी दिलचस्प होगा क्योंकि पिछले मैच में हुए हैंडशेक विवाद के बाद दोनों टीमों के बीच तल्खी बढ़ना तय है।



### भारत ने बल्लेबाजी क्रम में किए थे प्रयोग

भारत ने ग्रुप चरण में दमदार प्रदर्शन किया और अपने तीनों मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष पर रही। भारत ने ओमान के खिलाफ प्लेइंग-11 में दो बदलाव किए थे और जसप्रीत बुमराह तथा वरुण चक्रवर्ती को आराम देकर तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा को मौका दिया था। भारत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और ओमान के खिलाफ अपने बल्लेबाजी आक्रमण को परखा। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस मैच में बल्लेबाजी क्रम में प्रयोग किए और खुद को 11वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए रखा, जबकि संजू सैमसन को तीसरे स्थान पर बल्लेबाजी के लिए भेजा। सैमसन ने इस मौके का फायदा उठाते हुए अर्धशतक जड़ा।

ओमान के खिलाफ भारत को बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में सबक मिले और इसने दिखाया कि भारतीय टीम को कहां सुधार करने की जरूरत है। भारत ने पहले दो मैच जहां आसानी से अपने नाम किए थे, वहीं ओमान के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए उसे मेहनत करनी पड़ी। पाकिस्तान के खिलाफ यह तय माना जा रहा है कि भारत अपनी पिछली रणनीति ही अपनाएगा। दरअसल, टीम पहले दो मैच में तीन स्पिनर और बुमराह के रूप में एक विशेषज्ञ तेज गेंदबाज के साथ खेलने उतरी थी। यह रणनीति सफल रही थी।

### अर्शदीप-हर्षित को बैठना पड़ सकता है बाहर

भारत ने ओमान के खिलाफ अर्शदीप और हर्षित को परखा, लेकिन ये दोनों ही गेंदबाज बहुत ज्यादा प्रभावी नहीं रहे। अर्शदीप ने हालांकि, टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 विकेट पूरे किए और वह ऐसा करने वाले भारत के पहले गेंदबाज बने। दूसरी ओर, हर्षित को भी एक सफलता मिली, लेकिन दुबई की पिच धीमी होती है जहां स्पिनरों को मदद मिलती है। भारत को अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती की स्पिन तिकड़ी से उम्मीदें होंगी। अक्षर ओमान के खिलाफ चोटिल हो गए जिसने भारत की चिंता बढ़ाई, लेकिन फील्डिंग कोच टी दिलीप ने स्पष्ट किया कि अक्षर अच्छी स्थिति में हैं जिससे इस बात की संभावना बढ़ गई है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ मैच का हिस्सा होंगी।

अगर अक्षर फिट नहीं हो पाते हैं तो उनकी जगह वाशिंगटन सुंदर या रियान पराग को मिल सकती है। ऐसे में हो सकता है कि भारत इस स्पिन तिकड़ी के साथ दोबारा उतरे और तेज गेंदबाज के तौर पर बुमराह और हार्दिक पांड्या जिम्मेदारी संभालें। पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में इस स्पिन तिकड़ी ने कुल छह विकेट चटकाए थे, जबकि बुमराह और हार्दिक ने मिलकर तीन विकेट लिए थे। भारत इस मैच की महत्वता को देखते हुए अधिक बदलाव नहीं करेगा और अपने पिछले विजयी संयोजन पर ही आगे बढ़ने की सोचेगा। ऐसे में अर्शदीप और हर्षित को फिर बाहर बैठना पड़ सकता है और उनके जगह बुमराह-वरुण की प्लेइंग-11 में वापसी हो सकती है।

### पाकिस्तान की फिर हुई किरकिरी! भारत के खिलाफ मुकाबले में एंडी पायक्रॉफ्ट ही होंगे मैच रेफरी

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले के लिए एंडी पायक्रॉफ्ट को मैच रेफरी चुना है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की बार-बार उन्हें हटाने की मांग के बावजूद खेल की वैश्विक संस्था ने पायक्रॉफ्ट को ही यह जिम्मेदारी सौंपी है।

### इस मुकाबले के लिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11 इस प्रकार है...

भारत– शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह।


पाकिस्तान– सैम अयूब, साहिबजादा फरहान, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), फखर जमां, सलमान आगा (कप्तान), हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, सुफियान मुकीम, अबरार अहमद।

भारत-आस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट

# तीसरे वनडे में गुलाबी जर्सी पहनकर मैदान में उतरी भारतीय टीम

### उद्देश्य- स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाना

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे मैच के लिए एक विशेष गुलाबी जर्सी पहनकर मैदान में उतरी। इस पहल का उद्देश्य स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाना है, जिससे इस मैच को खेल की तीव्रता के साथ-साथ एक उद्देश्यपूर्ण एहसास भी मिलेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो के माध्यम से इसकी आधिकारिक घोषणा की। क्लिप में, कप्तान हरमनप्रीत कौर, प्रतीक रावल और स्नेह राणा के साथ, गुलाबी रंग की जर्सी पहने हुए दिखाई दे रही थीं। इस योजना की पुष्टि करते हुए, बीसीसीआई ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, स्तन कैंसर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए टीम इंडिया शनिवार को तीसरे वनडे में विशेष गुलाबी रंग की जर्सी पहनकर उतरी। क्रिकेट का इस मुहिम से जुड़ाव कोई नई बात नहीं है। दक्षिण अफ्रीका की पुरुष टीम जोहान्सबर्ग में लंबे समय से 'पिंक डे' परंपरा की ध्वजवाहक रही है, जबकि इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स जैसी फ्रेंचाइजी भी कैंसर जागरूकता अभियानों को उजागर करने के लिए गुलाबी रंग की किट पहनकर मैदान में उतरी हैं।



**भारत का लक्ष्य श्रृंखला जीतना** - जर्सी के प्रतीक चिन्ह से परे यह मुकाबला अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है। श्रृंखला 1-1 से बराबर होने के साथ भारत के पास अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला जीतकर इतिहास रचने का अवसर है। ऐसी जीत महिला टीम के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी और आगामी विश्व कप से पहले आत्मविश्वास को बढ़ावा देगी।

### टीमें

**भारतीय टीम**- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, तेजल हसब्निस (जेमिमा रोड्रिग्स की जगह), रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, ऋचा घोष (विकेट कीपर), क्रांति गौड़, अमनजोत कौर, राधा यादव, श्री चरणी, यस्तिका भाटिया (विकेट कीपर), स्नेह राणा।

**ऑस्ट्रेलियाई टीम**- एलिसा हीली (कप्तान), ताहलिया मैकग्राथ (उपकप्तान), डार्सी ब्राउन, निकोल फाल्टम, एश्ले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, चार्ली नॉट, फोएबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

## ओमान के खिलाफ सूर्यकुमार के बल्लेबाजी न करने के फैसले पर बोले गावस्कर, उन्हें शायद अभ्यास की जरूरत नहीं

नईदिल्ली (एजेंसी)। दिग्गज भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने एशिया कप में ओमान के खिलाफ मैच में सूर्यकुमार यादव के बल्लेबाजी न करने और दूसरों को क्रीज पर मौका देने के फैसले पर अपनी राय साझा की। भारतीय कप्तान ओमान के खिलाफ बल्लेबाजी करने नहीं उतरे, जिससे अन्य खिलाड़ियों ने क्रीज पर कुछ जरूरी समय बिताया। इसके बावजूद संजू सैमसन के अर्धशतक की बदौलत भारत ने टूर्नामेंट का अब तक का संयुक्त रूप से सर्वोच्च स्कोर बनाया। गावस्कर ने सोनी स्पोर्ट्स पर कहा, अगर उन्होंने एक ओवर भी बल्लेबाजी की होती तो वह कुछ चौके और छक्के लगा सकते थे और यह उनके लिए अच्छा होता। लेकिन जिस तरह से उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ बल्लेबाजी की शायद उन्हें बल्लेबाजी अभ्यास की जरूरत नहीं है। उन्होंने सोचा होगा कि अगर भारत किसी मैच में जल्दी विकेट खो देता है तो कुलदीप यादव की बल्लेबाजी काम आ सकती है। शायद इसीलिए उन्होंने कुलदीप को बल्लेबाजी के लिए भेजा होगा।



### सूर्यकुमार की नेतृत्व क्षमता से गावस्कर प्रभावित

गावस्कर ने आगे कहा, वह बहुत अपरंपरागत सोच वाले व्यक्ति हैं। हमने श्रीलंका में देखा कि उन्होंने खुद गेंदबाजी की और रिंकू सिंह को भी गेंद थमाई। उन्होंने मैच का रुख पलट दिया, जो हाथ से फिसलता हुआ लग रहा था और भारत को मैच जिताया। वह एक अभिनव सोच वाले व्यक्ति हैं। शायद इसीलिए उन्होंने बल्लेबाजी नहीं की और कुलदीप और अर्शदीप सिंह को मैदान पर उतारा। गौर है कि मेन इन ब्लू ने ओमान खिलाफ अपने 20 ओवर 188/8 पर समाप्त किए। सैमसन के अलावा अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ने भी क्रमशः 38 और 29 रनों की शानदार पारी खेली। 189 रनों का लक्ष्य ओमान के लिए बहुत बड़ा साबित हुआ क्योंकि टीम ने अपने 20 ओवर 167/4 पर समाप्त कर टूर्नामेंट में अपनी लगातार तीसरी हार दर्ज की।

# अर्शदीप सिंह बने टी-20 में सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले गेंदबाज

### पाकिस्तानी गेंदबाज हारिस रऊफ को छोड़ा पीछे

दुबई (एजेंसी)। अर्शदीप सिंह ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने ओमान के विनायक शुक्ला को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की। ??मात्र तीन वर्षों में 100 विकेट हासिल करना भारत के लिए एक तेज गेंदबाज के रूप में उनके कौशल और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है।

अर्शदीप टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के हारिस रऊफ का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया। अर्शदीप ने यह कारनामा 64 मैचों में किया, जबकि रऊफ को 71 मैचों में यह कारनामा करना पड़ा था। यह अर्शदीप की निरंतरता और भारत के लिए नियमित रूप से विकेट लेने की क्षमता को दर्शाता है।



**शीर्ष तेज गेंदबाजों को अर्शदीप ने पीछे छोड़ा** – अर्शदीप ने सबसे कम समय में 100 विकेट पूरे करने के मामले में शाहीन अफरीदी, लसिथ मलिंगा, मुस्तफिजुर रहमान, टिम साउथी और क्रिस जॉर्डन जैसे कई मशहूर गेंदबाजों को पीछे छोड़ दिया। इससे पता चलता है कि अब वह दुनिया भर के टी20 क्रिकेट के शीर्ष तेज गेंदबाजों में से एक हैं।

**अन्य तेज गेंदबाजों से तुलना** – पूर्ण सदस्य टीमों के गेंदबाजों में केवल राशिद खान और वानिंदु हसरंगा ने ही अर्शदीप से कम मैच खेलकर 100 विकेट पूरे किए। राशिद ने 53 मैचों में और हसरंगा ने 63 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की। ??इस तरह अर्शदीप दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ टी20 गेंदबाजों से पीछे रह गए।

**भारतीय गेंदबाज 100 विकेट के करीब** – अर्शदीप के बाद हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह 100 विकेट के करीब हैं। पांड्या के नाम 96 और बुमराह के नाम 92 विकेट हैं। इन दोनों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के पास जल्द ही अर्शदीप के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने का मौका है।

गौर है कि वर्तमान में अर्शदीप सिंह 100 विकेट लेकर किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे अधिक टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने का रिकॉर्ड रखते हैं। तेज गेंदबाजी में उनकी सफलता भारत की टी20 टीम के लिए एक उज्ज्वल बिंदु है, जो एशिया कप 2025 के निकट आते ही भारतीय क्रिकेट में नई प्रतिभाओं के उदय को दर्शाता है।

## ओमान के जुझारूपन से भारतीय प्रशंसक खुश, पाकिस्तान से भी ज्यादा रोमांचिक रहा मुकाबला

दुबई (एजेंसी)। भारत ने अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में एशिया कप 2025 के ग्रुप चरण के मुकाबले में ओमान को 21 रनों से हरा दिया, जो उम्मीद से कहीं ज्यादा कड़ा मुकाबला हुआ। हार के बावजूद ओमान ने अपनी जुझारूपन खासकर बल्ले से और मैच में भारतीय टीम को अंत तक दबाए रखकर भारतीय फैंस से भी प्रशंसा बटोरी। प्रशंसकों का मानना है कि भारत का ओमान से मैच पाकिस्तान के खिलाफ मैच से कहीं अधिक रोमांचिक रहा।

मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत 20 ओवर में 8 विकेट पर 188 रन बनाने में सफल रहा। पारी की शुरुआत युवा अभिषेक शर्मा ने की जिन्होंने शुभमन गिल (5) के जल्दी आउट होने के बाद 15 गेंदों में 38 रनों की आतिशी पारी खेली। संजू सैमसन ने संयमित पारी में 45 गेंदों में 56 रन बनाए। उन्होंने अभिषेक के साथ दूसरे विकेट के लिए 66 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। अक्षर पटेल (26) और तिलक वर्मा (29) की प्रभावपूर्ण पारियों ने भारत को 190 के करीब पहुंचाया।

ओमान के लिए बाएं हाथ के स्पिनर आमिर कलीम (31 रन पर 2 विकेट), बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाह फैसल (23 रन पर 2 विकेट) और जितेन रामानंदी (33 रन पर 2 विकेट) ने अनुशासित गेंदबाजी की और अहम विकेट चटकाकर सुनिश्चित किया कि भारत मैच को एक तरफा न करें।

189 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ओमान ने शुरुआत में अनुभवी ऑलराउंडर आमिर कलीम ने 46 गेंदों पर 64 रनों की पारी खेलकर टीम की अगुवाई की और कप्तान जतिंदर सिंह (33 गेंदों पर 32 रन) के साथ मिलकर 56 रनों की साझेदारी की। भारत के लिए असली चुनौती तब आई जब कलीम और हम्माद मिर्जा (33 गेंदों पर 51 रन) ने 93 रन जोड़कर उलटफेर की उम्मीद जगा दी। लेकिन आवश्यक रन रेट बढ़ता रहा और भारतीय गेंदबाजों ने अंतिम ओवरों में अपना संयम बनाए रखा। अर्शदीप सिंह ने आखिरी ओवर में विनायक शुक्ला को आउट किया जिससे वे पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने।

पीठ की समस्या से जूझ रहे पैट कमिंस ने बोले

## उम्मीद है कि एशेज के पांचों टेस्ट में खेलूंगा

सिडनी (एजेंसी)। पीठ की समस्या से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस एशेज के सभी पांच टेस्ट मैचों में खेलना चाहते है। कमिंस ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। खेल क्लबों के लिए जलवायु परिवर्तन से निपटने और पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ बने रहने के लिए संघीय सरकार ने 50 मिलियन डॉलर के अनुदान की घोषणा की गई। कमिंस ने स्वीकार किया कि एशेज से पहले वह पूरी तरह से प्रतीक्षा करने और देखने की स्थिति है। कमिंस ने कहा, लक्ष्य पांच टेस्ट मैच है। हर गर्मियों में आप पांच टेस्ट मैच खेलने का लक्ष्य रखते हैं। यह मैच थोड़ा अलग हो सकता है क्योंकि आप बाकी मैचों से थोड़े अलग अंदाज में आ रहे हैं। लेकिन शुरुआती लक्ष्य पांच विकेट लेना है। एक बार जब हम करीब पहुंच जाएंगे, तो हम शायद अधिक यथार्थवादी परिस्थितियों पर बात करेंगे। सच कहूं तो यह कहना अभी बहुत दूर की बात है, लेकिन फिलहाल हमारा लक्ष्य इन सबके लिए तैयार रहने का प्रयास करना है। कमिंस ने इस तथ्य की ओर इशारा किया कि पहले तीन टेस्ट मैचों के कार्यक्रम में आठ दिनों का स्पष्ट अंतराल रखा गया था, इसलिए बैकअप लेना कोई समस्या नहीं हो सकती। लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि यह संभावना नहीं है कि ऑस्ट्रेलिया पूरी गर्मियों में एक अपरिवर्तित आक्रमण के साथ टिकेगा। उन्होंने कहा, ज्यादातर सालों में, कम से कम एक गेंदबाज तो खेल ही जाता है। जॉश हेजलवुड पिछले साल आखिरी हाफ में नहीं खेल पाए थे। जाहिर है, परिस्थितियां बदलती हैं, लेकिन मुझे लगता है कि आपको बस एक नए गेंदबाज की जरूरत है, जो आकर टेस्ट मैच में बिना पलक झपकाए 40 ओवर गेंदबाजी कर सके।



(साभार- एजेंसी)

# सचिन तेंदुलकर ने सालों बाद खोला था राज

## अंजली से ही शादी करना चाहता था, किसी और एक्ट्रेस से शादी नहीं करना चाहते थे

मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड और क्रिकेट के बीच सालों से जुड़ी नज़दीकियों और अफवाहों ने अक्सर सुर्खियां बनाई हैं। कई क्रिकेट खिलाड़ी बॉलीवुड अभिनेत्रियों से शादी कर चुके हैं या उनकी अफवाहें चर्चाओं में रही हैं। ऐसी ही एक अफवाह थी कि 1990 के दशक में क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर का बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर के साथ रोमांटिक संबंध था।

हालांकि यह कहानी समय-समय पर सामने आती रही, दोनों पक्षों ने हमेशा इसे स्पष्ट रूप से खारिज किया है। शिल्पा शिरोडकर 2000 में यूके के बैंक अधिकारी अपरेश रंजीत से शादी कर चुकी हैं, जबकि सचिन तेंदुलकर ने अंजली तेंदुलकर से शादी की, जिनके साथ उनके दो बच्चे हैं।

**शिल्पा ने खुद बताई कहानी** – एक पुराने इंटरव्यू में शिल्पा शिरोडकर ने बताया कि उनका नाम सचिन तेंदुलकर से कैसे जुड़ा। उन्होंने याद किया कि वह पहली बार सचिन से 1991 में अपनी फिल्म हम की शूटिंग के दौरान मिलीं। यह मुलाकात एक पारिवारिक कनेक्शन के जरिए हुई। उनके कजिन और सचिन एक साथ बैंड्रा ईस्ट में क्रिकेट खेलते थे। शिल्पा ने कहा कि उस समय सचिन पहले से ही अंजली को डेट कर रहे थे, और यह उनके दोस्तों के बीच तो पता था, लेकिन सार्वजनिक रूप से कोई नहीं जानता था।

शिल्पा ने कहा, जब मैं फिल्म 'हम' कर रही थी, तब मैं पहली बार सचिन से मिली, क्योंकि सचिन जहां रहते थे, मेरे कजिन भाई वहां रहते थे। सचिन और मेरे कजिन भाई साथ में क्रिकेट खेलते थे। सचिन उस समय पहले से अंजली को डेट कर रहे थे। हम सबको पता था, लेकिन किसी को नहीं बताया गया। बस एक बार मिलने से लोगों ने अफवाहें शुरू कर दीं।



**सचिन ने भी किया था खारिज** - सचिन तेंदुलकर ने भी इस अफवाह को सार्वजनिक रूप से खारिज किया। एक पुराने इंटरव्यू में, जब उनसे पूछा गया कि उनके बारे में सबसे 'बेवकूफी भरी' बात क्या सुनी, तो उन्होंने शिल्पा शिरोडकर के साथ अफेयर की अफवाह का उदाहरण दिया और कहा, शिल्पा शिरोडकर और मैं अफेयर में थे? हम तो एक-दूसरे को जानते भी नहीं थे।

सचिन ने 24 मई 1995 को अंजली से शादी की। छह साल की उम्र के अंतर के बावजूद उनकी जोड़ी आज भी मजबूत है। दोनों की मुलाकात मुंबई एयरपोर्ट पर हुई थी और अंजली ने सचिन का नंबर हासिल किया। जल्द ही दोनों की डेटिंग शुरू हुई और दोनों ने इसे पहली नजर का प्यार बताया। अंजली क्रिकेट के बारे में ज्यादा नहीं जानती थीं, लेकिन उन्होंने सचिन की दुनिया को समझने के लिए क्रिकेट सीखने की कोशिश की। दोनों के दो बच्चे हैं - बेटी सारा तेंदुलकर और बेटे अर्जुन तेंदुलकर।

# एच-1बी वीजा के लिए 88 लाख वसूलेगा यूएस

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला किया। इसके तहत अब अमेरिका में कंपनियों को दूसरे देशों के उच्च कौशल क्षमता वाले लोगों को नौकरी देने के लिए ज्यादा कीमत चुकानी होगी। दरअसल, ट्रंप प्रशासन ने एच-1बी वीजा के लिए फीस में बढ़ोतरी कर इसे एक लाख डॉलर सालाना करने का निर्णय ले लिया है। यानी अब अमेरिका की जो भी कंपनियां विदेश से उच्च कौशल वाले लोगों को लाएंगी, उन्हें ऐसे प्रत्येक व्यक्ति के लिए वीजा पर मोटी रकम खर्च करनी होगी। यह कदम चौंकाने वाला इसलिए है, क्योंकि पहले अमेरिकी सरकार टेक कंपनियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एच-1बी वीजा जारी करने के लिए 1000 डॉलर (88 हजार रुपये) वसूलती थी, जो कि अन्य तरह के टैक्स मिलाकर 1500 डॉलर (1 लाख 32 हजार रुपये) तक पहुंच जाता था। हालांकि, अब यह रकम करीब 10 गुना तक बढ़ा दी गई है। माना जा रहा है कि अमेरिका के इस फैसले का सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ेगा। दरअसल, एच-1बी वीजा की सबसे ज्यादा मांग भारत में ही रही है। बड़ी संख्या में इंजीनियर्स, डॉक्टर्स, आदि उच्च कौशल क्षमता वाले पेशेवर इस वीजा के जरिए ही अमेरिका जाकर वहां की कंपनियों के लिए काम कर पाते हैं। भारत के अलावा चीन और कुछ अन्य विकासशील देश के नागरिक भी अमेरिका जाकर नौकरी करने के लिए एच-1बी वीजा पर ही निर्भर हैं। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर यह एच-1बी वीजा क्या है? इससे जुड़े नियमों में क्या बदलाव किया गया है? ट्रंप प्रशासन के ताजा फैसले का सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ने की संभावना क्यों है? इसके अलावा क्यों खुद अमेरिका इस निर्णय की वजह से घाटे में रह सकता है?



नीती आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि डोनाल्ड ट्रंप का एच-1बी वीजा फीस को एक लाख डॉलर बढ़ा देना अमेरिकी इनोवेशन को कमजोर कर देगा और भारत को जबरदस्त ताकत से भर देगा। वैश्विक प्रतिभा के लिए अपने दरवाजे बंद कर के अमेरिका ने तय कर दिया है कि प्रयोगशालाओं, पेटेंट्स, इनोवेशन और स्टार्टअप्स की अगली लहर बंगलूरू, हैदराबाद, पुणे और गुरुग्राम की तरफ बढ़ चले। कांत ने कहा कि भारत के पास अब अपने डॉक्टरों, इंजीनियरों और वैज्ञानिकों की विशेषज्ञता का लाभ उठाने का मौका है, जो कि कुछ वजहों से अमेरिका में नौकरी कर रहे हैं।
–अमिताभ कांत, नीति आयोग के पूर्व सीईओ

### कंपनियां एच-1बी वीजा के जरिए लाती हैं सबसे ज्यादा पेशेवर, इन पर पड़ेगा सबसे ज्यादा असर

अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, बीते वित्त वर्ष में सबसे ज्यादा एच-1बी वीजा का फायदा टेक कंपनी अमेजन को मिला। इसके बाद माइक्रोसॉफ्ट, मेटा, एपल और गूगल की तरफ से एच-1बी वीजा के जरिए पेशेवरों को अमेरिका में नौकरी के लिए लाया गया। इतना ही नहीं भारत की आईटी सेवा प्रदाता कंपनी- इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विस (टीसीएस), विप्रो, और टेक महिंद्रा ने भी अपने अमेरिकी दफ्तरों में भर्ती के लिए एच-1बी वीजा सेवा का लाभ उठाया। ट्रंप के एलान के बाद कई अमेरिकी कंपनियों ने अपने कर्मचारियों जो जल्द वापस लौटने के लिए कहा है। माइक्रोसॉफ्ट ने एच-1बी और एच-4 वीजा धारकों को निकट भविष्य में अमेरिका में ही रहने की सलाह दी है। न्यूयॉर्क में रहने वाले प्रख्यात आव्रजन वकील साइसर मेहता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, जो एच-1बी वीजा धारक व्यवसाय या छुट्टियों के लिए अमेरिका से बाहर हैं वे 21 सितंबर की मध्यरात्रि से पहले प्रवेश नहीं कर पाए तो फंस जाएंगे। हो सकता है कि भारत में मौजूद एच-1बी वीजा धारक समयसीमा चूक गए हो, क्योंकि भारत से सीधी उड़ान समय पर नहीं आ पाएगी। मेहता ने कहा, भारत में मौजूद एच-1बी वीजा धारक 21 सितंबर, 2025 की मध्यरात्रि से पहले कैलिफोर्निया पहुंच सकते हैं।

### इस कदम से भारतीय कैसे होंगे सबसे ज्यादा प्रभावित?

अमेरिका के इस कदम से वहां रहने वाले भारतीय सर्वाधिक प्रभावित होंगे। इस बदलाव से अमेरिका में भारतीय आईटी इंजीनियरों की नौकरियों पर खतरा आएगा। वित्त वर्ष 2023-24 तक दो लाख से ज्यादा भारतीयों ने एच1-बी वीजा हासिल किया था। भारत पिछले साल एच-1बी वीजा का सबसे बड़ा लाभार्थी था। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 से 2023 के बीच स्वीकृत वीजा में 73.7 फीसदी वीजा भारतीयों को मिले थे। चीन 16 फीसदी के साथ दूसरे स्थान पर था। कनाडा 3 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर, उसके बाद ताइवान (1.3प्रतिशत), दक्षिण कोरिया (1.3प्रतिशत), मैक्सिको (1.2प्रतिशत) और नेपाल, ब्राजील, पाकिस्तान और फिलीपींस (सभी 0.8प्रतिशत) हैं।

### एच-1बी वीजा पर ट्रंप का क्या फैसला, भारत की चिंता कितनी वाजिब?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा को लेकर जो नए आदेश जारी किए हैं, उसके मुताबिक एच-1बी वीजा की फीस को एक लाख डॉलर (करीब 88 लाख रुपये) कर दिया गया है। ट्रंप प्रशासन ने इसकी वजह बताते हुए कहा कि एच-1बी वीजा का गलत इस्तेमाल हो रहा है। इसलिए ऐसा कदम उठाया गया है। जारी आदेश में बताया गया है कि 2000 से 2019 के बीच अमेरिका में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित (एसटीईएम) से जुड़ी नौकरियां 44.5 फीसदी बढ़ीं, लेकिन इस दौरान इन नौकरियों में विदेशी पेशेवरों का आंकड़ा 100 फीसदी बढ़ गया। ट्रंप प्रशासन ने इन आंकड़ों के जरिए संदेश दिया है कि अमेरिका में जितनी नौकरियां बढ़ी हैं, उनमें से सबसे बड़ा हिस्सा विदेशी पेशेवरों के पास गया है। आदेश में कहा गया है कि कंप्यूटर और गणित से जुड़ी नौकरियों में विदेशी वर्कर्स की हिस्सेदारी साल 2000 में 17.7 प्रतिशत से बढ़कर 2019 में 26.1 प्रतिशत हो गई। आईटी कंपनियां सस्ते विदेशी वर्कर्स लाकर अमेरिकियों की नौकरियां छीन रही हैं। ट्रंप के इस फैसले को लेकर व्हाइट हाउस ने प्रतिक्रिया दी है।

### भारत पर कैसे हो सकता है ट्रंप के फैसले का नकारात्मक प्रभाव?

नए आदेश के मुताबिक, विदेशी पेशेवरों को काम पर रखने वाली कंपनियों को हर साल सरकार को 1 लाख डॉलर का शुल्क देना होगा। यह तीन साल की वीजा अवधि और उसके रिन्यूअल में भी लागू होगा। यानी यदि ग्रीन कार्ड की प्रक्रिया लंबी होती है, तो कंपनियों को कई वर्षों तक यह बड़ी फीस चुकानी होगी। ऐसे में कंपनियां भारतीय कर्मचारियों को रखने से बच सकती हैं और अमेरिकी युवाओं को नौकरी देने को प्राथमिकता दे सकती हैं। वीजा प्रक्रिया में बदलाव का भारत पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। नई नीति से कम वेतन वाली नौकरियों के लिए वीजा मुश्किल होगा, जिससे भारतीय पेशेवरों की नौकरियां खतरे में पड़ेंगी। ये बदलाव भारतीय छात्रों के लिए अमेरिकी शिक्षा को कम आकर्षक बना सकता है। इस बदलाव से इंफोसिस, टीसीएस और विप्रो जैसी भारतीय आईटी कंपनियों पर बड़ा असर पड़ेगा। जो परंपरागत रूप से एच-1बी वीजा का उपयोग जूनियर और मिड-लेवल इंजीनियरों को अमेरिकी क्लाइंट प्रोजेक्ट्स और स्किल डेवलपमेंट के लिए भेजने में करती रही हैं।

### भारतीयों को एच-1बी वीजा कार्यक्रम से कितना फायदा हुआ?

बीते वर्षों के आंकड़ों का विश्लेषण किया जाए तो सामने आता है कि भारतीय एच-1बी वीजा कार्यक्रम से सबसे बड़े लाभार्थी रहे हैं। अमेरिकी सरकार के डाटा के मुताबिक, 2015 के बाद से अब तक जितने वीजा जारी हुए हैं, उनमें हर साल जारी होने वाले वीजा में करीब 70 फीसदी भारतीय पेशेवरों को ही मिले हैं। दूसरी तरफ 2018 के बाद से कुल एच-1बी वीजा में चीन के नागरिकों का हिस्सा हर साल 12-13 फीसदी के बीच में रहा है।

# इधर इस्राइली हमले से गाजा में तबाही

## उधर पुर्तगाल समेत कई देश फलस्तीन को मान्यता देने की तैयारी में

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। काहिरा

गाजा पर इस्राइल के ताजा हवाई हमलों में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई है। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब कई पश्चिमी देश अब खुले तौर पर फलस्तीन को स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता देने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा में यह मुद्दा चर्चा का केंद्र बन सकता है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मारे गए लोगों में छह लोग एक ही परिवार से थे। इनमें शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सलमिया के रिश्तेदार भी शामिल हैं। एक अन्य हमले में शावा स्क्वायर के पास पांच लोगों की मौत हुई। राहत एजेंसियां कह रही हैं कि गाजा में हालात अकाल जैसी स्थिति तक पहुंच गए हैं।



### पश्चिमी देशों का रुख बदलता हुआ

इस्राइल के हमलों के बीच पुर्तगाल ने घोषणा की है कि वह रविवार को आधिकारिक तौर पर फलस्तीन राज्य को मान्यता देगा। इसके अलावा ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, माल्टा, बेल्जियम और लक्ज़मबर्ग जैसे देश भी आने वाले दिनों में यह कदम उठा सकते हैं। पश्चिमी देशों का यह रुख इस्राइल पर बढ़ते दबाव का संकेत है।

### युद्ध का दायरा और बढ़ा

इस्राइल की सेना का कहना है कि उसका लक्ष्य हमास की सैन्य संरचना को पूरी तरह नष्ट करना है। हालांकि इसके लिए कोई समयसीमा तय नहीं की गई है। माना जा रहा है कि अभियान महीनों तक चल सकता है। पिछले 23 महीनों में इस्राइली बमबारी से गाजा में 65,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और करीब 90 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो चुकी है।

### मानवीय संकट गहराया

गाजा सिटी में रहने वाले हजारों लोगों को दक्षिण की ओर जाने के लिए कहा जा रहा है। लेकिन कई लोग या तो कमजोर हैं, या फिर उनके पास संसाधन नहीं हैं कि वे बार-बार उजड़कर सुरक्षित स्थानों पर जा सकें। संयुक्त राष्ट्र और अन्य एजेंसियां कह रही हैं कि इस तरह की जबरन निकासी से मानवीय संकट और गंभीर होगा।

### बच्चों के लिए भेजी मदद लूटी गई

यूनिसेफ ने शुक्रवार को खुलासा किया कि कुपोषित बच्चों के लिए भेजा गया जीवनरक्षक भोजन सशस्त्र लोगों ने लूट लिया। चार ट्रकों से यह सामान गाजा सिटी में जबरन छीना गया। इस्राइल ने इसका आरोप हमास पर लगाया है, हालांकि संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि उनके पास मदद के दुरुपयोग को रोकने के लिए कड़े तंत्र मौजूद हैं।

### संघर्ष की जड़ें और आंकड़े

सात अक्टूबर 2023 को हमास ने दक्षिणी इस्राइल में हमला किया था जिसमें 1200 लोग मारे गए और 251 को बंधक बनाया गया। इनमें से 48 अभी भी गाजा में हैं और आधे से भी कम के जिंदा होने की आशंका है। इसके बाद से अब तक 65,100 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र इन आंकड़ों को विश्वसनीय मानता है।

# वोट चोरी कर सत्ता में आए पीएम मोदी: राहुल गांधी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वायनाड



केरल। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को फिर से वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनके पास एक हाइड्रोजन बम सबूत है, जो पूरी सच्चाई को सामने लाएगा और साबित करेगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वोट चोरी कर सत्ता हासिल की। उन्होंने वायनाड में कहा, हम एक हाइड्रोजन बम लाने जा रहे हैं, जो स्थिति को पूरी तरह तहस-नहस कर देगा। हम जो कह रहे हैं, उसके हमारे पास स्पष्ट प्रमाण हैं। मैं बिना सबूत के कुछ नहीं कह रहा हूं। हमारे पास सौ फीसदी जानकारी है कि जो कुछ हुआ है, वह सामने आने वाला है। उन्होंने अपने पिछली दो प्रेस कॉन्फ्रेंस का जिक्र करते हुए कहा, हमने महादेवपुरा और आलंद में मतदाता की गलत तरीके से जोड़ी और हटाई गई जानकारी दिखाई है। हम इसे इस तरह दिखाएंगे कि भारत में कोई भी यह शक नहीं करेगा कि नरेंद्र मोदी ने वोट चोरी कर चुनाव जीता है। राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयोग (सीईसी) ज्ञानेश कुमार पर वोट चोरों की रक्षा करने का आरोप लगाया और कहा कि कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र से छह हजार मतदाताओं के नाम हटाने की जांच चुनाव आयोग के प्रमुख के खिलाफ एक स्पष्ट आरोप है।

### ज्ञानेश कुमार के खिलाफ चल रही सीआईडी जांच

उन्होंने कहा, हमने कल प्रेस कॉन्फ्रेंस में काले और सफेद (ब्लैक एंड व्हाइट) में सबूत पेश किए। कर्नाटक में सीआईडी जांच चल रही है। सीआईडी ने वोट चोरी में इस्तेमाल फोन नंबरों की जानकारी मांगी है। ज्ञानेश कुमार ही वह सीईसी हैं, जिनकी कर्नाटक सीआईडी जांच कर रही है। इससे बड़ा आरोप चुनाव आयोग के प्रमुख पर नहीं हो सकता। यह मेरा बयान नहीं, बल्कि तथ्य है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका हाइड्रोजन बम प्रधानमंत्री मोदी के वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से जुड़ा होगा, तो उन्होंने कहा कि मीडिया का काम अटकलें लगाना है।

### सत्ता मिलने पर अहंकारी हो जाते हैं कई राष्ट्रीय नेता

राहुल गांधी ने वायनाड में कन्नथारा ग्राम पंचायत में ओमन चांडी मेमोरियल ऑडिटोरियम के उद्घाटन समारोह में भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि पूर्व केरल मुख्यमंत्री ओमन चांडी हमेशा विनम्र रहे जबकि कुछ राष्ट्रीय स्तर के नेता सत्ता मिलने पर अहंकारी हो जाते हैं। उन्होंने कहा, आप देखेंगे कि कुछ नेता, जब उन्हें थोड़ी सत्ता मिलती है, तो वे अहंकारी हो जाते हैं। भारत में कई बड़े नेता हैं जिनमें विनम्रता नहीं है। लेकिन ओमन चांडी विनम्र क्यों थे? क्योंकि उनका केरल के लोगों से गहरा जुड़ाव था।

### लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वालों की सीईसी ने की रक्षा

18 सितंबर को राहुल गांधी ने नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में ज्ञानेश कुमार पर भारत के लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वालों का बचाव करने का आरोप लगाया था। उन्होंने यह भी कहा कि हाइड्रोजन बम अभी सामने आना बाकी है, लेकिन एक समूह विशेष रूप से अल्पसंख्यक वोटों को काट रहा है जो खासतौर पर कांग्रेस को वोट देते हैं। चुनाव आयोग ने जवाब में कहा कि कोई भी आम व्यक्ति ऑनलाइन मतदाताओं के नाम नहीं हटा सकता है। आयोग ने साफ किया कि आलंद में किसी भी मतदाता का गलत तरीके से नाम नहीं हटाया गया है।

### वायनाड के लोगों ने मेरी रक्षा की: राहुल गांधी

राहुल गांधी ने कहा, जब मुझ पर हमला हुआ, वह बहुत ही क्रूर हमला था, तब वायनाड के लोगों ने मेरी रक्षा की। यही एक परिवार का सदस्य करता है। आपने मेरे साथ वैसा ही व्यवहार किया, जैसा मेरी बहन या मेरी मां करतीं। आपके व्यवहार ने मेरे साथ एक गहरा रिश्ता बना दिया। अब मेरे पास और कोई विकल्प नहीं बचा। मैं आपको परिवार का ही हिस्सा मानता हूं, क्योंकि आप यह भी कह सकते थे कि हम इ आदमी की रक्षा नहीं करेंगे, लेकिन आपने ऐसा नहीं किया। आपने कहा- इस आदमी के साथ अन्याय हो रहा है और हम इसकी रक्षा करेंगे। यह एक ऐसा भाव है जिसे मैं अपनी पूरी जिंदगी नहीं भूलूंगा।

# माकपा के कार्यालय में बुलडोजर से की गई तोड़फोड़, पार्टी ने भाजपा पर लगाया आरोप

■ भाजपा के सत्ता में आने के बाद यह सातवीं बार है जब पार्टी कार्यालय पर हमला हुआ है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

माकपा के त्रिपुरा के प्रतापगढ़ कार्यालय में बुलडोजर से तोड़फोड़ की गई। पार्टी ने भाजपा पर कार्यालय पर तोड़फोड़ कराने का आरोप लगाया है। विपक्ष के नेता जितेंद्र चौधरी ने आरोप लगाया कि भाजपा समर्थित लोग देर रात करीब 1.30 बजे बुलडोजर लेकर माकपा स्थानीय समिति कार्यालय में आए और तोड़फोड़ की। हमारे पास भाजपा समर्थित उपद्रवियों द्वारा की गई तोड़फोड़ की वीडियो क्लिप हैं। सीपीआई (एम) के राज्य सचिव चौधरी ने कहा कि तोड़फोड़ भाजपा और आरएसएस के लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सम्मान को दर्शाती है। झूठे वादे करके सत्ता में आई भाजपा जनता का धन लूट रही है और राज्य के लोकतांत्रिक माहौल को नष्ट कर रही है।'' घटना को अंधेरे की आड़ में किया गया कायराना कृत्य बताते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस संबंध में दर्ज शिकायत पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। माकपा के जिला सचिव रतन दास ने कहा कि राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद यह सातवीं बार है जब पार्टी कार्यालय पर हमला हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बार उन्होंने कार्यालय का मुख्य द्वार और दरवाज़े तोड़ दिए हैं। यह एक पूर्व-नियोजित हमला था। पुलिस निष्क्रिय है और अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली है। पूर्वी अगरतला पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी (ओसी) सुब्रत देबनाथ ने कहा कि हमले में इस्तेमाल की गई जेसीबी को जब्त कर लिया गया है और जांच जारी है। भाजपा जिला अध्यक्ष असीम भट्टाचार्य ने घटना पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

# 'गैर न्यायिक ट्रिब्यूनल सदस्य नहीं पारित करते सरकार के खिलाफ आदेश'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने न्यायाधिकरणों (ट्रिब्यूनल) के गैर न्यायिक सदस्यों को लेकर अहम टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि न्यायाधिकरणों के कुछ गैर-न्यायिक सदस्य सरकार के खिलाफ आदेश पारित करने से बचते हैं। इसमें से अधिकतर गैर न्यायिक सदस्य पूर्व नौकरशाह होते हैं। उनको इस पर विचार करना चाहिए। नई दिल्ली में



केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण 2025 के 10वें अखिल भारतीय सम्मेलन सीजेआई बीआर गवई ने ट्रिब्यूनल और न्याय प्रणाली से जुड़े मुद्दों को लेकर बात की। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह की मौजूदगी में हुए आयोजन में सीजेआई गवई ने कहा कि प्रशासनिक न्यायाधिकरण न्यायालयों से अलग हैं। वे कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच एक विशिष्ट स्थान रखते हैं। उनके कई सदस्य प्रशासनिक सेवाओं से आते हैं जबकि अन्य न्यायपालिका से आते हैं। उन्होंने कहा कि यह विविधता एक ताकत है, जो न्यायिक कौशल और प्रशासनिक अनुभव को एक साथ लाती है। लेकिन सदस्यों को लगातार प्रशिक्षित करने की जरूरत है। साथ ही पात्रता और आचरण के समान मानकों का पालन कराना चाहिए। सीजेआई ने कहा, इससे न्यायिक सदस्य लोक प्रशासन की बारीकियों से परिचित हो सकेंगे, जबकि प्रशासनिक सदस्यों को कानूनी तर्क-वितर्क में प्रशिक्षण जरूरत होगी। मेरी बात को अन्यथा नहीं लिया जाना चाहिए, क्योंकि आपको पता ही नहीं होता कि आप क्या कह रहे हैं और सोशल मीडिया पर क्या आ रहा है। उन्होंने कहा, एक न्यायाधीश के रूप में मैंने व्यक्तिगत रूप से देखा है कि कुछ प्रशासनिक सदस्य या प्रशासन से आने वाले कुछ न्यायाधीश... यह नहीं भूलते कि वे प्रशासन से आते हैं और सरकार के खिलाफ आदेश पारित करने से कतराते हैं। मुझे लगता है कि उन्हें इस पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायिक शिक्षाविदों की नियमित कार्यशालाएं, सम्मेलन और प्रशिक्षण कार्यक्रम इसमें अमूल्य साबित हो सकते हैं। यह न्यायाधिकरण के सदस्यों की प्रभावशीलता को काफी बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा अगर स्पष्ट पात्रता मानदंडों के साथ एक समान नियुक्ति प्रक्रिया लागू की जाती है तो मनमानी के सभी प्रश्न समाप्त हो जाएंगे और नागरिकों का न्यायाधिकरण में विश्वास मजबूत होगा।

# एक साल में 13,520 अराजपत्रित और 406 राजपत्रित अधिकारियों को मिली पदोन्नति, एचआर सुधार का दिखा असर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवान और अधिकारी, दशकों से देश के हवाई अड्डों, उद्योगों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा में तैनात रहे हैं। कठोर अनुशासन, रेजिमेंटेशन और सार्वजनिक जांच के दबाव वाली सेवा की कठिनाइयों के अलावा, उन्हें अनिश्चित पोस्टिंग और परिवारों से दूर रहने जैसी अन्य कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, पदोन्नति साल में केवल एक बार होती थी, वह भी रिक्तियों की उपलब्धता के अनुसार नहीं। पिछले एक साल में, बल के मानव संसाधन (एचआर) ढांचे में सुधार का असर दिख रहा है। इसके चलते एक वर्ष में, 13,520 अराजपत्रित अधिकारियों (एनजीओ) और 406 राजपत्रित अधिकारियों को पदोन्नति मिली है। मानव संसाधन (एचआर) ढांचे में कई साहसिक नीतिगत सुधारों के माध्यम से, सीआईएसएफ ने सात वर्षों में अपना सबसे व्यापक पदोन्नति और पोस्टिंग अभियान शुरू किया है, जिससे हजारों कर्मियों की लंबे समय से लंबित आकांक्षाएं वास्तविकता में बदल गई हैं। 13,520 अराजपत्रित अधिकारियों (एनजीओ) और 406 राजपत्रित अधिकारियों को पदोन्नति मिलने से संगठन की समय पर करियर प्रगति की प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई है। इसका अर्थ है कि पिछले एक वर्ष में बल के लगभग 9त्र कर्मियों को पदोन्नत किया गया, जो पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। %समय पर पदोन्नति केवल एक नए पद के बारे में नहीं है, यह मनोबल, गर्व और अपनेपन की भावना के बारे में है। एक कांस्टेबल, जिसने इस वर्ष एक सुचारू प्रक्रिया के बाद पदोन्नति प्राप्त की, यह बात कही है। अतीत में, सीआईएसएफ में पदोन्नति अक्सर साल में एक बार होने वाली प्रक्रिया से बाधित होती थी, लेकिन 2025 एक महत्वपूर्ण वर्ष रहा है। उल्लेखनीय रूप से, डीआईजी से आईजी रैंक पर पदोन्नति के लिए विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) मॉडल कैलेंडर वर्ष के भीतर ही पूरी हो गई थी। इससे बाद के रैंकों के लिए भी डीपीसी समय पर पूरी होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

# ट्रक ने मारी टक्कर महिला आरक्षी की हुई मौके पर ही मौत

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

वेव सिटी थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे लाल कुआं के पास बड़ा हादसा हो गया। ओम साईं फार्म हाउस के सामने स्कूटी पर सवार महिला कांस्टेबल ट्रक की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही महिला कांस्टेबल की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही वेव सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। जबकि हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुट गई है। मृतक महिला कांस्टेबल की पहचान अनुराधा के रूप में हुई है, जो मुजफ्फरनगर की रहने वाली हैं। गाजियाबाद में तैनाती थी। गोविन्दपुरम से थाना दादरी गौतमबुद्ध नगर जाते हुए हादसा हुआ।



# ट्रांस हिंडन में गंगाजल की सप्लाई में व्यवधान से नागरिक हुए परेशान

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

ट्रांस हिंडन एरिया की कॉलोनियों में गंगाजल की सप्लाई में आए दिन व्यवधान आ रहा है। हालात यह है कि कभी कभी दो-दो दिन तक पानी नहीं आ रहा है। पानी नहीं आने से लोगों को भारी परेशानी आ रही है। पीने के लिए गंगा जल परियोजना के तहत ट्रांस हिंडन एरिया को 15 क्यूसेक पानी की सप्लाई की जाती है जबकि सिद्धार्थ विहार को 5 क्यूसेक गंगाजल की सप्लाई की जाती है। इन 15 क्यूसेक पानी में इंदिरापुरम, वसुंधरा, वैशाली, डेल्टा कॉलोनी को पानी सप्लाई की जाती है। लेकिन पिछले कुछ महीनों से पानी की सप्लाई में लगातार व्यवधान आ रहा है। पहले जल निगम के अधिकारियों की ओर से बताया गया कि अत्यधिक बारिश होने के कारण गंगाजल की सप्लाई में रूकावटें आ रही हैं। अब तक बारिश थम गई है तो फिर व्यवधान क्यों हो रहा है? वसुंधरा सेक्टर-2ए निवासी की माने तो कालोनी में अक्सर पानी की सप्लाई रूक जाती है। गुरुवार सुबह पानी आने के बाद शुक्रवार और शनिवार को पानी की सप्लाई नहीं हुई है। ऐसे में लोगों को कितनी परेशानी झेलनी पडती है, यह समझा जा सकता है। इसी तरह वसुंधरा सेक्टर-4ए, बी, सी में भी लगातार पानी की सप्लाई में व्यवधान आ रहा है। कई कई दिनों तक गंगाजल की सप्लाई नहीं होती है। वसुंधरा सेक्टर-4 ए आरडब्ल्यूए ने सदस्य ने कहा कि नगर निगम के पानी इतना खारा और दुर्गंध युक्त होता है कि उसे पीने के काम में नहीं लाया जा सकता है। पीने के लिए लोगों को पानी खरीदना पड रहा है। कुछ इसी तरह का हाल इंदिरापुरम कॉलोनी का भी है। इंदिरापुरम में ज्यादातर लोग पीने के पानी के लिए कैन खरीदते हैं। यहां गंगावाटर की सप्लाई अक्सर प्रभावित होती है। कई बार नगर निगम से इसकी शिकायत की गई लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)